सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 13 अप्रैल, 2025 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 99, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com



**ऑस्ट्रिया की कंपनियों से भारत में निवेश का आग्रह**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऑस्ट्रियाई कंपनियों से भारत में निवेश करने का आग्रह किया क्योंकि यह नए और उभरते क्षेत्रों में कई अवसर प्रदान करता है। } 14

**जनता से जुड़ें भाजपा के विधायक व सांसद**

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने पार्टी विधायकों एवं सांसदों से जनता से जुड़ने की अपील की। } 16




# पश्चिम बंगाल में हिंसा, तीन की मौत

## ○ मुर्शिदाबाद में वक्फ अधिनियम को लेकर हिंसक प्रदर्शन ○ हाईकोर्ट ने केन्द्रीय बलों की तैनाती के दिये आदेश

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा के सिलसिले में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में स्थानीय तौर पर उपलब्ध लगभग 300 बीएसएफ कर्मियों के अलावा पश्चिम बंगाल सरकार के अनुरोध पर पांच और कंपनी तैनात की गईं। केंद्रीय गृह सचिव ने कहा कि केंद्र स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है, उन्होंने पश्चिम बंगाल को हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया है।

नये कानून को लेकर मालदा, मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में हिंसा भड़क गई थी और पुलिस वैन सहित कई वाहनों में आग लगा दी गई, सुरक्षा बलों पर पथराव किया गया और सड़कें अवरूद्ध कर दी गईं। पुलिस ने बताया कि इन सभी जिलों में छापेमारी की जा रही है और मुर्शिदाबाद में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया हिंसा के सिलसिले में सुती से लगभग 70 लोगों और शमशेरगंज से 41



लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अफसरों ने बताया कि हिंसा प्रभावित इन स्थानों पर शनिवार सुबह स्थिति तनावपूर्ण रही, लेकिन किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और उन स्थानों पर इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं जहां हिंसा हुई थी। एक अधिकारी ने कहा सुती और शमशेरगंज इलाकों में गश्त जारी है। किसी को भी कहीं भी इकट्ठा होने की अनुमति नहीं है। हम कानून और व्यवस्था की स्थिति को बाधित करने के किसी भी प्रयास की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। इस बीच, पुलिस ने बताया कि सुती में झड़प के दौरान कथित तौर पर पुलिस की गोलीबारी में घायल हुए एक नाबालिग लड़के को कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिन जिलों में हिंसा हुई, उनमें मुस्लिम आबादी काफी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ममता बनर्जी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि अगर वह स्थिति को संभालने में असक्षमै है, तो उसे केंद्र से मदद मांगनी चाहिए। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह ज्ञात हो कि यह महज विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि हिंसा का एक पूर्व नियोजित कृत्य था, जिहादी ताकतों द्वारा लोकतंत्र और शासन पर हमला था, जो अपने प्रभुत्व का दावा करने और हमारे समाज के अन्य समुदायों में भय पैदा करने के लिए अराजकता फैलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट कर दिया गया, सरकारी अधिकारियों को धमकाया गया और भय का माहौल बनाया गया, यह सब असहमति की झूठी आड़ में किया गया। ममता बनर्जी सरकार की चुप्पी बहुत हैरान करने वाली है। अधिकारी ने कहा कि हिंसा के पीछे जो लोग हैं, उनकी पहचान की जानी चाहिए, उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए और कानून की सख्त धाराओं के तहत उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती का आदेश दिया। यह जिला वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शनों से कथित रूप से जुड़ी हिंसा से प्रभावित है। मुर्शिदाबाद ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 10 हजार पर्यावरण सखियों को प्रशिक्षित करेगी यूपी सरकार

विशेष संवाददाता



लखनऊ। यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिये सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 10,000 पर्यावरण सखियों को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की योजना बनाई है। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा देगी। सरकार ने कहा कि इस मिशन के तहत प्रेरणा ओजस प्राइवेट लिमिटेड सौर ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल है, जिसमें सौर उत्पाद विनिर्माण, विकेन्द्रीकृत सौर प्रणाली, स्वच्छ खाना पकाने के उत्पाद और सौर खुदरा दुकानें शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए एक अनूठी पहल शुरू की है, जो ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता की नई राह दिखाएगी। सरकार ने कहा कि मिशन का मुख्य ध्यान सौर ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में यह कदम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में लखनऊ में एक सौर उत्पाद निर्माण इकाई शुरू की गई, जबकि 20 जिलों के 207 विकास खंडों में 414 ...शेष पृष्ठ 14 पर

**संक्षेप**

### छत्तीसगढ़ में मारे गये तीन नक्सली

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में सुबह करीब नौ बजे मुठभेड़ शुरू हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी। उन्होंने बताया कि बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों के जिला रिजर्व गार्ड, विशेष कार्य बल, कोबरा (सीआरपीएफ की एक विशिष्ट इकाई, कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) की 202वीं और 210वीं बटालियन के जवान इस अभियान में शामिल थे।

## बाबा साहब की प्रतिमा रखने को लेकर विवाद

### ग्रामीणों के पथराव के बाद पुलिस ने किया लाठीचार्ज व दागे आसूं गैस के गोले



विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के महिंगवा के खंतारी गांव में शनिवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा सरकारी जमीन पर रखने को लेकर विवाद हो गया। इसे हटाने के विरोध में लोगों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरुष एकत्र होकर नारेबाजी करने लगीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन व लैपटॉप को टैरिफ से दी छूट

वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि स्मार्टफोन और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स को जवाबी शुल्क के दायरे से बाहर रखा जाएगा। इस कदम से लोकप्रिय उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की कीमतों को कम रखने में मदद मिलेगी, जो आमतौर पर अमेरिका में नहीं बनते हैं।


इस घोषणा से एप्पल और सैमसंग जैसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को भी फायदा होगा। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग ने कहा कि स्मार्टफोन, लैपटॉप, सेमीकंडक्टर और फ्लैट-पैनल मॉनिटर बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मशीनों जैसी वस्तुओं को भी छूट दी जाएगी। इस फैसले से आम जनता को फायदा होगा, क्योंकि स्मार्टफोन और लैपटॉप जैसी रोजमर्रा की तकनीकी चीजें महंगी नहीं होंगी। इसके ...शेष पृष्ठ 14 पर

## घाटी में मुठभेड़, दो आतंकवादी ढेर

### अखनूर में भी घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सेना का जेसीओ शहीद

एजेंसी

जम्मू। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों द्वारा चलाये जा रहे एक अभियान में दो और आतंकवादी मारे गए हैं। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का अपना संकल्प भी दोहराया। इसके साथ ही पिछले दो दिन से जिले के छत्रू क्षेत्र में जारी अभियानों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। वहीं दूसरी ओर अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) की मौत हो गयी, लेकिन आतंकियों की भारत में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई।



अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि माना जा रहा है कि केरी भट्टल इलाके में भीषण गोलीबारी के बाद आतंकवादी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में वापस चले गए। सेना ने बताया कि शहीद अधिकारी 9-पंजाब के सूबेदार ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर**

**पुण्यतिथि पर दी गयी विनम्र श्रद्धांजलि, बांटे गये प्रसाद और फल, जगह-जगह लगे भंडारे, बीबीडी ग्रुप, सामाजिक, राजनैतिक व खेल जगत की हस्तियों ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को किया नमन**

# आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा के साथ याद किये गये पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता

विशेष संवाददाता













फोटो : समीर भटनागर व अमित वर्मा

लखनऊ। पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार एवं राजधानी लखनऊ के पूर्व मेयर तथा बीबीडी ग्रुप के संस्थापक प्रेरणास्रोत डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उप्र बौडमिंटन एसोसिएशन व यूपी ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास, बीबीडी ग्रुप की वाइस चेयरमैन देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास सहित बीबीडी के कर्मचारियों द्वारा डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। दिल्ली में भी डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही उन्हें श्रद्धाभोज दिया गया। इधर लखनऊ में भी बीबीडी परिसर में कर्मचारियों को श्रद्धाभोज दिया गया। वहीं अखिलेश दास फाउंडेशन की ओर से राजधानी के अम्बेडकर चौराहे पर पुष्पांजलि सभा और भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मार्ग के शिलापट पर भी माल्यार्पण किया गया। बीबीडी कैम्पस स्थित डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में एआई विषय पर इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसके साथ ही परिसर में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। वहीं पर ही गरीब बच्चों के पढ़ने के लिए कम्युनिटी लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही क्लाथ्स डोनेशन कैम्प का उद्घाटन बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास ने किया, जिसमें गरीब बच्चों के लिए कपड़ों का संग्रह तैयार किया गया। वहीं, बीबीडी टाइम्स स्क्वायर पर वीसीपीएल टीम ने भण्डारे का आयोजन किया। फॉक्सवैगन की ओर से गोमती नगर स्थित सागर सोना होटल के सामने विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। सदर स्थित हरिश्चन्द्र इंटर कॉलेज के ग्राउंड में गुरू जी अखाड़े के तत्वावधान में प्रथम डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी मेमोरियल/विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास शामिल हुए।

इस मौके पर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बीबीडी ग्रुप के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि मेरे पिताजी सदैव लोगों की मदद में जुटे रहते थे। उनका मानना था कि एक दूसरे की सहायता करके लोगों के चेहरे पर मुस्कान लायी जा सकती है। उन्हीं की प्रेरणा से हम लोग टीम भावना के साथ आगे बढ़कर समाज की सेवा में तत्पर हैं और जो भी समाज के लिए कर सकते हैं वह सब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बीबीडी परिवार डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी को याद कर रहा है। ऐसे में हम सभी को एक दूसरे की मदद करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है, यही डॉ. दास के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी ने जो रास्ता दिखाया है कि जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद की जानी चाहिए, उसी रास्ते पर चलते हुए समाज की सेवा करता रहूंगा। पुण्यतिथि के मौके पर प्रातः हनुमान सेतु मंदिर पर महेश राठौर द्वारा सुंदरकाण्ड का आयोजन किया गया। दोपहर में जय श्री प्रिया गुप्ता एवं अजय दीप द्वारा संत मदर टेरेसा आश्रम सप्रू मार्ग हजरतगंज में फल वितरण किया गया। दोपहर फॉक्सवैगन व होटल सागर सोना की वर्किंग टीम द्वारा भण्डारा व शर्बत ...शेष पृष्ठ 14 पर

# डॉ.अखिलेश दास गुप्ता की याद में जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम


बीबीडी स्थित कैंपस में ब्लड डोनेशन कैंप एवं लाइब्रेरी का उद्घाटन करते बीबीडी ग्रुप के मुख्य अधिशाषी निदेशक आरके अग्रवाल


बीबीडी परिसर में क्लॉथ डोनेशन कैंप का उद्घाटन करतीं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास


बीबीडी कॉलेज में डॉ . अखिलेश दास गुप्ता की 8वीं पुण्यतिथि पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग


पहलवानों का हाथ मिलाकर सदर में विशाल इनामी कुश्ती दंगल का शुभारंभ करते विराज सागर दास


गदा भेंट कर और माल्यार्पण कर किया गया बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास का सम्मान


डॉ . अखिलेश दास गुप्ता की 8वीं पुण्यतिथि पर आयोजित दंगल में जीत की जद्दोजहद करते पहलवान



बीबीडी कैंपस स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन ए आई इन डिजिटल ग्रोथ का आयोजन


अंबेडकर चौराहे पर डॉ . अखिलेश दास गुप्ता मार्ग पर लगे शिलापट पर किया गया माल्यार्पण



बीबीडी कॉलेज में डॉ . अखिलेश दास गुप्ता के 8 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर रक्तदान करते लोग


अलीगंज हनुमान में डॉ . अखिलेश दास गुप्ता की 8वीं पुण्यतिथि पर सुंदरकाड का पाठ करती भजन मंडली


होटल सागर सोना के बाहरडॉ . अखिलेश दास गुप्ता की 8वीं पुण्यतिथि पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग


संत मदर टेरसा आश्रम में डॉ . अखिलेश दास गुप्ता की 8वीं पुण्यतिथि पर फल वितरण करतीं समाजसेवी

संक्षेप

## आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का केस

**प्रतापगढ़।** पीड़िता के साथ छेड़छाड़ तथा गालीगलौज व जानलेवा धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ग्यारह अप्रैल को आरोपी सज्जन ने उसे गंदे गंदे इशारे किये। आरोपी ने बदनीयती से उसका हाथ पकड़ लिया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने गालीगलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पाइप लाइन तोड़ने का आरोप, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** स्कूल की जमीन पर सबमर्सिबल की पाइप लाइन को प्रधान पर जेसीबी से तोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गयी है। लालगंज थाना के हुलासगढ़ स्थित रमाशंकर इण्टरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य महेश प्रसाद तिवारी ने शनिवार को समाधान दिवस में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बच्चों के पानी पीने के लिए सबमर्सिबल की पाइप लाइन प्रधान द्वारा ग्यारह अप्रैल को जेसीबी से तोड़वा दिया गया। इससे विद्यालय में बच्चों को पीने के पानी की समस्या हो रही है। आरोप है कि प्रधान द्वारा विवादित जमीन पर निर्माण कराया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि शिकायत की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने 2 परिवारों को बिखरने से बचाया

**सिद्धार्थनगर।** महिला थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाने की पुलिस द्वारा किए गए अथक प्रयास के चलते 2 परिवारों को बिखरने से बचाया गया, परिवार परामर्श केंद्र जब/नई-किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत महिला थाना द्वारा 02 परिवार के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवार को बिखरने से बचाया गया। डॉ. अभिषेक महाजन, एसपी सिद्धार्थनगर के निर्देश पर12 अप्रैल को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र नई किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 4 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 2 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 2 परिवार को बिखरने से बचाया गया व 2 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। 02 परिवार को बिखरने से बचाने में महिला थानाध्यक्ष सुशीला यादव, उनि. राम नारायण शुक्ला, हे.का. सत्या त्रिपाठी, हे.का. सविता सिंह व का. नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए भाई ने दी तहरीर

**गोल्हौरा।** बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के गोल्हौरा थाने की पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर चार अज्ञात लुटेरों के खिलाफ हत्या व लूट का मुकदमा दर्ज किया है। आशीष कुमार पुत्र अनिल कुमार ग्राम रमटिकरा थाना गोल्हौरा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मैं गोल्हौरा में स्थित अपनी सराफा की दुकान को शुक्रवार की शाम बंद कर अपने छोटे भाई प्रभंजन के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रहा था जैसे ही अपने गांव के निकट रमटिकरा की तरह घूमा पीछे से एक प्लेटिना बाइक पर सवार चार लोग आए और पीछे से फायर कर दिया। इस फायरिंग में 2 गोली मेरे छोटे भाई प्रभंजन के पीठ में लगी और वह गिर गया। इसके बाद मै रुका तो वह हमसे उलझ गए और हाथपाई करने लगे और डिग्गी तोड़कर डेढ़ किलो चांदी व पचास ग्राम सोना उठा ले गए।

# हनुमान जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**बाबा घुइसरनाथ धाम समेत विविध स्थानों पर भण्डारों में हनुमान भक्तों ने चखा प्रसाद**



**प्रतापगढ़।** हनुमान जन्मोत्सव पर नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में जगह जगह महावीर संत हनुमंत लला का पूजन अर्चन एवं भव्य आरती उतारी गयी। भगवान के जन्मोत्सव पर भण्डारो मे भी सुबह से देर शाम तक हनुमान भक्तो ने प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओ ने देवाधिदेव महादेव एवं श्रीराम दरबार के दर्शन पूजन के साथ हनुमान जी महराज को मत्था टेका। बाबा धाम में सुंदरकाण्ड सेवा समिति के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर भजन एवं संकीर्तन का मनोहारी प्रस्तुतिकरण देखने को मिला। प्रख्यात भजन गायिका महक अवस्थी, राजेश शुक्ल, पं. रविशंकर मिश्र के भजन को सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। वहीं रायबरेली के शिवशक्ति जागरण ग्रुप के द्वारा भजन एवं भाव नृत्य पर जमकर तालियां बजी।

कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता अतुल मिश्र चंदन व शैलेन्द्र मिश्र, अतुल सिंह, अंकुर सिंह, उत्कर्ष सिंह, रोमित सिंह, आनन्द सिंह, शिवम सिंह, आलोक सिंह, गिरजाशंकर पाण्डेय, त्रिभुवन तिवारी ने श्रद्धालुओं को श्रीराम दरबार का चित्र भेंट किया। इस मौके पर डॉ. अमिताभ शुक्ल, लल्लन सिंह, केडी मिश्र, अखिलेश मिश्र, महेन्द्र सिंह, आशुतोष मिश्र, राजू पयासी, सोनू तिवारी, पंकज शुक्ल, आनंद प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. अंजनी अमोघ, मनीष मिश्र, शुभम श्रीवास्तव, मोनू तिवारी आदि रहे। इधर लालगंज बाजार में हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में भव्य हनुमान जी की शोभा यात्रा निकाली गयी। पुष्पवर्षा एवं श्रीरामलला व हनुमान जी महराज के जयघोष के साथ शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी।

श्री हनुमत निकेतन व घुइसरनाथ रोड से निकली शोभा यात्रा का लालगंज प्रतापगढ़ व घुइसरनाथ रोड तथा कालाकांकर रोड के विभिन्न मंदिरों के सामने श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। हनुमान मंदिरो को फूलों की आकर्षक सज्जा में देख भक्त निहाल दिखे। बाबा घुइसरनाथ धाम समेत विभिन्न मंदिरों में निशान चढ़ाये गये। शोभा यात्रा में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, जय कौशल, पं. ब्रजघोष ओझा, चंदन कौशल, रामचंद्र तिवारी, रवि कौशल, डीपी सिंह, शंकरलाल, राजेश मिश्र, जमुना तिवारी, मोहित कौशल, जटाशंकर पटवा, कृपाशंकर पटवा, शुभम जायसवाल, आर्यन पटवा, अनुज केसरवानी आदि शामिल रहे। वहीं नगर में चौक पर पूर्व सभासद ज्ञानचंद्र मोदनवाल, डिग्री कालेज के सामने समाजसेवी केशव मिश्र व अनुराग उपाध्याय, सीएचसी परिसर में अधीक्षक डा0 अरविंद गुप्ता व समाजसेवी मोनू पाण्डेय, संगम चौराहे के समीप अनूप पाण्डेय, बालिका इण्टर कालेज के सामने डॉ. हरिमोहन जायसवाल तथा जंगली वीर बाबा धाम में राजकुमार सिंह, राहुल सिंह व सुनील सिंह मोनू, दिनेश सिंह, संजय सिंह, अरविन्द सिंह के संयोजन में आयोजित भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं तहसील परिसर में स्थित हनुमान जी के मंदिर में अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत निराला के संयोजन में हनुमान जी की भव्य आरती उतारी।

## एसपी ने चौकीदारों को साइकिलें वितरित कीं

**बांसी, सिद्धार्थनगर।** एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने पथरा थाने के ग्राम प्रहरियों चौकीदारों को सायकिल वितरण किया गया, पथरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत के सम्बंधित ग्राम प्रहरियों चौकीदारों को सुरक्षा व कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाएं रखने सहित चौकीदारों के कार्य क्षेत्र में गांवो में घटित होने वाले घटनाओं व होने वाले अपराध पर अंकुश लगाये जाने व अपराधियों के गतिविधियों पर नजर रखते हुए सभी सूचनाएं पुलिस को देने तथा अवगत कराये जाने हेतु आगाह करते हुए निर्देश दिया गया, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने सम्बंधित ग्राम प्रहरियों चौकीदारों से उनकी अपनी समस्याओं से भी रुबरु हुए पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रहरियों चौकीदारों को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए, बाद इसके पुलिस अधीक्षक ने सम्बन्धित चौकीदारो को सरकारी कार्यों में सुविधा योगदान के लिए साइकिले वितरण किया गया, पुलिस अधीक्षक द्वारा साइकिल प्राप्त कर ग्राम प्रहरियों चौकीदारों के चहरे खुशी से खिल उठे, इस अवसर पर थानाध्यक्ष /प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय का कार्य व योगदान सराहनीय रहा, पुलिस अधीक्षक के साथ उपस्थित रही पथरा थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने एसपी के शब्दों का समर्थन करते हुए बल दिया गया।

## डीएम ने किया निर्माणाधीन रिंग रोड का निरीक्षण



**बलरामपुर।** डीएम पवन अग्रवाल द्वारा निमार्णाधीन रिंग रोड का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बहादुरापुर रेलवे क्रॉसिंग के आगे रिंग रोड की एंट्री प्वाइंट को देखा एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने रिंग रोड के प्वाइंट 0.67, प्वाइंट 1.67, प्वाइंट 7.20, प्वाइंट 9.345 पर अंडरपास का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने कास्टिंग कार्य का जायजा लिया, पिलर आदि पर हनी कांबिंग पाए जाने नाराजगी व्यक्त की एवं पाई गई कमियों को दूर किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने रिंग रोड का स्लोप निरंतर मेनटेन किए जाने का निर्देश दिया। इस उपरांत उन्होंने कार्यदाई संस्था एनएच के लैब का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने लैब में कास्टिंग क्यूब का प्रेशर मशीन से क्षमता परखी एवं स्टॉक रजिस्टर, निर्माण सामग्री के टेस्टिंग रिपोर्ट का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें जाने का निर्देश दिया। इस दौरान अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, डीईएसटीओ, तहसीलदार बलरामपुर, एनएच के अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कोर्ट के आदेश पर 6 से अधिक पर केस

**प्रतापगढ़।** कोर्ट के आदेश पर लालगंज पुलिस ने दर्जन भर से अधिक आरोपियो के खिलाफ पीडिता के साथ जमीनी विवाद को लेकर गालीगलौज तथा धमकी व हमले को लेकर केस दर्ज किया है। लालगंज के सांगीपुर वार्ड निवासी आनन्द प्रकाश शुक्ला की पुत्री अनन्या ने कोर्ट से फरियाद में कहा है कि बीती अटठाईस दिसम्बर को रास्ते में विपक्षियो ने अवरोध खड़ा कर दिया। मना करने पर आरोपी वार्ड के ही शिवांश पुत्र रमेश, अशोक, रमेश, दिनेश पुत्रगण राधाकृष्ण, शिवम पुत्र अशोक, अमन पुत्र दिनेश, साधना पत्नी अशोक, वंदना पत्नी दिनेश, योगिता पत्नी राममोहन, अर्चना पत्नी शिवम, सरिता पुत्री अशोक, सोनाली व हर्षिता पुत्रीगण दिनेश ने जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गालीगलौज की। विपक्षियों ने पीडिता को घर के अंदर जान बचाने के लिए दरवाजा बंद करने पर ईट फेंक कर हमला किया। इससे उसके बायें हाथ की अंगुली में फ्रैक्चर हो गया। पुलिस द्वारा जांच के नाम पर केस न दर्ज करने पर पीडिता ने अदालत से फरियाद की। लालगंज सिविल कोर्ट के फरमान पर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अधिवक्ता के साथ मारपीट व गालीगलौज तथा तोडफोड को लेकर तीन नामजद व एक अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के पूरे शिवदीन भेभौरा निवासी अधिवक्ता संतोष कुमार यादव पुत्र रामखेलावन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ग्यारह अप्रैल को विपक्षी तिकोनिया खजुरी निवासी विपिन यादव पुत्र वकील, कमलजीत यादव, सौरभ यादव व एक अज्ञात ने रंजिशन उसके साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियो ने पीडित का चश्मा तोड दिया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विपिन समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## दो के खिलाफ गालीगलौज व धमकी का केस

**प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ पीडित के साथ गालीगलौज तथा जान से मारने की धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। लालगंज के कामापुर सरैंया निवासी विनोद कुमार सिंह पुत्र दानपाल सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सात अप्रैल को सुबह दस बजे विपक्षी गांव के राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजू जायसवाल पुत्र सुन्दरलाल तथा राजू की पत्नी रानी ने रंजिश को लेकर उसे गाली दी। पीड़ित ने मना किया तो आरोपियो ने लाठी डण्डा लेकर उसे दौड़ा लिया। शोर मचाने पर जानलेवा धमकी देते आरोपी चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## गिलौला सीएचसी में गड़बड़ियों का आरोप






**श्रावस्ती (गिलौला)।** जिले के गिलौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक दीपक शुक्ला पर भ्रष्टाचार और गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिलाध्यक्ष हरिओम तिवारी ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। भाजयुमो नेता ने अधीक्षक के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। हरिओम तिवारी ने आरोप लगाया कि उल्टउ गिलौला में तैनात लेखा कर्मी होने के बावजूद अस्पताल का पूरा लेखा-जोखा संविदा कर्मचारियों से कराया जा रहा है। इसके साथ ही फर्जी बिल बनाकर उन्हें चहेते फर्मों से भुगतान कराया जा रहा है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अस्पताल में आने वाली प्रसूता महिलाओं को इलाज के बजाय निजी अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है, जिससे न सिर्फ सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की साख पर असर पड़ रहा है, बल्कि गरीब मरीजों को आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि ग्रेड-1 के डॉक्टर दीपक शुक्ला को अधीक्षक का चार्ज कैसे दे दिया गया, जबकि यह पद ग्रेड-2 या ग्रेड-3 के अधिकारियों के लिए आरक्षित होता है। इससे चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। हरिओम तिवारी ने अधीक्षक पर जिले के उच्च अधिकारियों से मिलीभगत का भी आरोप लगाया और कहा कि पूर्व में कई शिकायतों के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे पूरे तंत्र पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# भारत-नेपाल सीमा पर श्रावस्ती पुलिस का सघन अभियान

जिला संवाददाता (vol)



**श्रावस्ती।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा आपराधिक एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती घनश्याम चौरसिया द्वारा शनिवार को सीमावर्ती क्षेत्रों का सघन भ्रमण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना सिरसिया अंतर्गत चौकी राजपुर मोड़ क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार पुलिस बल के साथ सीमावर्ती जंगलों में व्यापक कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन चेकिंग की गई तथा सीमावर्ती गांवों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक चौरसिया ने मौके पर तैनात अधिकारियों एवं जवानों को नियमित गश्त, सतर्क निगरानी तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमा पार से होने वाली किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि–जैसे तस्करी, घुसपैठ या आपराधिक कृत्य–को रोकने हेतु ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें सहयोगी भावना से कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनता की भागीदारी से ही सुरक्षा तंत्र को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

पुलिस विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें या निकटतम थाने अथवा हेल्पलाइन नंबर पर साझा करें। यह जनसहयोग सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

# सीमा पार से आतंकी घटनाएं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंताजनक : प्रमोद तिवारी



● राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने जेसीओ के बलिदान पर अर्पित की श्रद्धांजलि, गृह मंत्री से जबाबदेही की उठाई मांग

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जम्मू में सीमा पार से खतरनाक आतंकी गतिविधियो को बेहद चिंताजनक करार दिया है। उन्होने जम्मू के अखनूर सेक्टर में आतंकी हमले में जेसीओ के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने इस आतंकी हमले पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की घेराबंदी करते हुए कहा कि धारा तीन सौ सत्तर हटने के बाद इन आतंकी घटनाओं को लेकर वह देश के सामने जबाबदेही तय करें। उन्होने कहा कि बहादुर जेसीओ के देश की हिफाजत मे बलिदान पर फक्र है। उन्होने कहा कि सीमा पार से आतंकवाद को समूल रूप से नष्ट करने के लिए भाषणो से नही बल्कि अब आतंकवाद को भयग्रस्त करने के लिए गोलियों से करारा जबाब दिया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि यह और चिन्ताजनक है कि अब वहां आतंकी हमले फौज तथा पैरा मिलिट्री पर हो रहे हैं। वही राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल मे हुई हिंसा में लोक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने को भी दुर्भाग्यपूर्ण कहा है। उन्होने कहा कि वक्फ कानून पहले भी पास हुए हैं पर इस समय भाजपा इसकी आड़ में देश भर में साम्प्रदायिक आग फैला रही है। उन्होने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार को हर कीमत पर वहां कानून और व्यवस्था के कडे प्रबन्धों के साथ निर्दोष लोगों की जान व सम्पत्ति की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि धार्मिक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी भाजपा हमलावर हो उठी है। उन्होने कहा कि कांग्रेस संविधान के मूल ढांचे को भी कमजोर करने के मोदी सरकार के हर प्रयास को विफल करने के लिए कटिबद्ध है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का यह बयान शनिवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## आयुक्त बस्ती ने डीएम के साथ मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

**सिद्धार्थ नगर।** आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह ने डीएम डॉ. राजा गणपति के साथ माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह ने आर्थो, सर्जरी एवं जनरल मेडिसिन ओपीडी कक्ष को देखा गया। आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती ने ओपीडी में तैनात डॉक्टर से शनिवार के ओपीडी के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। आर्थो में 71 ओपीडी, जनरल मेडिसिन में 129 ओपीडी हुआ है। आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती ने ओपीडी बढ़ाने एवं मरीजो को बाहर की दवा न लिखने व मरीजों को अंदर की दवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्राचार्य मेडिकल कॉलेज द्वारा अवगत कराया गया कि सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके पश्चात आर्थो वार्ड, सर्जरी वार्ड एवं मेडिसिन जनरल वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में तैनात डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ से मरीजों को दी गई दवाइयां/जांच के बारे में जानकारी प्राप्त किया। भर्ती मरीजों से उनको मिल रही इलाज के बारे में जानकारी प्राप्त की। मरीजों ने अवगत कराया कि दवाएं समय से व जांच सुविधा सब अंदर से ही मिल रही है। मरीजो को मिलने वाले भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि मरीजो को भोजन वितरण का कार्य एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। सभी वार्ड में भर्ती मरीजों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती द्वारा मेडिकल कॉलेज में साफ सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य मेडिकल कॉलेज द्वारा अवगत कराया गया कि साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए टेंडर कराया गया है। जिसमें चयनित एजेंसी द्वारा मेडिकल कॉलेज की साफ सफाई अपने स्टाफ द्वारा कराया जाता है।

## वार्षिकोत्सव में मेधावियों को किया गया सम्मानित



**प्रतापगढ़।** कटरा बालीपुर प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं विद्यालय परिसर में नामांकन मेले की भी शुरूआत की गई। वहीं कार्यक्रम में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। प्रधानाध्यापक संतोष मिश्रा ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम में शिक्षिका दीप्ति मिश्रा, नरेंद्र ओझा, आनंद त्रिपाठी, स्मृति मिश्रा और शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

## इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत, अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना परिजनो को हुई तब घर में कोहराम मच गया। कोतवाली देहात के खदेरूआपुर निवासी रामखेलावन मौर्य के पुत्र दिनेश कुमार ने लीलापुर पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार अप्रैल को वह बाइक से अपने पिता रामखेलावन 60 के साथ लालगंज जा रहा था। नेशनल हाइवे प्रतापगढ़ रायबरेली पर सुबह पौने ग्यारह बजे लखपेड़ा बाग के समीप पीछे से तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में रामखेलावन गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के लिए जिला अस्पताल से घायल को स्वरूपरानी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान सात अप्रैल को घायल रामखेलावन की सांसे थम गयी। तहरीर के आधार पर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

## धर्म के पथ को सशक्त बनाने के लिए भगवान ने किया आतताइयों का संहार : आचार्य अनिलेश

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के तिना में हो रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को कंस वध व रूक्मणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथाव्यास आचार्य अनिलेश जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर धर्म के मूल्यों की रक्षा की है। उन्होनें कहा कि कंस की क्रूरता और कुविचार से धरती पर ऋषि मुनियों की तपस्या पर भी आंच आने लगी थी। कथाव्यास जी ने बताया कि भगवान ने धरती पर पाप के भार को कम करने के लिए हर अवतार में आतताईयों का विनाश किया है। वहीं आचार्य अनिलेश जी ने रूक्मणी विवाह प्रसंग का मार्मिक चित्रण करते हुए कहा कि लक्ष्मी स्वरूपा रूक्मणी को भगवान श्रीकृष्ण जी ने स्वीकार कर नारी जीवन को गरिमा प्रदान किया। कथा के दौरान भजन सुनकर भी श्रद्धालु भावविभोर दिखे। कथा के संयोजक पं. योगधर दुबे ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर विपिन दुबे, कौशलेंद्र दुबे, संतोष दुबे, पवन दुबे, बृजेश दुबे, डा. दयाशंकर मिश्र, कमला प्रसाद दुबे, हरिश्चंद्र तिवारी, राम मनोहर यादव, रामचरन, शिवलाल, रामसजीवन, इन्द्रपाल, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, अमर बहादुर आदि रहे।

## थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की सुनीं शिकायतें



**बलरामपुर।** माह के दूसरे शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली लालिया में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने पैमाईश के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने 7 में 1 प्रार्थना पत्र का कराया निस्तारण

**सिद्धार्थनगर।** डीएम डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता व एसपी डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में थाना पथरा बाजार में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के आयोजन अवसर पर फरियादियों की समस्याओ शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए डीएम व पुलिस अधीक्षक ने सम्बन्धित को प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक एवं कड़े निर्देश दिए गए, शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। शनिवार थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में थाना पथरा बाजार में थाना समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने सुना। ज्यादातर प्रकरण भूमि विवाद एवं नाली से संबधित था। समस्त राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर दोनों पक्षों को सुनकर सही ढ़ग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय को अधिक विवादित प्रकरण में टीम गठित कर हल्का लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को मामले का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। सभी हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक को साथ लेकर मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा/पट्टा प्रकरणो को ग्रामवासियों का बयान लेकर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणो को निस्तारण कराकर ही लौटे, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा किया है तो उसके विरूद्ध हल्का लेखपाल मुकदमा दर्ज कराये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आये सभी शिकायतकताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में मिलकर रहे। किसी प्रकार का लड़ाई-झगड़ा न करे। जो भी प्रकरण आये है उसका निस्तारण मौके पर जाकर राजस्व के अधिकारी कर्मचारी करायेंगे। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर कुल 7 शिकायती प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें से 1 प्रार्थना पत्र का निस्तारण डीएम ने मौके पर ही करा दिया शेष प्रार्थना पत्रों को अविलंब स्थलीय निरीक्षण सत्यापन कर पक्षों के उपस्थिति में निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया।

संक्षेप

## दो मासूम हुए हमलों का शिकार

**बरेली।** शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कुत्तों और बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में दो अलग-अलग घटनाओं में एक किशोरी और एक किशोर जानवरों के हमले का शिकार हो गए। दोनों बच्चों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।पहली घटना थाना सुभाष नगर क्षेत्र के शांति विहार की रहने वाली 10 वर्षीय पंखी शर्मा पर उस समय हमला हुआ जब वह सुबह घर के बाहर खेल रही थी। तभी एक कुत्ता आया और उसके बाएं पैर पर हमला कर दिया।

बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।दूसरी घटना अलीगंज के गांव अखा निवासी 8 वर्षीय अरविदा पर घर के अंदर खेलते समय बंदर ने हमला कर दिया। बंदर के काटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे भी तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है।,

# सम्राट अशोक के पदचिन्हों पर चल रहे है पीएम मोदीः केशव मौर्य

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिस तरह से प्रियदर्शी सम्राट अशोक ने बुद्धम शरणम गच्छामि के बाद अपने साम्राज्य की सीमा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे ठीक वैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सीमा सुरक्षा के लिए काम किया है। उन्होने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव फर्जी पीडीए की बात करते है उनके पीडीए

● सपा पर बरसे केशव मौर्य

का मतलब है "परिवार डेवलपमेंट एजेंसी।₹ सपा सरकार से परिवार और गुण्डा माफियाओं को छोड किसी का उत्थान नही हुआ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को कुशीनगर में थे। वह पडरौना नगर के जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण मे राष्ट्रीय कुशवाहा शाक्य सैनी मौर्य महासभा द्वारा सम्राट अशोक के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सम्राट अशोक की तरह पूरी जिम्मेदारी के साथ ईमानदारी से अपने कर्तव्यों को पूरा कर रहे हैं और लगातार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। सम्राट अशोक की न्याय व्यवस्था को देश के प्रधानमंत्री मोदी साकार करते हुए दुनिया को शांति का संदेश भी दे रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मंच से प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमने दुनिया को युद्ध नहीं, बुद्ध दिया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में महान अशोक के सुशासन का अनुसरण करने वाला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रुप में देश को मिला है। उन्होने वर्ष 2014 से अब तक तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी के कार्यो का बखान करते हुए तमाम योजनाओ व उपलब्धियो को गिनाया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज से भेदभाव को खत्म करने के लिए सम्राट अशोक के पद चिन्हों पर चलते हुए आगे बढ रहे है, वह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का मंत्र धारण कर हर वर्ग के उत्थान मे जुटे है। डिप्टी सीएम ने विपक्ष को आडे हाथो लेते हुए कहा कि जहां सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकार होती है वहा बिजली आती नही, और जहां भाजपा की सरकार होती है वहा बिजली जाती नही। मौर्य ने सपा के परिवार डेवलपमेंट एजेंसी वाली पीडीए की धज्जियाँ उडाने का आह्वान करते हुए 2027 में उत्तर प्रदेश मे पुनः भाजपा को भारी बहुमत से सरकार बनाने के लिए कार्यकताओं में जोश भरा। इससे पहले सांसद, विधायक ने अपने विचार रखे वही कार्यक्रम के संयोजक नथुनी कुशवाहा ने सभी अथितियो का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व ध्वजारोहण के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन अनूप मिश्रा ने किया। इसके पू

### भाजपा नेता के माता-पिता के मूर्ति का किया अनावरण

सम्राट अशोक के कार्यक्रम से पूर्व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पडरौना नगर के भारतीय इंटर कालेज पहुचे, जहां वह भाजपा नेता व कार्यक्रम के संयोजक नथुनी कुशवाहा के माता-पिता ( स्वर्गीय बन्नी देवी व उमाशंकर कुशवाहा) के मूर्ति का अनावरण किया। यहा विद्यालय के संस्थापक व भाजपा नेता नथुनी कुशवाहा व प्रधानाचार्य नबेन्दु भूषण सहित विद्यालय के शिक्षको ने उप मुख्यमंत्री को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल,खड्डा विवेकानंद पाण्डेय, हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोला विधायक विनय गोड, फाजिलनगर विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नर्सिंग होम की लापरवाही से गर्भवती महिला की मौत

**बहराइच।** जिले के नर्सिंग होम में कथित लापरवाही के कारण एक गर्भवती महिला की मौत के मामले में अस्पताल संचालक एवं महिला चिकित्सक सहित तीन चिकित्सकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अस्पताल का संचालन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य के चिकित्सा विभाग से जुड़े अधिकारी ने शनिवार को उक्त जानकारी दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय शर्मा ने शनिवार को बताया कि थाना कोतवाली देहात अंतर्गत शाहजोतपुर में नंदिनी अस्पताल के नाम से एक अपंजीकृत नर्सिंग होम संचालित हो रहा था। श्रावस्ती जिले के सूरज तिवारी ने सीएमओ कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपनी गर्भवती बहन मन्ना देवी को प्रसव के लिये नंदिनी अस्पताल में 29 मार्च को भर्ती कराया था, महिला का ऑपरेशन किया गया और अस्पताल के चिकित्सकों की लापरवाही से 30 मार्च को महिला की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि अस्पताल के संचालक चिकित्सक डी. के. विश्वकर्मा को नोटिस जारी कर अस्पताल व कार्यरत चिकित्सकों को तलब किया गया, जवाब न आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन अप्रैल को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया तो नर्सिंग होम संचालक सरकारी वाहन देखते ही ताला बंद कर फरार हो गये। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि महिला के परिवार की तहरीर पर आठ अप्रैल को अस्पताल संचालक चिकित्सक डी. के. विश्वकर्मा, चिकित्सक आर. के. सिंह व महिला चिकित्सक प्रीति शर्मा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।सीएमओ ने बताया कि नर्सिंग होम संचालक ताला बंद कर फरार हैं। नर्सिंग होम को सील करने की संस्तुति की जा चुकी है।

## दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शहर में चला चेकिंग अभियान



**देवरिया ।** यातायात निदेशालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे 15 दिवसीय अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर के निर्देशन में आज दिनांक 12.04.2025 को यातायात प्रभारी देवरिया श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत पुरवा चौराहे पर दो पहिया वाहनों पर बिना हेलमेट के चलने वाले तथा ईझरिक्शा वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर गलत दिशा में वाहन चलाने वालों, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, गलत नंबर प्लेट एवं बिना फिटनेस के सम्बन्ध में चेकिंग की गयी और ई-रिक्शा/आटो के दाहिने तरफ लोहे का रॉड लगाने हेतु बताया गया और यातायात नियमों का पालन न करने वाले 69 वाहनों का एम वी एक्ट में चालान व 09 वाहनों को सीज भी किया गया । साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने व हेलमेट पहनने हेतु जागरुक किया गया इस प्रकार की कार्रवाई से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है ।दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है ।वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रामम‍य हुई नाथ नगरी, जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा शहर...



**बरेली।** हनुमान जन्मोत्सव पर शहर भक्ति, उल्लास और आस्था से सराबोर नजर आया। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी की जन्मोत्सव के अवसर पर नाथ नगरी राममय हो उठी। शहर की गलियों से लेकर बड़े-बड़े मंदिरों तक जय श्री राम और जय हनुमान के उद्घोष गूंजते रहे। हर कोना भगवा रंग में रंगा दिखा और भक्ति की अलौकिक लहर हर दिशा में बहती रही। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से भव्य शोभा यात्राएं निकाली गईं। बैंड-बाजों, झांकियों और केसरिया ध्वजों से सजे इस धार्मिक कारवां में श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम और बजरंग बली का गुणगान किया। हाथों में भगवा पताकाएं, सिर पर पगड़ी और मुख से रामनाम की धुन झ मानो पूरी बरेली राम की भक्ति में डूबी हो। इसी कड़ी में पुलिस लाइन स्थित हनुमान मंदिर में हुए विशेष आयोजन में पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी भी भक्तिभाव से शामिल हुए। भंडारे के प्रसाद में एडीजी जोन रमित शर्मा, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक समेत तमाम अधिकारी शामिल हुए और प्रसाद का आनंद लिया ।इसके अलावा पीलीभीत बायपास स्थित गार्डन सिटी के हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाकर अपने को धन्य समझा। इसी तरह मारवाड़ी गंज से निकली शोभा यात्रा ने शहर में भक्ति का माहौल और गहरा कर दिया। रामपुर बाग से निकली यात्रा सिविल लाइंस के हनुमान मंदिर पर सम्पन्न हुई। बड़ा बाग स्थित हनुमान मंदिर, मॉडल टाउन का श्री हरि मंदिर, श्री रामायण मंदिर, राजेंद्र नगर का बांके बिहारी मंदिर, केंट का धोपेश्वर नाथ मंदिर, अलखनाथ मंदिर, रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम सहित शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और पूर्ण श्रद्धा से मनाया गया। हर मंदिर में भजन, कीर्तन, पूजा और भंडारे का आयोजन हुआ ।भक्ति की इस गंगा में समाजसेवी और जनप्रतिनिधि भी पीछे नहीं रहे। इस दौरान कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, महापौर डॉ. उमेश गौतम और भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, रवि छाबड़ा, अनिल अरोड़ा, विजय गुप्ता, संजीव चांदना, गोविंद तनेजा, तिलक राज, दिनेश अरोड़ा, देवकीनंदन जोशी, सहित अनेक गणमान्य जनों ने आयोजनों में शामिल रहे।

# बाढ़ खंड अधिकारी की पिटाई पर पुलिस की चुप्पी

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** जिले के जटहा बाजार थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। पीपी तटबंध पर ओवरलोड बालू

● खनन माफियाओं का आतंक

कारोबारियों द्वारा बाढ़ खंड के एक अधिकारी की कथित पिटाई की घटना ने न केवल खनन माफियाओं के बढ़ते दुस्साहस को उजागर किया है, बल्कि पुलिस की निष्क्रियता और प्रशासनिक अधिकारियों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

### घटना का विवरण

चतुर्थ बाढ़ खंड के सहायक अभियंता विवेक त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे वह मेठ विंध्याचल के साथ कटाई भरपुरवा तटबंध का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक ओवरलोड बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर चालक को मुख्य सड़क से जाने की हिदायत दी। उन्होंने बताया कि ओवरलोड वाहनों से तटबंध को नुकसान पहुंच रहा है। इसके बाद दूसरी गाड़ी के चालक को भी रोका गया, जिसने फोन पर किसी को सूचना दी। कुछ ही देर में 8-10 लोग मौके पर पहुंचे और अभियंता के साथ गाली-गलौज व मारपीट शुरू कर दी।

पीड़ित अधिकारी ने इस घटना से मानसिक आघात और भविष्य में अनहोनी की आशंका जताई है। उन्होंने जटहा बाजार थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस की सुस्ती पर सवाल

हैरानी की बात है कि घटना के एक दिन बाद भी जटहा बाजार पुलिस ने इस मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पुलिस की इस देरी ने स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों में नाराजगी पैदा कर दी है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या खनन माफियाओं का प्रभाव पुलिस प्रशासन पर हावी है.? इस निष्क्रियता ने माफियाओं के हौसले और बुलंद किए हैं।

### खनन माफियाओं का बेलगाम दबदबा

कुशीनगर में अवैध बालू खनन लंबे समय से एक गंभीर समस्या बना हुआ है। खड्डा तहसील के मदनपुर, भेड़िहारी, भैंसहा, पनियहवा, कटाई भरपुरवा सहित दर्जनों घाटों पर अवैध खनन जोरों पर है।

कप्तानगंज, हाटा, कसया और तमकुहीराज तहसील क्षेत्रों में भी माफिया बेखौफ होकर नदियों और तटबंधों से बालू निकाल रहे हैं। ओवरलोड वाहनों के जरिए बालू की ढुलाई न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि तटबंधों की संरचना को भी कमजोर कर रही है। स्थानीय लोग बताते हैं कि माफियाओं का दबदबा इतना बढ़ गया है कि वे सरकारी अधिकारियों को भी धमकाने से नहीं चूकते।

### तटबंधों की सुरक्षा खतरे में

पीपी तटबंध कुशीनगर और आसपास के क्षेत्रों के लिए बाढ़ से बचाव की जीवनरेखा है। ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से तटबंध पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है, जिससे इसके क्षतिग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है।

बाढ़ खंड के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई, तो तटबंध की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

इस घटना ने स्थानीय लोगों में भारी रोष पैदा किया है।

उनका कहना है कि जब सरकारी अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा.? कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि खनन माफियाओं को स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली लोगों और सफेदपोशों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते वे बेरोकटोक अपनी गतिविधियां चला रहे हैं।

## नशे में धुत बेटे ने काट दी बाप की गर्दन, मां पर भी किया हमला, आरोपी हिरासत में

**बरेली।** एक कलयुगी बेटे ने रिश्तों को कलंकित किया है। यहां एक बेटे ने पिता की हंसिया से गर्दन काटकर हत्या कर दी। इसके साथ ही मां को भी घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। देहात की नवाबगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के इनयातपुर गांव में शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपने पिता की धारदार हथियार से हत्या कर दी। युवक ने हंसिया से वार किया था। जिससे उनकी गर्दन कट गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया। मृतक लालाराम (65) के मौसेरे भाई रविंद्र प्रकाश ने बताया कि लालाराम का बेटा छत्रपाल आए दिन शराब के नशे में अपनी पत्नी अनीता से मारपीट करता था। वह घटना वाले दिन भी नशे की हालत में पत्नी से झगड़ा कर रहा थाआरोपी की मां रामदेई बीच बचाव करने आईं, तो उनके हाथ में हंसिया मारकर घायल कर दिया। घायल रामदेई को देख पिता लालाराम ने बीच-बचाव कर समझाने की कोशिश की, तो छत्रपाल आग बबूला हो गया। बताया जाता है कि बंटवारे को लेकर बहस करने लगा। इसी दौरान उसने गुस्से में आकर हंसिया से पिता की गर्दन पर वार कर दिया। जिससे लालाराम लहूलुहान और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों की मदद से लालाराम को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई।

# अमेरिकी टैरिफ को लेकर चावल नगरी रिछा के मिलर्स चिंतित

**देवरनियां/रिछा, बरेली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ को लेकर उद्योग से जुड़े लोगों में चिंता बढ़ने लगी है। सबसे ज्यादा चिंतित देश-विदेश में बासमती चावल की खुशबू बिखेरने वाली चावल नगरी, रिछा के मिलर्स हैं। टैरिफ लगने से अन्य देशों में चावल निर्यात नहीं हो सकेगा, जिसका सीधा असर मिलर्स पर पड़ेगा। अतहर हुसैन नियाजी गुट वाली पहली राइस मिल एसोसिएशन ने इस संबंध में बैठक की और भारत सरकार से दखल की मांग की ।जिले की सबसे पुरानी नगर पंचायत होने का गौरव हाई करने वाली नगर पंचायत रिछा में 65 राइस मिलें हैं। यह चावल नगरी के नाम से मशहूर है। यहां का बासमती चावल देश-विदेश में जाता है। इसे चावल का हब भी कहा जाता है। पीलीभीत शहर को जाने वाले रिछा-जहानाबाद मार्ग किनारे स्थित राइस मिलों से एक वर्ष में करोड़ों रुपए का राजस्व सरकार को होता है इसके अलावा बिजली व अन मदों ? से अलग। सामाजिक कार्यों और जनहित के काम में भी यहां के मिलर्स सहयोग करते हैं।अमेरिकी टैरिफ को लेकर रिछा राइस मिलर एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) के अध्यक्ष अतहर हुसैन की अध्यक्षता में मिलर की बैठक हुई, जिसमें कहा गया कि अमेरिका द्वारा भारत पर 27 परसेंट टैरिफ लगाने से भारत में चावल निर्यात पर जबरदस्त असर पढ़ेगा। क्योंकि अन्य निर्यातक मुल्कों के तरह भारत का चावल टैरिफ लगने से महंगा पड़ेगा और चावल महंगा होने के कारण गल्फ कंट्री भारत का चावल नहीं खरीदेंगे। जिसका सीधा-सीधा असर राइस उद्योग पर पड़ेगा।

इस कारण राइस मिलर पूरी तरीके से खिलाफ हो जाएगा ।राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी का कहना है कि अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने से जब चावल निर्यात ही नहीं होगा तो हमारी राइस मील पूरी तरह से बंद हो जाएगी और भारत का चावल निर्यात भी बुरी तरीके से फ्लॉप होगा। और चावल निर्यात पर जबरदस्त असर पडेगा ।राइस मिल एसोसिएशन नदीम गुड्डू और राशिद नियाजी का कहना है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के कारण किसान को भी उसकी फसल का पूर्ण मूल नहीं मिल सकेगा। क्योंकि जब चावल निर्यात ही नहीं होगा, तो किस के फसल के भी पूरे पूरे दाम नहीं मिलेंगे ।मिलर्स ने भारत सरकार से इसमें दखल की मांग की है ।₹करीब 3.15 लाख मेट्रिक टन बासमती चावल अमेरिका को 2023-24 में एक्सपोर्ट हुआ था, टैरिफ आने के बाद जो कंसाइनमेंट चावल के यूएस गए थे उनको लेकर विवाद शुरू हो गया है। इसके साथ ही यूएस के पास जो चावल एक्सपोर्ट होता है, उसमें एमआरएल दूसरे देशों ने कम कर दिया है और वहां डॉलर का रेट भी मजबूत है। अमेरिका के नजरिए से इससे भारत के बासमती चावल की डिमांड कम हो सकती है और चावल मार्केट पड़ोसी देशों की तरफ शिफ्ट हो सकता है। इसका सीधा असर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब पर पड़ेगा।

## शराब पीने को रुपए न देने पर युवक पर किया जानलेवा हमला, केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली अंतर्गत मुहल्ला कटरा बाजार निवासी प्रिंस पुत्र रामकिशोर ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार सुबह 11 बजे उसका छोटा भाई आयुष तुवन मंदिर के पास अपने दोस्त लकी के साथ बाइक सुधरवाने आया था, तभी विनय यादव पुत्र राजू यादव, राजा भैया पुत्र राजू, गुल्लू पुत्र अज्ञात एवं दो अज्ञात साथियों सहित आए और सभी लोगों ने आयुष को पकडकर शराब पीने के लिए दो हजार रुपयों की माँग करने लगे, मना करने पर विनय यादव निवासी तालाबपुरा ने लोहे की रॉड लेकर जान से मारने के इरादे से आयुष के सिर में मारी, उससे बचने के लिए हाथ आगे किया तो हाथ पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए, जिससे आयुष के हाथ व सिर में गम्भीर चोटें आई है, सभी लोगों ने धमकी दी कि यदि रिपोर्ट की तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे, मौके पर कई लोगों ने घटना देखी, हमलावर अपराधी हैं, जिनसे उसे जानमाल का खतरा है, जिस पर सदर कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपियों और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 119(1), 115(2), 351 (3) के तहत मुकदमा पंजीकृत करके एक नामजद आरोपी को हिरासत में ले लिया है, वहीं अन्य हमलावरों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# ऑपरेशन कब्जामुक्ति के तहत डीएम पहुंची रुद्रपुर के ग्राम बारडीहा

**देवरिया।** ऑपरेशन कब्जामुक्ति के तहत जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल आज रुद्रपुर तहसील की ग्राम पंचायत बारडीहा पहुंचीं, जहाँ उनकी पहल पर ग्रामीणों ने अपना अतिक्रमण हटाया व मार्ग के लिए स्वेच्छा से अपनी भूमि भी दान की, जिससे एक दर्जन से अधिक परिवारों को पहली बार मार्ग मिला और 40 साल पुराने विवाद का समाधान हुआ। जिलाधिकारी ने इसमें सहयोग करने वाले समस्त ग्रामीणों को सम्मानित किया। ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों ने अद्भुत मिसाल पेश की। व्यक्तिगत हित के ऊपर सामूहिक हित को वरीयता दी है। इस कार्यवाही से गांव के लोगों के लिए सामूहिक उपयोग का मार्ग प्राप्त हुआ है।

- ग्रामीणों ने स्वप्रेरणा से हटाए कब्जे, मार्ग के लिए स्वेच्छा से किया भूमिदान
- डीएम ने इस पहल के लिए ग्रामीणों को किया सम्मानित*
- ऑपरेशन कब्जामुक्ति के अंतर्गत अबतक 501 ग्रामों में 885 से अधिक हट चुके हैं अतिक्रमण
- पूर्णतया शांतिपूर्ण संचालित है ऑपरेशन कब्जामुक्ति, स्वप्रेरणा से लोग हटा रहे हैं अवैध कब्जे

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि ऑपरेशन कब्जामुक्ति अभियान को जन सहभागिता के माध्यम से बड़ी सफलता मिली है। अब तक जिले के 501 ग्रामों में 885 से अधिक गाटों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। सलेमपुर तहसील में 138 ग्रामों के 180 गाटे, रुद्रपुर तहसील में 111 ग्रामों के 174 गाटे, देवरिया सदर तहसील में 93 ग्रामों के 201 गाटे, बरहज तहसील में 82 ग्रामों के 190 गाटे तथा भाटपाररानी तहसील में 77 ग्रामों के 140 गाटे कब्जा मुक्त कराए जा चुके हैं ।समूचा अभियान पूर्णतया शांतिपूर्ण रहा और लोगों का अपार समर्थन मिला। कहीं भी बल प्रयोग की स्थिति नहीं आई और लोगों ने स्वप्रेरणा से अपने कब्जे हटाए अभियान के तहत कई ऐसे मार्गो से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया जो लोगों के स्मृति से ही लुप्त हो चुके थे। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने ग्राम प्रधानों, जनपदवासियों व राजस्व कर्मियों को बधाई दी। इस अवसर पर एसडीएम रुद्रपुर हरिशंकर लाल, तहसीलदार चंद्रशेखर सहित विभिन्न अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

*ऑपरेशन कब्जा मुक्ति से सुलझे वर्षों पुराने मामले, हजारों लोगों को मिले आवागमन के नए मार्ग*





ऑपरेशन कब्जामुक्ति अभियान न केवल भूमि को कब्जामुक्त करने में सफल रहा, बल्कि जनता के सहयोग से वर्षों पुराने विवादों और अव्यवस्थाओं को भी समाप्त कर ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है।

तहसील भाटपाररानी के राजस्व ग्राम रघुनाथपुर में स्थित चकमार्ग संख्या 184 से अतिक्रमण हटाया गया। इस कार्रवाई से ग्राम कोढिलवा, धरहनिया, रुस्तम बहियारी एवं सुकवा की लगभग 10,000 की आबादी को सलेमपुरझमैरवा मुख्य मार्ग से जोड़ने का मार्ग सुलभ हो गया। साथ ही, स्थानीय लोगों के लिए सोहगरा धाम की दूरी भी कम हो गई, जिसका लाभ हजारों श्रद्धालुओं को मिलेगा।

सलेमपुर तहसील के राजस्व ग्राम पुरैना में चकमार्ग गाटा संख्या 240 पर लगभग 70 वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जे को जनसहयोग से हटाया गया। यह मार्ग पुरैना, जमुआ, जमई और पातालपुर कोल्हुआ गांवों को सीधे देवरियाझसलेमपुर बाईपास से जोड़ेगा ।ग्राम खरदहा घनश्याम के गाटा संख्या 127 पर चकबंदी से पूर्व का अवैध कब्जा भी हटाया गया। इससे क्षेत्र के पांच गांवों की लगभग 7,000 की आबादी को मुख्य मार्ग से जोड़ने की सुविधा प्राप्त हुई। वहीं, पिंडी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ने वाले चकमार्ग से भी कब्जा हटाया गया, जिससे इलाज हेतु जाने वाले लोगों को सुगमता होगी ।रुद्रपुर तहसील के ग्राम विट्ठलपुर में चकमार्ग गाटा संख्या 190, 204, 210 और 225 पर जोत के रूप में वर्षों से कब्जा था, जिसे कब्जेदारों द्वारा स्वप्रेरणा से खाली कराया गया। इससे विट्ठलपुर, मठिया, भरोहिया एवं सोनबरसा गांवों के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो गया, जिससे लगभग 3,500 लोग लाभान्वित होंगे ।ग्राम बांकी सिंगही के गाटा संख्या 743 पर स्थित चकमार्ग से भी अवैध कब्जा हटाया गया। इस मार्ग के साथ-साथ भूमिगत नाली का भी निर्माण कराया गया, जिससे आवागमन व जल निकासी की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया ।बरहज तहसील के ग्राम बनकटिया में गाटा संख्या 37 का चकमार्ग चकबंदी के समय से ही कब्जे में था। इस कब्जामुक्ति से मिजार्पुर, खेरिया और मोहांव के लगभग 4,500 लोग लाभान्वित हुए हैं तथा विद्यालय का आवागमन भी सुचारु हो गया है ।देवरिया तहसील के ग्राम चरियांव बुजुर्ग में चकमार्ग गाटा संख्या 740 पर जोत के रूप में कब्जा था। वहां पिछले 12 वर्षों से सीमांकन को लेकर विवाद चल रहा था। जनसहयोग से मार्ग को कब्जामुक्त कर विशुनपुरा व चरियांव बुजुर्ग के लगभग 1,500 लोग गौरी बाजारझहाटा मुख्य मार्ग से जुड़ सकेंगे। साथ ही सीमांकन विवाद भी आपसी सहमति से समाप्त हो गया।

भाटपाररानी तहसील के ग्राम बंगरा में खलिहान की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। इस कार्रवाई से लगभग 1,500 लोगों को लाभ मिलेगा। स्थानीय जनता इस भूमि का उपयोग वैवाहिक या सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए कर सकेगी।

## अपमान सहन नहीं कर सका युवक, लगायी फांसी

**ललितपुर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम सतरवांस निवासी भारती अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 8 अप्रैल को शाम करीब 6 बजे गांव के रामभरत पाराशर, केदार, गब्बर व ध्रुव पुत्रगण रामेश्वर एकराय होकर उसके घर आये और गालियां देते हुये उसके पति को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। बताया कि उसके पति के साथ लाठियों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर उसने अपने जेठ राजेन्द्र, मुन्नालाल, पुनु व मुकेश ने बीच-बचाव किया। इस हमले में घायल उसके पति को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे झांसी और फिर ग्वालियर रेफर किया गया। बताया कि ग्वालियर से केदार उसके पति को जबरन घर वापस ले आया और डराते-धमकाते हुये उसके यहां मजदूरी करने के दबाव बनाया। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुये फिर से अपमानित किया। जातिसूचक शब्दों के लगातार प्रयोग से किये जा रहे अपमान को उसका पति सहन नहीं कर सका और उसके पति ने संदिग्धावस्था में फांसी लगा ली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3), 108 व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बिना कागजात ई-रिक्शा चालकों पर गिरी गाज

**सोहावल-अयोध्या।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर ई रिक्शा चालकों के खिलाफ चलाए जा रहे जांच अभियान के तहत शनिवार को परिवहन विभाग ने सोहावल चैराहा, टोल प्लाजा सहित आसपास के क्षेत्र में ई-रिक्शा चालकों पर जांच पड़ताल के दौरान जबरदस्त गाज गिरी। अचानक शुरू हुए जांच पड़ताल के चलते ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मचा रहा।

संक्षेप

## इमली का पेड़ आंधी तूफान से गिरा

लहरपुर/सीतापुर। बीती रात क्षेत्र में आए आंधी तूफान से एक विशालकाय पेड़ के मकान पर गिर जाने से मकान व बाइक क्षतिग्रस्त एवं एक भैंस गंभीर रूप से घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकरैला मजरा तारनपुर निवासी मदनलाल के घर के सामने एक विशालकाय प्राचीन इमली का पेड़ संजय तिवारी का लगा था जो की शुक्रवार देर रात आए आंधी तूफान में जड़ से उखाड़ कर मकान पर गिर गया जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया और मकान के बाहर खड़ी बाइक भी पेड़ के चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गई। मदनलाल ने आरोप लगाया है कि मकान के बाहर दरवाजे पर उसकी भैंस बंधी थीं जो पेड़ के गिरने से बुरी तरह घायल हो गई, उन्होंने बताया कि 90000 रुपए कीमत की भैंस के दोनों पैर व रीड की हड्डी टूट जाने से उसकी मरणासन्न स्थिति हो गई। मदनलाल ने पुलिस से जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पेड़ गिरने की सूचना मदन लाल के द्वारा तहसील प्रशासन को भी दे दी गई है।

## मेड़ को तोड़कर अपने खेत में मिलाने पर केस दर्ज

लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मरसंडा में दबंगों के द्वारा खेत की मेड़ को तोड़कर अपने खेत में मिलाने पर पुलिस ने दर्ज किया अपराध। प्राप्त जानकारी के अनुसार उषा देवी निवासिनी ग्राम मरसंडा ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपराध दर्ज कराया है कि, उसके खेत गाटा संख्या 455 रकबा 0.769 हेक्टेयर की पक्की पैमाइश का आदेश विगत 14-6-2024 को हुआ था तभी राजस्व निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ मेड़ बंदी कराई गई थी, जिसे विद्युत 8 फरवरी को पुनः कमलेश उर्फ गुड्डू, उम्मेद, धनंजय निवासी उपरोक्त ने मेड़ को तोड़कर अपने खेत में मिला लिया है। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि, पीड़िता की तहरीर पर अपराध दर्ज कार्यवाही की जा रही है।

## प्रधान की तहरीर पर केस दर्ज

लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर में पापुलर के 40 पेड़ों के काटे जाने पर ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया अपराध। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशुनपुर ग्राम प्रधान अशोक ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपराध दर्ज कराया है कि गांव में स्थित गाटा संख्या 1395 , 0.170 हेक्टेयर नवीन परती व गाटा संख्या 1393, 0.380 हेक्टेयर रास्ते की भूमि है जिसके कुछ भाग पर लगे हुए पॉपुलर के 40 पेड़ों को विगत 23 मार्च को कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा काट लिया गया था मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आकर काटे गए पेड़ों की लकड़ी को मेरी सुपुर्दगी में दिया गया था, बाद में जानकारी करने पर पता चला कि उक्त पॉपुलर के पेड़ों को रामखेलावन निवासी ग्राम पकरिया पुरवा मजरा सुल्तानपुर तकिया व सियाराम निवासी किशुनपुर के द्वारा काटा गया था, जिनके विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि, ग्राम प्रधान अशोक की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## भिठौरा में किसान ने देखा बाघ, मिले पगचिह्न

सीतापुर। पिसावां क्षेत्र के भिठौरा गांव में एक किसान का बाघ से सामना हो गया। बाघ को देखते ही उसके हाथ पांव फूल गए। किसान ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को बाघ देखने की सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कांबिंग शुरू की है। वन विभाग के अनुसार मिले पगचिन्ह तेंदुवे के हैं। क्षेत्र के भिठौरा गांव निवासी चश्मदीद सुंदरलाल ने बताया कि वह शुक्रवार की रात अपने खेत में सिंचाई के लिए पड़ी पाईप को देखने के लिए बाइक से गया था। जैसे ही वह खेत के निकट स्थित खड़ंजे पर पहुंचा कि तभी बाइक की रोशनी में उसने सामने बाघ खड़ा देखा। बाघ को सामने देख उसके हाथ पांव फूल गए। घबड़ाकर वह वापस गांव आकर लोगों को बाघ होने की सूचना दी।शनिवार ग्रामीण पूर्व प्रधान अमित भदौरिया के साथ लाठी डंडों से लैस होकर बताए हुए स्थान खेतों की तरफ गए। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी। किसान की बात बिल्कुल सच निकली।ग्रामीणों ने खेत की मेड़ पर बाघ के पंजों के निशान देखे। वन दरोगा विनीत सक्सेना ने मौके पर पहुंच कर पगचिन्ह की पड़ताल की। उन्होंने बताया कि पगचिन्ह तेंदुए के प्रतीत हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से लाठी डंडों से लैस होकर समूह में खेतों की तरफ जाने के लिए कहा है।

# आगामी चुनाव में कार्यकर्ता एकजुट होकर खिलायें कमल: राजेश



- भाजपा जिलाध्यक्ष का महोली में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की मौजूदगी में हुआ स्वागत

महोली/सीतापुर। भारतीय जनता पाटी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला का महोली ब्लाक पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा अरुण वर्मा सहित सभी मण्डल अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वागत कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर श्यामा प्रसाद मुर्खजी व दीन दयाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। सभागार में मौजूद भाजपा कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा वर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। इस पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है। उन्होने कहा कि भाजपा आगामी सभी चुनावों में विजय श्री प्राप्त करेगी। प्रधानमंत्री मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी जी पर देशवासियों को पूरा भरोसा है। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता स्वयं जिलाध्यक्ष है। उन्होने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों वाली पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। हम सभी का सौभाग्य है कि हमारे क्षेत्र की नेता राष्ट्रीय नेतृत्व का हिस्सा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर आगामी विधान सभा चुनाव में जिले की सभी नौ सीटों पर कमल खिलाना है। इस दौरान सभी मण्डल अध्यक्षों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पूर्व विधान सभा प्रत्याशी महेन्द्र वर्मा ने जिलाध्यक्ष को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को जिला महामंत्री रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, मडंल अध्यक्ष महोली श्रीनाथ बाजपेई सहित अन्य भाजपा नेताओं ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नैमिष रतन तिवारी, डीसीडीएफ अध्यक्ष रोहित सिंह, भाजपा नेता मनोज मिश्रा, मंडल अध्यक्ष महोली श्रीनाथ बाजपेई, पिसावां शिव प्रताप सिंह, बड़ागांव रजनीश श्रीवास्तव, महेंद्र वर्मा, कल्याण सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष अतुल मिश्रा, वीरेश शुक्ला, हरीश पटेल, रीतेश सिंह, डॉक्टर विशाखा विश्वास सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को किया जागरूक

भारतीय जनता पार्टी का गांव चलों अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा अरुण वर्मा सहित अन्य भाजपा नेता लोक सभा धौरहरा की महोली विधान सभा के कारीपाकर गांव पहुंचकर ग्रामीणों को केन्द्र व प्रदेश सरकार व पार्टी की नीतियों के बारें में बताया। इस दौरान पूर्व सांसद रेखा वर्मा ने कहा भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार ने सबका साथ व सबका विकास की नीति पर कार्य किया है। भाजपा के पूर्ववर्ती सरकारों में भगवान को मंदिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में थे आज मथुरा काशी, अयोध्या में मंदिर बन चुके है। नैमिषारण्य में कॉरीडोर का कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार में महिलाओं,गरीबों व असहायों का कल्याण हुआ है। उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार में कानून का राज्य है। किसान, व्यापारियों सहित सबके हित में कार्य हुआ है। कार्यक्रम को मनोज मिश्रा, नैमिषरत्न तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद भाजपा नेताओं नें मंदिर की सफाई की। जिसके बाद बूथ लेवल पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

## आज से 18 तक बंद रहेगा लखीमपुर-सीतापुर मार्ग

सीतापुर। सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर हरगाँव रेलवे क्रासिंग समपार सं0-99 ए पर दूसरे चरण के पश्चिम की तरफ स्टील कम्पोजिट गर्डर के इरेक्शन एवं लॉचिंग कार्य के दृष्टिगत सीतापुर पुलिस द्वारा यातायात डायवर्जन किया गया है 13 अप्रैल को प्रातः 06 बजे से 18 अप्रैल तक प्रातः 06 बजे तक पूर्णतया आवागमन बन्द होने के कारण सीतापुर से लखीमपुर खीरी जाने वाले समस्त मालवाहक भारी वाहन बिजवार पुल से न जाकर सीधे महोली होते हुए मैगलगंज, मितौली, कस्ता, बेहजम से छाऊछ चौराहा होकर लखीमपुर खीरी जा सकेंगे।सीतापुर से लखीमपुर खीरी जाने वाली बस व छोटे वाहन बिजवार पुल से होकर हरगांव तक जा सकेंगे, हरगाँव में स्थित महोली तिराहा से बांये मुड़कर काजी कमालपुर चौराहा से होते हुए लखीमपुर खीरी जा सकेंगे या हरगाँव चौराहे से होते हुए लहरपुर होकर लखीमपुर खीरी जा सकेंगे,सीतापुर से हरगाँव चीनी मिल जाने वाले गन्ने के ट्रक बिजवार पुल से होकर हरगाँव जा सकेंगे।लखीमपुर खीरी से सीतापुर आने वाले बसध्गान्ने के ट्रक एवं छोटे वाहन काजी कमालपुर चैराहे से होकर हरगांव में महोली तिराहे से होते हुए सीतापुर अथवा अपने गंतव्य को जा सकेंगे। लखीमपुर खीरी से एल आर पी चौकी होकर सीतापुर आने वाले बस/गन्ने के ट्रक एवं छोटे वाहन लहरपुर होते हुए वाया हरगाँव या बिसवां होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पाण्डेय ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि उक्त कार्य के दृष्टिगत सीतापुर-लखीमपुर खीरी मार्ग पर ना जाकर वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें।पुलिस द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं हर स्थान पर पुलिस बल लोगों के सहयोग के लिए तैनात रहेगा।

## धूमधाम से होली मिलन व फाग समारोह संपन्न



पुरवा, उन्नाव। होली मिलन एवं फॉग समारोह बड़े ही धूम-धाम से क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक संतोषी नन्दन शुक्ल व राजा शुक्ला ने सभी का आभार जताया। विकास खण्ड के पासा खेड़ा में शनिवार को होली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ आल्हा से किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह ने उपस्थित जनसमूह को होली की बधाई दी और अपने ही अंदाज में विरोधियों को भी चेताया। विधायक ने होली मिलन व सम्मान समारोह में सभी क्षेत्रवासियों को शामिल होने की बधाई दी। नर सेवा नारायण सेवा के संयोजक विमल द्विवेदी, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिलामंत्री गजेन्द्र वर्मा, तहसील प्रभारी पुरवा शिवम चैरसिया, जूनियर शिक्षक संघ के जिला महामंत्री राम जनम सिंह, चंद्रभान शास्त्री समेत सामाजिक एवं गणमान्य नागरिकों को आयोजकों ने अंगवस्त्र भेंटकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रज किशोर ने किया। इस बीच सैकड़ों लोग मौजूद हुए और रात्रि भोज किया।

# असमय युवक की मृत्यु होने पर परिवार की मदद को पहुंची संस्था



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। विधानसभा भगवन्तनगर के अन्तर्गत ग्राम दुबेपुर ब्रजेश चैहान की मार्ग दुर्घटना मे असमय काल के गाल मे समा जाने से दुःखद मृत्यु हो जाने पर व घर की स्थिति दयनीय होने की जानकारी मिलने पर पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी पुष्प फाउंडेशन की वरिष्ठ टीम को तत्काल मौके पर भेजकर धरातलीय जानकारी ली, गरीब परिवार को कही से कोई मदद नहीं मिल रही थी परिवार संकटग्रस्त स्थिति मे था मदद की अत्यधिक दरकार परिवार को थी जैसे ही सूचना पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह को हुई तो उन्होंने मौके पर भेजा व मुलाकात की व आर्थिक मदद करके परिवार को संबल दिया। हर स्थिति मे साथ देने का आश्वासन दिया।

आर्थिक मदद पाकर पत्नी सुनीता देवी बेटी लक्ष्मी देवी, बेटा वीरू सिंह भावुक हो उठे व पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा की गयी मदद पर शुक्रिया अदा किया। उसके बाद जपसरा गांव मे सुशील रैदास उम्र लगभग 30 वर्ष का असमय निधन हो जाने से परिवार के भरण पोषण का संकट पैदा जाने से स्थिति दयनीय होने की जानकारी मिलने पर पुष्प फाउंडेशन की कोर कमेटी ने वहां जाकर मृतक की पत्नी प्रीती रैदास उम्र लगभग 25 वर्ष बेटी महक 5वर्ष, बेटी लक्ष्मी 3वर्ष, बेटा आदर्श 1 वर्ष से मिलकर दुख साझा किया व परिवार पर असमय पड़े वज्रपात को ईश्वर से सहने की शक्ति प्रदान करे ऐसी प्रार्थना की व पुष्प फाउंडेशन सदैव साथ रहेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान रामचंद्र मिश्री लाल यादव, आरके सिंह, मैनेजर सिंह, रमेश सिंह, राकेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, गंगा श्रीवास्तव, जुगराज सिंह, लोटन पासवान, पंकज सिंह, रामजी यादव, भानू सिंह, पप्पू कटियार, चंद्रिका लोधी, जंगली यादव, कमलेश यादव, दीपक, पप्पू कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

## युवक का पेड़ से लटकता मिला शव



सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिजार्पुर मजरा जवाहरपुर मे गांव के पश्चिम शकील की बाग में जामुन के पेड़ से युवक का शव लटकता पाया गया। जब ग्रामीण सुबह सौच करने के लिए सुबह निकलें तो देखा आम की बाग में श्यामू 22 व पुत्र राम प्रसाद निवासी मिजार्पुर थाना रामकोट का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। सूचना पाकर रामकोट थाना प्रभारी जे बी पांडेय दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के भाई रामू ने बताया तीन माह पहले मेरे भाई श्यामू ने व एक और लड़के ने गांव की एक लड़की के साथ पिंकू मौर्य पुत्र मिश्रीलाल मौर्य को आपत्तिजनक में देखा था। उसका वीडियो भी बना लिया था। जो जेल में बंद है, उसी दिन आरोपी के पक्ष की तरफ से मृतक सहित चार लोगों पर छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में भी मुकदमा पंजीकृत हुआ था। मृतक पक्ष से दो लोग कमलेश व अनिल पुत्र गण राम लाल जेल में बंद हैं, श्यामू पुत्र बाबू व श्यामू पुत्र राम प्रसाद मृतक जेल के बाहर थे, मृतक श्यामू की जमानत आज होनी थी उसका शव आज सुबह पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। मृतक के भाई रामू ने बताया 2 महीने से घर पर नहीं आया था गांव के ही लोगों ने मेरे भाई को मारकर पेड़ पर लटका दिया है। इस संबंध में मृतक के भाई रोहित ने रामकोट थाने में तहरीर देकर 5 आरोपियों के खिलाफ पेड़ से लटका कर मार डालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## दीवार गिरने से मजदूर व मिस्त्री घायल

सीतापुर। थाना हरगांव एव विकास खंड हरगांव की ग्राम पंचायत रीछिन मे बनी गौशाला के विस्तार के तहत बनाई जा रही अतिरिक्त दीवार के गिर जाने से एक मजदूर व मिस्त्री घायल हो गए ग्राम पंचायत रीछिन की प्रधान जनतुन निंशा की देख रेख मे गौशाला के विस्तार हेतु लगभग तीस फिट लम्बी व दस फिट ऊंची दीवार बन वाई जा रही थी। आज प्रातः लगभग दस बजे जिस समय मजदूर कार्य कर रहे थे अचानक दीवार भरभराकर गिर गई घटना के समय लगभग दस मजदूर व एक मिस्त्री काम कर रहे थे दीवार गिरते ही मजदूर भाग निकले किन्तु एक मजदूर रीछन निवासी शराफत उम्र लगभग 40 वर्ष व मिस्त्री शमीम चोटिल हो गए जिन्हे ग्रामीणो द्वारा निकाल कर सी एच सी हरगांव ले जाया गया हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरो ने ट्रामा सेन्टर ओयल रिफर कर दिया जहा मजदूर शराफत मृत्यु हो गई व मिस्त्री शमीम का इलाज किया जा रहा है। इस संबंध मे विकास खंड अधिकारी हरगांव एपी रस्तोगी ने बताया कि सूचना मिली है जांचोपरांत कार्रवाई की जायेगी। इस बाबत समाचार लिखे जाने तक कोई भी तहरीर हरगांव थाना नही आयी, शव को पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा गया।

## हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड का कराया पाठ



उन्नाव। बीघापुर तहसील के ग्राम सभा अकबरपुर के श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भक्तों द्वारा सुंदरकांड का पाठ कराया गया। बड़ी धूमधाम से भक्तों ने हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम बनाया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बजरंगबली की विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। आयोजक शिवपूजन शिंह, विनय श्रीवास्तव, गोवर्धन राजपूत भरत वर्मा करन वर्मा, शिव प्रकाश वर्मा, मिलन वर्मा, शैलेन्द्र दादा गोलू वर्मा भोला, सहित अनेकों श्रद्धालु सम्मिलित होकर अधिक से अधिक पुण्य के भागीदार बने।

## एक्सपोजर विजिट पर महाराष्ट्र जायेंगे डीपीआरओ व प्रधान कुशाग्र

सीतापुर। महाराष्ट्र में 13 से 17 अप्रैल तक आयोजित 5 दिवसीय एक्सपोजर विजिट के लिए डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू के साथ जिले के इकलौते प्रधान कुशाग्र दीक्षित जाएंगे। इस संबंध में पंचायती राज विभाग के निदेशक राजेश कुमार त्यागी ने पत्राचार किया है।

बता दें कि महाराष्ट्र के यशवंतराव चवन एकेडमी आफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन (यशदा) पुणे, महाराष्ट्र द्वारा सहमति के क्रम में 13 से 17 अप्रैल की अवधि में राज्य की उत्कृष्ट पंचायतों में भ्रमण किया जाएगा।जिसके लिए जिले से डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू और विकास खंड के दुबावां प्रधान कुशाग्र दीक्षित एक्सपोजर विजिट में प्रतिभाग करेंगे।जिले के दोनों प्रतिभागी शनिवार को लखनऊ स्थित अमौसी एयरपोर्ट से



हवाई यात्रा द्वारा यशदा पुणे महाराष्ट्र के लिए प्रस्थान करेंगे। एक्पोजर विजिट के दौरान प्रधान कुशाग्र महाराष्ट्र राज्य में स्थित उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर वहां का अध्ययन करेंगे। साथ विकास कार्यों को और पंचायती राज द्वारा संचालित योजनाओं की परख भी करेंगे।उत्तरप्रदेश से 25 सदस्यीय दल एक्सपोजर विजिट में प्रतिभाग करेगा।

### कर्नाटक राज्य भी कुशाग्र कर चुके हैं एक्सपोजर विजिट

बीते वर्ष 8 से 14 अक्टूबर कुल सात दिवसीय एक्सपोजर विजिट के लिए प्रधान कुशाग्र कर्नाटक का भी दौरा कर चुके हैं। इस विजिट मे भी जिले से मात्र इकलौते प्रधान कुशाग्र को चयनित किया गया था।

विकास खंड पिसावां के ग्राम पंचायत दुबावां के प्रधान कुशाग्र दीक्षित को बीते 11 दिसंबर को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार में भी सम्मानित किया जा चुका है। इस पुरस्कार को प्राप्त करने में महोली के उरदौली ग्राम प्रधान गीता देवी भी शामिल थीं।

## सीओ की अध्यक्षता में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए बैठक

लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में वक्फ संशोधन बिल के पास होने के बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई बैठक। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में वक्फ संशोधन बिल के पास होने के बाद क्षेत्र



में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने कहा कि, इस बिल को समझने की जरूरत है उलझने की नहीं, इस बिल को कानूनी प्रक्रिया में लाने लिए लागू किया गया है, जिससे वक्फ संपत्ति दस्तावेजों में आ सके और उसका सदुपयोग हो सके, बिल के पास होने से उसका डाटा ऑनलाइन हो जाएगा। इस मौके पर उपस्थित लोगों से उन्होंने कहा कि, सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी तरह से कानून का उल्लंघन न करें। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, सभासद मोहम्मद सुएब, लल्लन खां, सोनू, मोहम्मद नबी अहमद, आलम, इस्लामुद्दीन, सानू, वकील खान सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क कर योगी सरकार की बतायीं उपलब्धियां



जिला संवाददाता

लहरपुर/सीतापुर। स्थापना दिवस के अवसर पर वार्ड चलो अभियान के अंतर्गत नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल ने लगभग आधा सैकड़ा भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर नगर के मोहल्ला पुरबिया टोला बदायूं टोला मोहम्मद जमा टोला मिश्रपुर जोशी टोला जनसंपर्क कर योगी सरकार की उपलब्धियां के बारे में लोगों को बताया गया।

मोहल्ला वासियों ने विनीत जायसवाल के नगर अध्यक्ष का पद पाने से भाजपा कार्यकर्ताओं में बहुत ही हर्षोल्लास भी देखा गया कुछ लोगों का यह भी कहना था विनीत जायसवाल के नगर अध्यक्ष बनने से भाजपा पार्टी मजबूत होगी साथ ही कार्यकताओं का काम भी सुचारू रूप से होगा वैसे भी विनीत जायसवाल में कुछ तो अच्छाई है जिससे नगर के वासी चर्चा करते दिखाई देते हैं क्या अब हम लोगों को अध्यक्ष अच्छा मिला है जो सभी के साथ सुख दुख में साथ रहते हैं जनसंपर्क के दौरान हुई मुलाकात में बताया की कार्यकताओं को कार्य के लिए भटकना नहीं पड़ेगा तथा कार्यकताओं की यथासंभव हमेशा मदद की जाएगी साथ युवा मोर्चा के नगर कोषाध्यक्ष बलराम जायसवाल ने बताया है। वार्ड वासियों वार्ड वासियों के द्वारा बहुत सम्मान किया जा रहा है और हम लोगों का भी फर्ज है विनीत जायसवाल के साथ रहकर एक तो बहुत अच्छी प्रेरणा मिली है। जैसे ही कार्यकर्ता याद करते हैं हमारे अध्यक्ष खुद उनके यहां पहुंचकर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हैं देवेश अवस्थी, अलोक जायसवाल ,संदीप, पंकज ,शुभम ,उमाशंकर मौर्या, सूरज, ओमकार ,रमेश कन्नौजिया , आदित्य गौड़ सोनू जायसवाल , रामजीवन , और बहुत से भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की समस्या



पाटन, उन्नाव। शासन की मंशा के अनुरूप माह के द्वितीय शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना बिहार में किया गया। इस समाधान दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार मनीष द्विवेदी ने की। उन्होंने पूर्व में प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए इस दिवस पर आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित व न्यायपूर्ण समाधान का आश्वासन दिया।

समाधान दिवस के दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। तहसीलदार ने ऐसे प्रकरणों में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। इस उद्देश्य से राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई, जो विवादित स्थलों पर जाकर वस्तुस्थिति का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस मौके पर उपनिरीक्षक अनिल त्रिपाठी, बीरेंद्र सिंह, सज्जाद अली, कानूनगो तथा क्षेत्रीय लेखपाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

## श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड का किया पाठ

लहरपुर/सीतापुर। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्री हनुमान जयंती का पर्व भारी श्रद्धा के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ किया और श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना कर आरती की। क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिर महावीरन, बजरंगा मंदिर, हनुमत निवास, छन्नूलाल द्वारिका प्रसाद हनुमान मंदिर, भूलिया बाबा स्थित हनुमान मंदिर, राम



जानकी मंदिर, एवं घरों में श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। क्षेत्र के ग्राम नवीन नगर के मोहल्ला कटरा स्थित शिव मंदिर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर सुंदरकांड का पाठ किया और भंडारे का आयोजन किया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने श्रद्धापूर्वक भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया, इस मौके पर पिंटू शुक्ला, कमल शुक्ला, संजय शुक्ला, रिंकू शुक्ला, रजनीश शुक्ला, प्रभाकर शुक्ला, धीरेंद्र शुक्ला, आशु शुक्ला, दीपू पांडे, राजन शुक्ला, आशीष शुक्ला, सुनील शुक्ला, गुड्डन शुक्ला सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

संक्षेप

## झांकी निकालकर मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

जौनपुर। मछलीशहर के शादीगंज मोहल्ला में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन झांकी निकालकर कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास बृजभूषण शरण द्वारा कथा में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ के बीच श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर उनके मुखारविंदु से सुंदर-सुंदर भजन पूरे पंडाल में नंद के घर आनंद भयो,जय कन्हैया लाल कीष्बधाई गीतों से पूरा पंडाल गुंजायमान हो रहा था।कथावाचक ने श्री कृष्ण की जन्मोत्सव पर प्रकाश डाला।श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे।कथा के आयोजक प्रेमा देवी अग्रहरि,राजकुमार अग्रहरि,कमल अग्रहरि,प्रदीप अग्रहरि ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया।कथा व्यास बृज भूषण शरण महाराज जी ने कहा कि भगवान की लीला का कोई भी पार नहीं पाया है।बता दें कि कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की। जुग जुग जिया सु ललनवा, भवनवा के भाग जागल हो .आदि बधाई गीतों पर पूरा पंडाल झूम उठा। वहीं श्रद्धालुओं ने मक्खन मिश्री,हलुआ के प्रसाद का भोग लगाकर वितरित किया। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण की आरती उतारी और आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त जन उपस्थित रहे।

## नाराज परिजनों ने किया घेराव

आजमगढ़।जिले के सिधारी थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव में दलित युवक की हत्या के मामले में शनिवार को परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। और सैकड़ों की संख्या में परिजन और ग्रामीणों ने एसपी आवास का घेराव किया।परिजनों का कहना है कि संतोष कुमार की सुनियोजित तरीके से उसे मारा- पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। हालांकि परिजन एसपी से नहीं मिल पाए।मौके पर पहुंची सिधारी थाने की पुलिस ने आश्वासन देकर उन्हें घर भेज दिया।आपको बता दे की सिधारी थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव निवासी पीड़ित परिजनों का आरोप है कि 30 मार्च 2025 को सिधारी थाने में लिखित तहरीर दी थी। तहरीर में उन्होंने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते सुरेश, हरिनंद और लल्लू ने उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी।इस घटना में उनके पुत्र संतोष कुमार को पेट में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। इलाज के दौरान अस्पताल में संतोष कुमार की मृत्यु हो गई।घटना के करीब सप्ताह बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे नाराज परिजन और ग्रामीण सैकड़ो की संख्या में शनिवार को एसपी आवास का घेराव किया। ग्रामीणों ने एसपी से मिलने की मांग की लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी।सैकड़ो की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों की सूचना जैसे ही सिधारी थाने की पुलिस को मिली वैसे ही वह मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों और ग्रामीणों को घर भेज दिया। इस संबंध में सिधारी थाना अध्यक्ष शशि चंद चौधरी ने बताया कि एक आरोपी सुरेश को शुक्रवार को हरबंशपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी तेज कर दी गई है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## गांव-गांव चलो अभियान में बतायीं सरकार की उपलब्धियां

उन्नाव। भाजपा सरकार के गांव चलो अभियान को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने विधान सभा क्षेत्र के गांवो में लोगों के घर घर जाकर भाजपा सरकार के आठ साल बेमिसाल का बखान किया। शनिवार को पुरवा भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लोधी ने कार्यकताओं व पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के गांवो में नवांव, मंगतखेडा, बैगाव, फतेहगंज, हिम्मतखेडा, मझिगवां सदकू, में लोगों के घर घर जाकर सरकार के आठ साल बेमिसाल का विस्तार से बखान किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी में सज्जन लोधी, राजकुमार राजपूत, मनीष तिवारी, शुभम श्रीवास्तव, गौरवेंद्र अवस्थी, नरेश रावत, रमेश कुशवाहा, रामखेलावन, कमल कुशवाहा, रवीन्द्र रावत, राजू, नीलू, संदीप साहू, सुमीत चैरसिया, आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं, निस्तारण के दिये निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

- भूमि संबंधित विवाद की सूची लेखपाल बनाकर रखें सुरक्षितः डीएम
- आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर किया जाए निस्तारण

सोनभद्र। महीने के द्वितीय शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन जिले के सभी थानों मे आयोजित किया गया, कोतवाली.राबर्ट्सगंज में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थाना समाधान दिवस के मौके पर जनता की समस्याओं को बड़े सहज भाव से सुना और मौके पर मौजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों व पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित कर नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिक्रमण सम्बन्धी समस्याओं को तत्परता के साथ निस्तारण किया जाये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस के मौके पर कोतवाली राबर्ट्सगंज के थाना समाधान दिवस के रजिस्टर का निरीक्षण किये। एस मौके पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा की भूमि संबंधित विवाद की सूची लेखपाल बनाकर सुरक्षित रखे, आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण किया जाए।उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी व राजस्व कर्मी टीम बनाकर मौके पर जाकर भूमि सम्बन्धी विवादों का समाधान करें।राबर्ट्सगंज कोतवाली में थाना समाधान दिवस के अवसर पर कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम को क्षेत्र में भेजने हेतु निर्देशित किया गया।

इस मौके पर तहसीलदार राबर्ट्सगंज अमित कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी सतेन्द्र कुमार राय सहित सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## वंचित लोगों के विकास के लिए सरकार तत्पर

जौनपुर।मड़ियाहूं के विधायक डॉ0 आर के पटेल ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित एकीकृत योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों के एकीकृत विकास हेतु 8 ग्राम पंचायतों का चयन सामाजिक आर्थिक विकास करने के लिए किया है। विधायक द्वारा क्षेत्र के लिए यह सराहनीय और महत्वपूर्ण कदम है।

मड़ियाहूं विधायक ने शासन के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री को एक प्रस्ताव देकर मांग किया कि हमारे विधानसभा के रामपुर विकासखंड के काजीहद, सिधवन, गंधौना, आशापुर, सुरेरी और मड़ियाहूं विकासखंड के कुतुबपुर, रामपुर नद्दी केड़वारी समेत आठ गांवों में 50ः से अधिक अनुसूचित जाति आबादी संकेंद्रण वाले गांव है।इन गांवों का चयन इस योजना के तहत उनके सामाजिक और आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। विधायक के पत्र को संज्ञान में लेते हुए जनपद के सीडीओ साई तेजा सीलम को इन गांव में सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर स्थलीय जांच करने के बाद विकास कार्यों पर शीघ्र अमली जामा पहनाने के लिए समाज कल्याण विभाग को सौंपने का आदेश दे दिया है।विधायक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत समाज के पिछड़े लोगो को सीसी रोड नाली इंटरलॉकिंग स्वच्छ पेयजल सामुदायिक भवन सोलर लाइट आदि योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।हमारी प्राथमिकता रहता है कि पिछड़े व दलित बस्ती में सरकारी योजनाओ से जनता लाभान्वित हो।हमने अपनी निधि से शहर बस्ती में बनवासी भाइयों के लिए सोलर लाइट लगवाया। मैंने मड़ीयाहू विधानसभा में नदी के पास चेक डैम का निर्माण करवाया जिससे पशु पक्षी जानवर एवं सभी किसान भाइयों को अत्यधिक लाभ प्राप्त हो रहा है। लोग चेक डैम बनने से उसमें स्नान कर रहे हैं और अपने खेतों की सिंचाई कर अच्छी फसल पैदा कर रहे हैं।हमारी प्राथमिकता है कि मैं विधानसभा मड़ियाहू को विकसित एवं आदर्श विधानसभा बनाकर देवतुल्य विधानसभा के जनता को दे सकूँ।

# आपातकाल समय के भाजपा नेता के घर जाकर की मुलाकात



मीरजापुर।भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर नगर पूर्वी मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता मनोज जायसवाल ने अनगढ़ वार्ड में भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वाश पर काम करती है।भाजपा सरकार लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से कार्य करती है। लेकिन तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने 25 जून 1975 को संविधान को अनदेखा करते हुए इमरजेंसी लगाकर सभी गैर कांग्रेसियों को जेल में बंद कर दिया।देश में जितनी भी पार्टियां थी,उनके नेताओं और कार्यकताओं को जेल भेजा गया।प्रेस की आजादी छीन ली गई,सारे चुनावो को रद्द कर दिया गया।सत्ता की भूख ने इंदिरा गांधी की कांग्रेस को तानाशाह बना दिया था,लेकिन फिर भी उस समय के नेता और कार्यकर्ता उनके तानाशाही के आगे नहीं झुके।पूरे देश के नागरिक कांग्रेस के इस तानाशाही फैसले से गुस्से में थे,उसका यह परिणाम हुआ आने वाले चुनाव इंदिरा गांधी की कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था।आज उसी आपातकाल में ऐसों वरिष्ठ लोगों प्रमुख रूप से लालबहादुर सिंह,कमलाशंकर श्रीवास्तव,प्रभुनाथ बरनवाल घर जाकर मुलाकात की एवं उनसे इमरजेंसी के दौरान देश की स्थिति पर संवाद भी किया।इसके साथ ही ननकु मुनीम,हीरालाल,स्व.गोपालदास चुनाहे,फूलचंद गुप्ता के परिवारजनों से भेंट की गई।इस दौरान उन सभी लोगों एवं उनके परिवारजनों को भाजपा का दुपट्टा व माला पहनाकर सम्मानित किया गया,जिन्होंने उस तानाशाही और अलोकतांत्रिक तरीके का विरोध किया था।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष डॉली अग्रहरि, प्रीतम केसरवानी,बाबूराम गुप्ता,गोवर्धन यादव, शिवांशु सिंह, वीरेंद्र तिवारी,सोनू दुबे, अमित चंदेल, भरत लाल गुप्ता,अजय गुप्ता,कृष्ण कुमार जी,अरविंद गुप्ता,राजू गौतम, राजेंद्र यादव,प्रिंस केसरी, आशीष गुप्ता,राकेश साहू,गौरव गुप्ता,पवन मोदनवाल,आशीष दुबे,सौरभ मोदनवाल,मुरारीलाल गुप्ता के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हनुमान जयंती हवन कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

बीजपुर/सोनभद्र। अजीरेश्वर धाम जरहा में एक महीने से चल रहे अखण्ड हतिकीर्तन के दौरान शनिवार सुबह बुद्धि बल के स्वामी श्री हनुमान जी के जन्म जनमोत्सव के अवसर पर हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गयीं।इस दौरान सुबह आरती पूजा पाठ के बाद हवन पूजन प्रसाद अर्पित किया गया।अजीरेश्वर धाम परमार्थ जनसेवा ट्रस्ट के माध्यम से मिली जानकारी पर गौरकरें तो शनिवार शाम को मानर की थाप पर अखण्ड हरिकीर्तन का विशेष आयोजन किया गया है जो आदिवासी कलाकारों द्वारा धाम की परिक्रमा के साथ मानर की थाप पर झूम झूम की तर्ज पर झुंड में अखण्ड हरिकीर्तन किया जाएगा। गौरतलब हो कि अनवरत चल रहे अखण्ड हरिकीर्तन का 14 अप्रैल सुबह समापन होगा उसके बाद पुनः हवन पूजन के बाद महाप्रसाद का विशाल भंडारा आयोजित किया गया है।अंत मे अजीरेश्वर धाम परमार्थ जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह बघेल के कर कमलों एक बृहद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।यह सम्मान समारोह अखण्ड हतिकीर्तन में भाग लेने वाले समस्त कलाकारों के लिए आयोजित है।

## युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली ताकत

जौनपुर। मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज के सौदागर हॉल में शनिवार विकसित भारत के संकल्पह्वविषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण की मूल शक्ति के रूप में रेखांकित किया गया। मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजहंस सिंह ने युवाओं को देश की प्रगति का मेरुदंड बताते हुए कहा, युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली ताकत है। उन्होंने कहा



कि यदि युवा शिक्षा, नवाचार, तकनीक और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं को अपनाने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि, उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने पत्रकारिता को समाज को दिशा देने वाला शक्तिशाली माध्यम बताया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सत्यनिष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब शिक्षा डिग्री के साथ-साथ नैतिकता और सेवा का माध्यम बने। उन्होंने युवाओं से आत्मावलोकन, कौशल विकास और सामाजिक चेतना के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्य अतिथि राजहंस सिंह एवं विशिष्ट अतिथि हेमंत तिवारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । संचालन अहमद अब्बास खान ने किया।

# श्री हनुमत जन्मोत्सव पर निकाली गयी ध्वज यात्रा, भण्डारे का हुआ आयोजन



सोनभद्र। जनपद मुख्यालय मेन चौक माता शीतला मंदिर के निकट स्थित संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर श्री हनुमत्जन्मोत्सव समारोह शनिवार को उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा।

इस दौरान मेन चौक स्थित संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से विशाल ध्वज यात्रा निकाली गई यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, ध्वज यात्रा मेन चौक ने नगर भ्रमण करते हुए पुनः मन्दिर पर ही समाप्त हुई यात्रा में भगवान राम दरबार की झांकी लोगों के लिए आकर्षक का केन्द्र रहा, बड़ी संख्या में साथ चल रहे श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था यात्रा के दौरान पुरे नगर में भक्ति मय माहौल व्याप्त रहा। सायं 7 बजे जन्मोत्सव आरती व रात्रि 8 बजे से भण्डारा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी



संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान यात्रा के संरक्षक राम जी मोदनवाल, कृष्ण मुरारी गुप्ता, अजय शुक्ला, सचिन कुमार गुप्ता, मोनू हर्ष केशरी,रिशु केशरी, उमेश केशरी (मखंचु), कौशल शर्मा, राजू गुप्ता संगम गुप्ता नरेन्द्र गर्ग,ठाकुर अग्रहरी, राजेश केशरी, लल्लन अग्रहरी, गोविन्द केशरी, संगीता गुप्ता,सरोज केशरी, रूबी गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सिविल बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मतदान व मतगणना 15 को

जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी,सोनभद्र। सिविल बार एसोसिएशन इल्डर कमेटी ने आपसी मंथन एवं विचार-विमर्श के बाद शनिवार को मतदान व मतगणना के लिए 15 अप्रैल की तिथि निश्चित कर दी हैं।पूर्व निर्धारित 123 मतदाता ही 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चलने वाले मतदान में प्रतिभाग करेगी।

प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इल्डर कमेटी के चेयरमैनध्मुख्य चुनाव अधिकारी नागेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को इल्डर कमेटी की बैठक में यह तय हुआ कि 20 मार्च को सचिव महोदय द्वारा 123 सदस्यों की सूचि उपलब्ध करायी गई थी। जिसकी सूचि बोर्ड पर चस्पा कर 22 मार्च तक आपत्ति मांगी गई थी लेकिन 24 मार्च तक किसी ने कोई आपत्ति दर्ज नही करायी इसलिए 24 मार्च को अंतिम मतदाता सूचि प्रकाशित करते हुए चुनाव कार्यक्रम जारी कर दी गई।

मतदाता सूचि की अंतिम प्रकाशन एवं विधिवत कार्यक्रम जारी हो जाने के बाद 25 मार्च व 27,28 व 29 मार्च व अन्य तिथियों में मतदाता सूचि में नाम बढ़ाने के लिए प्रार्थना पत्र कमेटी को प्राप्त हुई, जिसकी निस्तारण के लिए 9 अप्रैल को इल्डर कमेटी द्वारा आम सदन की बैठक बुलाई गई। बैठक में कुछ अधिवक्ताओं द्वारा सदन की मयार्दा के विपरीत असंवैधानिक तरीके से संवैधानिक संस्था को भंग करने की मांग करने व आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। जो घोर निंदनीय हैं।सभी पक्षो को सुनने के बाद इल्डर कमेटी ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था।इसी बीच शनिवार को इल्डर कमेटी ने यह निर्णय लिया कि मतदाता सूचि की अंतिम प्रकाशन एवं अधिसूचना जारी कर दिए जाने के बाद मतदाता सूचि में नाम बढ़ाना उचित नही होगा, इसलिए अंतिम रूप से प्रकाशित 123 मतदाता ही मतदान के लिए अर्ह होंगे। उन्होंने बताया कि आम सदन की बैठक में अशोभनीय टिप्पणी करने वाले 4 अधिवक्ताओं को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगी गई हैं।इल्डर कमेटी के सभी पदाधिकारियों का कहना हैं कि निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कमेटी द्दढ संकल्पित हैं।

## निरंकारी मिशन करेगा मानव एकता दिवस का आयोजन

जौनपुर। आध्यात्मिकता ही मानव एकता को मजबूती दे सकती है तथा मानव को मानव के निकट लाकर आपसी प्रेम और सौहार्द का वातावरण बना सकी है।

संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण विभाग के प्रभारी जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि विश्व के लगभग 500 से अधिक स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर की अविरल श्रृंखलाओं का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जायेगा जिसमें लगभग 50,हजार से अधिक रक्तदाता मानवता की भलाई हेतु रक्तदान कर निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के दिन मड़ियाहूं पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ है।जिसका समय प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक है। दिल्ली के बुराड़ी स्थित ग्राउंड नंबर 8 में प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहित करने हेतु विभिन्न अस्पतालों के प्रशिक्षित डाक्टर एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की टीम सम्मिलित होंगी। साथ ही देश के अन्य राज्यों में भी आयोजित रक्तदान शिविरों में स्थानीय अस्पतालों के डाक्टर एवं नर्स रक्त संग्रहित करने हेतु इस सेवा को निभाने के लिए तत्पर रहेंगे। इसके अतिरिक्त सभी स्थानों पर सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

## 18 की जगह मात्र 6 घंटे हो रही बिजली आपूर्ति, मुख्यमंत्री का आदेश बेअसर

बीजपुर/सोनभद्र। नधिरा उपकेंद्र के बकरिहवा फीडर को महज 06 घण्टा बिजली से सन्तोष करना पड़ रहा है कभी कभी तो वह भी नसीब नही होता।यहाँ के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 18 घण्टा ग्रामीण क्षेत्र में बिजली सप्लाई का आदेश निर्देश सब हवाहवाई हो गया है।बताया जाता है कि जर्जर उपकरण के कारण यहाँ अधिकांश समय फाल्ट तार गिरना 33 की सप्लाई बंद होने रोस्टिंग मेंटेन करने एलटी लाइन अथवा बेवजह कटौती वगैरह में चला जा रहा है।

शुक्रवार दोपहर से बन्द हुई सप्लाई शनिवार खबर लिखे जाने तक चालू नही हुई ।एक दो मिनट के लिए आई जरूर लेकिन फिर बन्द हो गयी।बताया गया कि पिपरी से आने वाली 33 केवीए मेन लाइन कई दिन से खराब पड़ी है किसी तरह जलकल फीडर से कोरम पूरा किया जा रहा है लेकिन अब वह भी खराब हो गयी है।कब तक सप्लाई ठीक होगा के सवाल पर एक्सईएन पिपरी हो या जेई नधिरा सब के सब फोन बन्द रखते हैं।विभाग के कर्मी तोते की तरह रटारटॉया





जबाब देते हैं। यह सुन लोगों का गर्मी में पारा चढ़ गया है ग्रामीणों ने कहा विजली बितरण को सरकार अगर जल्द निजी करण नही करती तो 2027 के चुनाव में इसका खामियाजा यहाँ से भुगतना पड़ सकता है।

# राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर हुए कार्यक्रम

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर हिण्डाल्को संस्थान प्रमुख समीर नायक एवं क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह के मार्गदर्शन एवं सी.एस.आर. प्रमुख अनिल झा के नेतृत्व में हिण्डाल्को, रेणुकूट ग्रामीण विकास विभाग (सी.एस.आर.) द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रतिवर्ष दिनांक 11 अप्रैल को भारत में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है तथा साथ ही गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं टीकाकरण हेतु जागरुक करना, गर्भावस्था में किसी भी जटिलता का तुरंत ईलाज तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना है।इसके अतिरिक्त प्रसव पश्चात माता तथा शिशु के अच्छे स्वास्थ्य एवं सम्पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करना भी राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। हिण्डाल्को, रेणुकूट सी.एस.आर. टीम द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने





के साथ ही संबंधित सामाजिक विषयों पर निरंतर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।इसी क्रम में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर रणुकूट के धोबिया टंकी क्षेत्र एवं परिवार कल्याण केन्द्र तथा झारोखुर्द में स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 115 बच्चों एवं उनकी माताओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रमों में डॉ. डी.पी. सक्सेना एवं डॉ. सुनीता श्रीवास्तव के द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा विभिन्न निर्धारित मानकों के आधार पर सबसे स्वस्थ बच्चों का चयन कर उनकी माताओं को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. डी.पी. सक्सेना ने माताओं को उनके स्वास्थ्य की देखभाल हेतु जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें बच्चों के शत प्रतिशत टीकाकरण हेतु प्रेरित किया। हिण्डाल्को, रेणुकूट के सी.एस.आर. अधिकारी रमाकांत शर्मा ने कार्यक्रम में उस्थित माताओं को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए इसके उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्रदान किया तथा साथ ही संस्थागत प्रसव को अपनाने के लिए प्रेरित किया ताकि मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।

इसके अतिरिक्त दुद्धी, म्योरपुर एवं बभनी के विभिन्न गांवों में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीण विकास विभाग के सक्रिय कार्यकताओं द्वारा ग्रामीणों को माताओं एवं शिशु स्वास्थ्य हेतु प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात देखभाल के लिए जागरुक किया।

उक्त कार्यक्रमों के आयोजन में ग्राामीण विकास विभाग के क्षेत्र अधिकारी सुभाशिष चक्रवर्ती, प्रदीप सोनी, राजेश सिंह, सचिन सिंह तथा ग्रामीण विकास कार्यकर्ता लालकेश कुशवाहा, दिनेश यादव, हरिहर प्रसाद, विश्वनाथ कुशवाहा एवं समस्त सी.एस.आर. टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# निजी कोटा के नाम पर भर्ती कराकर करोड़ों का खेल जारीः रोशन लाल

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। एनसीएल की खड़िया कोयला परियोजना में ओवरबर्डेन हटाने का काम कर रही निजी कंपनी कलिंगा में लगभग एक हजार संविदा हेलफर और ड्राइवरों की भर्ती चल रही है।जिसमें संरक्षण प्राप्त संगठित गिरोह मनमाने तरीके से युवाओं से मोटी रकम लेकर बिना किसी गाइड लाइन के भर्ती कराने के खेल में मशगूल हैं। जिसमें अपने-अपने निजी कोटा के नाम पर भर्ती कराकर करोड़ों का खेल जारी है। जिसमें संरक्षण देने वालों में बड़े बड़े लोग शामिल हैं और उसके साथ ही सोनांचल के आदिवासियों, मूल निवासियों युवकों की घोर अनदेखी की जा रही है।

यह आरोप लगाते हुए सोनांचल संघर्ष वाहिनी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रोशन लाल यादव ने कहा कि एन सी एल की बीना, कृष्ण शीला, दुद्धी चूआ और खड़िया कोयला परियोजनाओं में वर्ष 2017 से लगातार सोनांचल संघर्ष वाहिनी यहां के



विस्थापित, लोकल और प्रभावित युवकों को निजी कोयला कंपनियों में संविदा कर्मचारियों की भर्ती को लेकर गाइड लाइन बनाने और नियमानुसार 80 प्रतिशत इन्हीं की भर्ती सुनिश्चित करने के लिए दर्जन बार से ऊपर आंदोलन चला चुकी है लेकिन इन संगठित संरक्षण प्राप्त गिरोह के इस बड़े खेल के आगे सोनांचल के बेरोजगारों की दर्दनाक पीड़ा कोई नहीं सुन रहा है नियमित रूप से दर्जनों बार उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को पत्रों और ज्ञापन के जरिए इस गम्भीर धांधली को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने की गुहार किया लेकिन सोनांचल के बेरोजगारों की घोर उपेक्षा थम नहीं रही है और संगठित लोग बाहरी युवाओं से मोटी रकम लेकर गैरकानूनी तरीके से धड़ल्ले से भर्ती कराकर करोड़ों का खेल खेल रहे हैं।जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराया जाना सोनांचल के बेरोजगारों के हित में होगा, परन्तु कोई भी सुनने वाला नहीं है। सोनांचल के बेरोजगारों के हितों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा।रोशन लाल यादव ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर गाइड लाइन बनाकर कलिंगा कंपनी भर्ती नहीं करती है तो सोनांचल संघर्ष वाहिनी समूचे उर्जांचल में उपेक्षित सोनांचल के बेरोजगारों की आवाज उठाने के लिए अनपरा थाना चौक से खड़िया जीएम गेट तक पद यात्रा कर इसके विरोध में खड़िया कोयला परियोजना जीएम को ज्ञापन सौंप कर गाइड लाइन बनाकर भर्ती करने और गैर कानूनी तरीके से हुई भर्ती को निरस्त करने की मांग करेगी।

संक्षेप

## धूमधाम से मनायी गयी हनुमान जयंती

**भेटुआ (अमेठी)।** श्री हनुमबनजी भगवान श्री राम जी के परम भक्त थे उन्हे भगवान शिव का अवतार माना जाता है । यह दिन श्री हनुमानजी के भक्ति शक्ति और समर्पण को याद करने के लिए मनाया जाता है। क्षेत्र के टिकरी,चौराहा पर व्यापारियों ने व बजरंग बली के मंदिर पर प्रदीप अग्रहरि ने सुबह दस बजे गाजे बाजे के साथ सुंदर कांड पाठ प्रारम्भ कर दिया। पाठ के समाप्त होने के बाद हवन आदि की गयी उसके उपरांत आए हुए श्रद्धालु व आने जाने वाले राहगीरो को भी प्रसाद वितरित किया गया।इस मौके पर ,साधू सिंह, रबलू सिंह, शारदा प्रसाद अग्रहरि, रमेश कुमार अग्रहरि,सूरज अग्रहरि,राजेश सोनी, शुभम कुमार, जगन्नाथ अग्रहरि, रघुनन्दन, आदर्श, शिवदुलारे सिंह अग्रहरि ,दीपक कुमार के साथ सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के बेनीपुर गांव के पास अमेठी-धम्मौर मार्ग पर स्थित बाग में एक आम के पेड़ की डाल से अमर पाल ( 42 ) का शव शनिवार सुबह फंदे से लटकता मिला.ग्रामीणों ने शव देखकर तत्काल पुलिस व परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए. पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर जांच शुरू कर दी है । परिजनों के अनुसार पाले कोरी शुक्रवार रात नशे की हालत में घर लौटे थे. नशे में ही उनका अपने भाई से किसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था. रातभर वह घर नहीं लौटे। सुबह गांव के कुछ लोग शौच के लिए निकले तो देखा कि पाले का शव बाग में पेड़ से लटक रहा है।घटना की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची. प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। नशे की हालत और पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

## नहीं रहे लोक कलाकार सन्तलाल, खरगापुर शोक में डूबा

**अमेठी।** संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और बौद्ध धम्म की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार को जीवन भर समर्पित रहे समाज कर्मी सन्त लाल -75का शुक्रवार की शाम निधन हो गया। लम्बे समय से ब्रेन स्ट्रोक से पीड़ित सन्त लाल की जयंती के अवसर पर अंतिम संस्कार एक अजब संयोग रहा। शनिवार को खरगापुर में शोक सभा और अन्त्येष्टि में सैकड़ों लोग शामिल हुए। सन्त लाल अपनी नौजवानी में लम्बे समय तक संगीत की दुनिया में लोकप्रिय रहे और गुप्ता संगीत कम्पनी टीकरमाफी में नौटंकी में नायक का पात्र निभाया। उनके साथ भगत -घोरहा खलनायक की भूमिका में रहते थे। कुछ वर्षों तक इन्होंने अमृतसर में रहकर रोजी रोटी कमाई। स्वास्थ्य खराब होने पर घर आ गए और यहां अपने पुत्र निहाल चंद के साथ बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार का काम किया। सन्तलाल का जन्म 12अप्रैल 1950को अमृत सर में हुआ। इनके पिता पंजाब पुलिस में थे।1968में इन्होंने इंटर की शिक्षा हासिल की। नटखट प्रवृत्ति के युवा सन्तलाल को उनके पिता अमृत सर से गांव लेकर चले आए,तब से ये खरगापुर में रहने लगे। लगभग दस साल तक संगीत और नौटंकी की दुनिया में काम करने के बाद इन्होंने पूरा समय घर पर देना शुरू किया।

# भाजपा नेशन फर्स्ट को लेकर करती है काम : धर्मपाल सिंह



**सुलतानपुर (वीओएल)।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री ( संगठन ) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जो ह्यनेशन फर्स्टह्न की भावना से कार्य करता है और वादों को निभाता है। उन्होंने यह बातें इसौली विधानसभा के बूथ संख्या 182, दाउदपुर में आयोजित ह्यगांव-वार्ड चलो अभियानह्न के तहत आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही।

धर्मपाल सिंह ने बूथ समिति, मंडल व वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ तीन सत्रों में बैठक कर 2027 के विस चुनावों की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हर बूथ को फुलप्रूफ व मजबूत बनाना होगा। बूथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हर पात्र गरीब और वंचित को सरकार की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। कार्यक्रम में चार लोकतंत्र सेनानियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। धर्मपाल सिंह ने दाउदपुर स्थित काली मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया और दलित बस्ती में जाकर प्रभावशाली नेताओं को सम्मानित किया। शोभा यात्रा व चौपाल के माध्यम से लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने की समापन प्रदेश मंत्री मीना चैबे ने किया। संचालन श्याम बहादुर पांडेय, विजय त्रिपाठी व आनंद द्विवेदी ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, छह घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के छः लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर पर नाम जाट केस दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र का मैंनेपारा गांव की हसीना बेगम पत्नी तौफीक एवं खातून निशा पत्नी कयूम से रंजिश चली आ रही थी ।आतोप है कि शुक्रवार के शाम हसीना बेगम के पुत्र अनवर अनवर नहर से अपने घर आ रहे थे। तभी विपक्षी एकजुट होकर लाठी डंडे एवं धारदार हथियार से उन्हें मारा पीटा। बीच बचाव करने पहुंचे मौसेरे भाई सोहेल एवं हसीना बेगम को भी मारा पीटा। जिससे तीनों को काफी चोट आई। उधर दूसरे पक्ष की खातून निशा का आरोप है कि शुक्रवार की शाम बजे विपक्षी गण लाठी डंडे व ईट से मारा पीटा तथा कट्टा लेकर के दौड़ा लिए। जिससे खातून निशा, उनकी देवरानी एवम सोहेल को चोट आई। हसीना बेगम की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को गांव के ही गुड्डु, सिराज, फैजान, तबस्सुम एवं शहनाज तथा खातून निशा की तहरीर पर गांव के ही अनवर अली, शमशेर, हैदर, वली जान एवं सोहेल के विरुद्ध नाम जद केस दर्ज कर लिया है।

## एक्सयूवी की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के रामदासपुर निवासी राम अवतार ( 60 ) शुक्रवार को साइकिल से कटका की तरफ आटा लेने जा रहे थे। शाम को वह गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर डोंड़ापुर पेट्रोल टंकी के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही एक्सयूवी कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को सीएचसी कूरेभार उसके बाद सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए घायल को लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन राम अवतार को लखनऊ ले जा रहे थे कि रास्ते में उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी जानकी देवी और तीन पुत्र और तीन पुत्रियों को छोड़ गया है। द्वारिकागंज चैकी इंचार्ज द्रिवेश त्रिवेदी ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में चार दोस्त घायल, एक की हालत नाजुक

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार के फुलौना सड़क मार्ग पर बरौला गांव के समीप अनियंत्रतित ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दिया। घटना के समय बाइक पर 4 नवयुवक सवार थे। दुर्घटना में बाइक सवार नव युवक रवींद्र यादव, विनोद 21, कौशल 21, अभय 20 निवासी पच्छिमी दिल्ली उधोग बिहार गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस घटना स्थल पर पहुँची। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार लाया गया। मौके पर मौजूद चिकित्सक प्रियेश दीक्षित ने बताया कि चार युवक घायल अवस्था मे लाये गये थे, जिसमें रवींद्र यादव की हालत नाजुक थी, प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष शारदेन्दु दुबे ने बताया की ट्रक व बाइक को कब्जे में लेकर आगे की बिधिक कार्यवाई की जा रही हैं।

## अदिति सिंह प्रयास से जनता को एक और तोहफे से नवाजा गया

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह के जन जन की समस्याओं से निजात दिलाने हेतु किए गए अथक प्रयास से प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र सदर की जनता को एक और तोहफे से नवाजा गया है। सदर विधानसभा क्षेत्र के



बेलाखाऱा में 65 लाख की लागत से सामुदायिक केंद्र तथा एक अन्य ग्राम सभा भूएमऊ को भी सामुदायिक केंद्र मिला है जिसकी धनराशि 65 लाख स्वीकृत हुई है। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण द्वारा स्वीकृत की गई धनराशि तथा सदर विधायक के कार्यों की प्रशंसा के साथ भेजे गए स्वीकृति पत्र के बाद जनता में काफी उल्लास देखने को मिल रहा है। अभी दो दिन पूर्व लगभग 5 करोड़ 36 लाख की योजनाओं की आधारशिला तथा लोकार्पण सदर विधायक द्वारा की गई तो वहीं सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास की योजनाओं में शामिल सामुदायिक केंद्रों के स्वीकृति होने के बाद विकास को पंख लग गए। सदर विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर सदर विधायक की लोकप्रियता दिन ब दिन बढ़ रही है और लोगों का विश्वास भी सुख दुख में सहभागी अपने क्षेत्र के नेतृत्व के प्रति मजबूत हुआ है।

## जमीनी विवाद में जमकर हुई मारपीट में एक दर्जन से अधिक घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर आवांडीह गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में आपस में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में कराया गया तो वहीं एक व्यक्ति कैलाश पुत्र स्वर्गीय कुंवारे को चिकित्सकों ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर उपचार चल रहा है। घटना शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे की है। कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर आंवाडीह गांव में पुरानी रंजिश व जमीनी विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्ष आपस में भिड़े जिसमें देखते ही देखते जमकर चले लाठी डंडे, फावड़ा व कुल्हाड़ियों से हमला कर दिया गया। जिसमें जमकर खूनी खेल खेला गया और दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए घटना पर पहुंची डायल 112 से चोटहिलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां दोनों पक्षों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं एक चोटहिल कैलाश पुत्र स्वर्गीय कुंवारे को गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां प्राथमिक उपचार चल रहा है, तो वही एक पक्ष के जियालाल पुत्र स्वर्गीय कुंवारे की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट जान से मारने की धमकी गंभीर चोटहिल होने पर बेहोश हो जाना व बलवा जैसी गंभीर धाराओं में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि घटना की जानकारी मिली है चोटहिल का प्राथमिक उपचार कराया गया है, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है जिसका प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## युवाओं को प्रशिक्षण दिला कर उनका शत प्रतिशत प्लेसमेंट कराना उद्देष्य



**रायबरेली।** कल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, ( सीपेट ) लखनऊ के साथ समझौता करके आसपास के युवाओं को प्रशिक्षण दिला कर उनका शत प्रतिशत प्लेसमेंट होना सुनिश्चित किया गया है। साठ बच्चों का पहला बैच छह माह का प्रशिक्षण प्राप्त करके अलग अलग कंपनियों में सेवायोजित हो चुका हैं। अभी तीस बच्चों का बैच प्लास्टिक मोल्डिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है जिसमें आधी बालिकाएं भी हैं। प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने स्वयं लखनऊ जाकर मुलाकात किया। प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव ने बालिकाओं से अपील की कि वो प्रशिक्षण प्राप्त करके स्वयं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएं। इस अवसर पर उपस्थित मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने कार्यकारी निदेशक व अन्य लोगों को प्रशिक्षण संबंधी सभी जानकारी दी। अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को पानी की बोतल, डायरी एवं कलम प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सीएसआर विभाग की प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी तथा अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। आसपास के ग्राम प्रधान गणों ने उनके गांवों के युवाओं को रोजगार देने की एनटीपीसी की इस अनूठी पहल को अत्यंत सराहनीय बताया है। रोजगार पाए युवाओं के परिजन एनटीपीसी के प्रति अपना आभार और विश्वास जता रहे हैं।

# आंगनबाड़ी कर्मचारी जन कल्याण समिति की नयी जिला कार्यकारिणी गठित

- संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाने के लिए बहनों ने लिया एकजुटता का संकल्प

जिला संवाददाता (vol)



**रायबरेली।** विकास भवन में आज आंगनबाड़ी कर्मचारी जन कल्याण समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले की नई जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। यह बैठक बहनों की सक्रिय भागीदारी और संगठन को मजबूत करने की भावना के साथ संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता समिति की पूर्व जिलाध्यक्ष बीना सिंह ने की, जिन्होंने संगठन की पूर्व उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें अपने अधिकारों और सम्मान के लिए संगठित होकर निरंतर संघर्ष करना होगा। उनकी बातों ने उपस्थित बहनों में नई ऊर्जा और आत्मबल का संचार किया। बैठक में सभी बहनों ने एकमत होकर नई कार्यकारिणी के गठन का समर्थन किया और यह विश्वास जताया कि नवगठित टीम संगठन के उद्देश्यों को मजबूती से आगे ले जाएगी। नई जिला कार्यकारिणी में बीना सिंह को पुनः जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं स्नेहा सिंह को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। विक्रम सिंह को जिला संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई। प्रियंका सिंह को जिला कोषाध्यक्ष, बीना श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष, संगीता सिंह को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। मंजू पांडेय को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनीता सिंह को जिला संगठन मंत्री की दोहरी जिम्मेदारी दी गई। प्रमिला को जिला मीडिया प्रभारी, श्रीमती देवी को जिला संयुक्त मंत्री के रूप में चुना गया। नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही सभी पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति प्रतिबद्धता जताई और कहा वे जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान और उनके हक के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे। बैठक में तय किया गया कि निकट भविष्य में ब्लॉक और ग्राम स्तर पर भी कार्यकारिणियों का विस्तार किया जाएगा, जिससे संगठन की पहुंच और प्रभाव को और सशक्त बनाया जा सके।

## प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत होगा बैसवारा इंटर कॉलेज का कायाकल्प

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज स्थित बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 75 वर्ष पूरे कर चुके माध्यमिक विद्यालयों के भवन का नवीनीकरण करने हेतु प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत बैसवारा इंटर कॉलेज को एक करोड 44 लाख रुपए की धनराशि शासन द्वारा आवंटित की है । डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्राप्त धनराशि का उपयोग नए कमरे, विज्ञान प्रयोगशालाओं तथा सुसज्जित लाइब्रेरी के निर्माण में किया जाएगा। इससे विद्यालय में छात्रों को बैठने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त कमरे मिलेंगे और पठन-पाठन भी उत्कृष्ट होगा। विद्यालय में विज्ञान, कॉमर्स, कृषि एवं गृह विज्ञान के संकाय होने के साथ-साथ आयोग द्वारा चयनित योग्य शिक्षक पहले से ही मौजूद हैं। विद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन की इस पहल से समाज के गरीब तबके के छात्रों को भी आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा ।शिक्षक विनोद कुमार सिंह, सुनील कुमार त्रिपाठी, उदय विक्रम सिंह, वीरेंद्र कुमार शुक्ला ,सोमेश सिंह, रामजीलाल श्रीवास्तव, जितेंद्र मौर्य, भवानी श्रीवास्तव आदि ने सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए योजना का स्वागत किया है।

## खुदाई में मिली सैकड़ों वर्ष पुरानी 5 फुट हनुमान प्रतिमा



**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार के फूलपुर गांव में खुदाई के दौरान सैकड़ो वर्ष पुरानी 5 फुट की हनुमान प्रतिमा मिलने से क्षेत्र में बना कौतूहल का विषय, दर्शन पूजन को उमड़ रहे भक्त, गृह स्वामी सुरेश पाण्डये बोले, मंदिर बनाकर होगी पूजा। कूरेभार थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव में सुरेश पाण्डेय बाथरूम की गड्ढा खुदाई के दौरान जेसीबी से जमीन की खुदाई कर रहे थे। इस दौरान खुदाई के दौरान आवाज आने से जब देखा तो हनुमान जी की लगभग 5 फुट विशाल प्रतिमा मिलने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में कौतूहल का विषय बन गया। हनुमान जयंती पर बजरंगबली की प्रतिमा को देखने को लेकर आस पास के लोग दर्शन पूजन के लिए इकठ्ठा हो गए, देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में भक्त हनुमान प्रतिमा देखने पहुँच गए है। सूचना पर पहुँचे कूरेभार थानाध्यक्ष शारदेन्दु दुबे दल बल के साथ पहुँचे। घटना की जानकारी ली। इस मौके पाए सुरेश पाण्डेय, काली प्रसाद पाण्डये अरुण दूबे, अजीत शुक्ला, नितिन मिश्रा, प्रकाश पाण्डेय, सर्वेश आदि मौजूद रहे।

### हनुमान जयंती पर मूर्ति का प्रकट होना, लोग चमत्कार मान रहे हैं

कूरेभार। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर कूरेभार बाजार के बगल फूलपुर गांव मे जे लसीबी से खुदाई के दौरान सैकड़ो साल पुरानी बलुई मिट्टी से बनी प्राचीन कलाकारी की हनुमान जी की मूर्ति मिलने की सूचना पर गांव व आसपास के लोगों की बड़ी भीड़ इकट्ठा हो गयी। सूचना पर मौके पर कूरेभार थानाध्यक्ष शारदेन्दु द्विवेदी ने पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बजरंग बली की मूर्ति की साफ सफाई व स्नान करवाकर, पूजा अर्चना शुरूकर दिया है। आज हनुमान जयंती के पावन अवसर पर, उनकी मूर्ति का प्रकट होना, लोग चमत्कार मान रहे हैं और जयकारे लगा रहे हैं।

### पुरातत्व विभाग ने लिया जायजा

**कूरेभार।** पुरातत्व विभाग के दो सदस्यीय टीम के लोगों ने मौके पर पहुँचकर मिली मूर्ति का जायजा लिया। टीम के घर स्वामी से मूर्ति की देखभाल करने का लिखित आश्वासन भी लिया। टीम के अनुसार मूर्ति 1000 साल पुरानी मूर्ति प्रतीत हो रही है। रिपोर्ट ऊपर भेजी जाएगी

## पुलिस अधीक्षक ने जिलेभर के थानेदारों के बदले प्रभार

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने शुक्रवार रात जिलेभर के थानों में बड़े पैमाने पर फेरबदल कर पुलिस महकमे में हलचल मचा दी। गहन मंथन के बाद किए गए इस व्यापक तबादले से कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की उम्मीद जताई जा रही है। नगर कोतवाली में तैनात नारदमुनि सिंह को बल्दीराय भेजा गया, जबकि बल्दीराय के प्रभारी धीरज कुमार को नगर कोतवाल की जिम्मेदारी सौंपी गई। हलियापुर के प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह को अपराध शाखा में भेजा गया है, वहीं पुलिस लाइन में तैनात तरुण कुमार पटेल को हलियापुर थाने का प्रभार मिला है।

महिला थाना प्रभारी निशा शुक्ला को अपराध शाखा, और अंजू मिश्रा को धम्मौर का प्रभारी बनाया गया। धम्मौर के ज्ञान चंद्र शुक्ला को पुलिस लाइन अटैच किया गया है। राम आशीष उपाध्याय को गोसाईगंज, जबकि प्रवीण कुमार यादव को धनपतगंज भेजा गया है। श्याम सुंदर अब कादीपुर कोतवाली संभालेंगे, अशोक कुमार सिंह को चांदा और रवीन्द्र सिंह को कूरेभार का प्रभार दिया गया है। शारदेन्दू दूबे करौंदीकला, उपेन्द्र प्रताप सिंह अखण्डनगर, धर्मबीर सिंह बंधुआकला, अखिलेश सिंह लंभुआ, और अखण्डदेव मिश्र कोतवाली देहात पहुंचाए गए हैं। अनिरुद्ध कुमार सिंह दोस्तपुर, सतेन्द्र कुमार सिंह जयसिंहपुर, अमित मिश्रा कुड़वार, विजय सिंह मोतिगरपुर और पंडित त्रिपाठी शिवगढ़ भेजे गए हैं। चंद्रभान वर्मा को थाना एएचटीयू और देवेंद्र सिंह को साइबर सेल की जिम्मेदारी दी गई है। आमजन को उम्मीद है कि इन तबादलों से जिले में पुलिसिंग में नई ऊर्जा आएगी।

## मंदिरों में हुए बजरंगबली जन्मोत्सव के कार्यक्रम



**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के बेहटा चैराहा स्थित हनुमान मंदिर, सब्जी मंडी स्थित बालाजी मंदिर, गोविंदपुर वलौली स्थित श्री शंकरेश्वर शिव मंदिर में भगवान बजरंगबली के जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। श्री बालाजी मंदिर में अशोक गुप्ता, अशोक शुक्ला और संजय चड्ढा के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोपहर में हवन पूजन और श्री बालाजी महाराज को फूल मालाओं से अभिसिंचित किया गया। दोपहर बाद बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही वलौली स्थिति शंकरेश्वर शिव मंदिर में सुशील शुक्ला, मीना शुक्ला ,रवि शंकर बाजपेई के द्वाराभ गवान बजरंगबली पर चमेली और सिंदूर का चोला चढ़ाया गया। श्री हनुमान चालीसा के साथ-साथ आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। बेहटा चैराहा स्थित श्री हनुमान मंदिर धाम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा और आरती का आयोजन किया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण भी हुआ। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मंत्री राम गोपाल त्रिपाठी ,जिला अध्यक्ष अजय बाबू पांडे, जिला मंत्री नीरज वाजपेयी, पंकज पांडे आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## समाजवाद का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना : पुष्पेंद्र त्यागी

- डीवाईएफआई का दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** भारत की जनवादी नव जवान सभा डीवाईएफआई का दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार को सुदनापुर में प्रारंभ हुआ। शिविर में प्रदेश भर से आए 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। उद्घाटन भाषण ओ.पी. वर्मा ने दिया।

प्रथम सत्र में ह्यसमाजवाद का भविष्यह्न विषय पर चर्चा करते हुए पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र त्यागी ने कहा कि समाजवाद का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने वर्तमान व्यवस्था में सत्ता और पूंजी के गठजोड़ पर चिंता जताई और युवाओं से सामाजिक सौहार्द कायम रखने की अपील की। दूसरे सत्र में बेरोजगारी कारण और समाधान विषय पर अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव विक्रम सिंह ने कहा कि भारत युवाओं का देश है, लेकिन रोजगार दर में गिरावट चिंताजनक है। सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरा नहीं जा रहा और संविदा पर भर्तियां बढ़ रही हैं। उन्होंने रोजगार सृजन को लेकर सरकार पर दबाव बनाने की आवश्यकता जताई। शिविर के बाद सुदनापुर बाजार में शहीदों की याद में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें टीवी व रेडियो गायक छविलाल पाल ने प्रस्तुति दी। इस मौके पर संगठन के अरविंद श्रीवास्तव, गुलाबचंद, राजकुमार, बलकेश मिश्र, जावेद हुसैन, विवेक विक्रम सिंह, शशांक पांडेय आदि मौजूद रहे।

# जलियांवाला बाग नरसंहार के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में जलियावाला बाग में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान जलियावाला बाग नरसंहार की विभीषिका को विद्यालय के बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से जीवंत कर दिया। वहीं 13 मार्च 1940 को लंदन में जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेने के लिए पंजाब के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर रहे जनरल डायर की हत्या करने वाले शहीद ऊधम सिंह की भूमिका का निर्वहन कर छात्र श्लोक ने सभी का मन मोह लिया।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों को बताया कि 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर में बैसाखी मेले के दौरान जलियांवाला बाग में रोलेट एक्ट के विरुद्ध शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए एकत्र सार्वजनिक सभा में अंग्रेजों ने निहत्थे लोगों पर गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतार दिया था। यह नरसंहार भारतवर्ष का एक काला अध्याय था। अंग्रेजी हुकूमत के जर्नल डायर ने 90 सिपाहियों के साथ इस घटना को अंजाम दिया। यह घटना अंग्रेजी शासन के अंत की दिशा में निर्णायक कदम मानी जाती है। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-




शिक्षिकाओं द्वारा जलियांवाला बाग नरसंहार के उपलक्ष्य में अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैसाखी के दिन हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के विषय में विद्यालय के बच्चों को शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा जानकारी दी गई। इस हत्याकांड में ब्रिटिश सरकार के सैनिकों ने निहत्थे लोगों पर गोलियां चला दी थीं। यह घटना भारत के स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख घटनाओं में से एक है। रौलेट एक्ट के खिलाफ अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के पास जलियांवाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा हो रही थी उसी समय जनरल डायर ने बिना किसी चेतावनी के गोलियां चलवा दीं, जिसमें सैकड़ो लोग मारे गए और हजारों की संख्या में घायल हुए थे। इसी घटना को लेकर स्कूल के बच्चों ने मिलकर एक लघु नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर सभी की आंखें नम कर दीं। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, राकेश अवस्थी, अभिषेक श्रीवास्तव, रामदेव, पिंकी जायसवाल, अजय सिंह, विवेक सिंह एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने करायी क्रॉप कटिंग

**महराजगंज, रायबरेली।** शासन के निर्देश व जिलाधिकारी के आदेश पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने क्षेत्र के भटसरा गांव के उन्नतशील किसान के गेहूं के खेतों में जाकर क्रॉप कटिंग करवाई तथा गेहूं की गुणवत्ता परखी। बताते चले की गेहूं के फसल की क्रॉप कटिंग विकासखंड महराजगंज के ग्राम सभा भटसरा के उन्नतशील किसान अनिल कुमार पुत्र शिवकुमार , पवन कुमार पुत्र सुखदीन के खेत में उपजिलाधिकारी सचिन यादव व राजस्व विभाग की टीम ने खेत में जाकर गेहूं की गुणवत्ता को जांचने एवं परखने हेतु एवं पैदावार जानने हेतु क्रॉप कटिंग के कार्य का निरीक्षण किया तथा 10 गुणा 10 त्रिकोण मीटर के क्षेत्र की फसल को निकलवा कर उसके अनाज को क्रॉप कटिंग के अनुसार माप कराई गई। जिसमें अनिल कुमार पुत्र शिवकुमार की गाटा संख्या 163 में 11.680 किलोग्राम तो वहीं पवन कुमार पुत्र सुखदीन के गाटा संख्या 464 में 19.00 किलोग्राम गेहूं निकला। वहीं उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने कहा कि विभिन्न फसलों में क्रॉप कटिंग का प्रयोग राजस्व विभाग और कृषि सांख्यिकी विभाग की ओर से संयुक्त रूप से किया जाता है। इससे प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों का प्रयोग उत्पादन का अनुमान लगाने उत्पादकता की गणना करने एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा दावों का भुगतान भी होता है। तथा पैदावार का अनुमान लगाने उत्पादकता की गणना करने एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा दावों का भुगतान के लिए भी होता है। इस मौके पर लेखपाल राजेश कुशवाहा सहित राजस्व कर्मी एवं गांव वासी मौजूद रहे।

संक्षेप

## बैंक में गबन करने वाला वांछित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा इंडियन बैंक कस्बा जसराना में धोखाधड़ी कर 1,85,97,900 रुपए से अधिक का गबन करने वाले वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा थाना जसराना पर इंडियन बैंक में धोखाधड़ी कर गबन करने के मामले में पंजीकृत मुकदमे से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त सुखदेव सिंह पुत्र छोटेलाल बघेल निवासी 25 बालाजीपुरम थाना हाइवे जनपद मथुरा को पटीकरा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया, अभियुक्त इंडियन बैंक कस्बा जसराना मे धोखाधडी कर 1,85,97,900 अनुमानित रुपए से अधिक का गबन करने वाले बैंक मेनेजर राघेवन्द्र सिंह का साथी है, पुलिस ने उपरोक्त अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा है।

## 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना पर 2 वांछित अभियुक्तगण श्याम पुत्र सुनील कुमार फाटक वाली गली रामनगर थाना लाइनपार फिरोजाबाद व सुशील कुमार पुत्र भीम सेन सन्तोष नगर को थाना उत्तर से गिरफ्तार किया, थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## श्रीहनुमान जी का किया गया पंचामृत अभिषेक

**मथुरा।** हनुमान जयंती के अवसर पर प्राचीन मंदिर घाटी वाले बाबा, गूजर घाटी चैक बाजार स्थित श्री हनुमान जी महाराज 251 किलो गाय का दूध, 51 किलो दही, 51 किलो बूरा, 11 किलो गाय का घी, 11 किलो शहद, केसर, गुलाब इत्र एवं गंगा एवं यमुना जल द्वारा हनुमान जी महाराज का पंचामृत अभिषेक महंत बलदेव प्रसाद व्यास एवं चरण सेवक सोनू पंडित एवं मोनू पंडित किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु जनों साथ में पूजा अर्चना कर पुण्य प्राप्त किया। सायं काल प्राचीन मंदिर में भव्य फूल बंगला से श्री राम दरबार, हनुमंत लाल एवं श्रीनाथजी के विग्रह के साथ पूरे मंदिर प्रांगण को देसी विदेशी फूलों के साथ सजाया गया एवं ठाकुर जी के समक्ष विशाल छप्पन भोग अर्पित किए गए। इस अवसर पर भजन संध्या में रसिक भक्तों द्वारा ठाकुर श्री हनुमंत लाल के भजन प्रस्तुत किए गए। देर रात तक भक्तों ने भजन संध्या का आनंद लिया। विभिन्न प्रकार के फूलों की महक से वातावरण सुगंध मय के मध्य रसिक भक्त भक्ति संगीत का आनंद ले रहे थे। कार्यक्रम के अंत में ठाकुर जी की महा आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महंत सत्यनारायण शर्मा, ट्विंकल वर्मा, गोपाल, अभिषेक चतुर्वेदी, रजत भारती, रितेश, जौनी सोनू भगत, आशीष का विशेष सहयोग रहा।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**मथुरा।** शहर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत आगरा रोड के शनिदेव मंदिर के नजदीक एक अज्ञात व्यक्ति पड़ा मिला। लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी। बताते हैं कि अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत बताया। शहर कोतवाली पुलिस शिनाख्त में जुटी हुई है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई। अभी तक मृतक के बारे में जानकारी नहीं मिली है।

# भाजपा सम्मेलन में गूंजा सुशासन व विकास का स्वर




**मथुरा।** भाजपा मथुरा-महानगर द्वारा मथुरा-वृन्दावन विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों का विशेष सम्मेलन शनिवार को बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं वर्तमान विधायक श्रीकांत शर्मा, महापौर विनोद अग्रवाल, गिर्राज सिंह कुशवाह राहुल चौधरी महानगर अध्यक्ष हरिशंकर यादव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन कर किया। महापौर विनोद अग्रवाल ने

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कांग्रेस का इतिहास ही काला रहा हैं कांग्रेस ने देश को आग में झोंकने का काम किया है कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की नियत में हमेशा ही खोट रहा हैं ये दोनों पार्टियां धारा 370 , राम मंदिर निर्माण पर देश को गुमराह करती रहीं और हमेशा झूठ बोलती रही की अगर कश्मीर से धारा 370 और अयोध्या में राम मंदिर बना तो देश में खून की नदियां बह जाएगी लेकिन देश में कहीं खून का एक कतरा भी नहीं गिरा भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है जहां भाजपा की सरकार बनती है वह प्रदेश दंगा मुक्त हो जाता है जहां पहले उप्र सपा की सरकार में सैकड़ो दंगे हुए वही भारतीय जनता पार्टी की योगी जी की सरकार में सुशासन की धारा उप्र में बह रही है और प्रदेश दंगा मुक्त हो गया है आगरा जिले के पुर्व अध्यक्ष एवं सम्मेलन के वक्ता गिर्राज सिंह कुशवाह ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 11 वर्ष से लगातार विकास कर रहा है मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत बन रहा है उन्होंने कहा कि हर घर बिजली पानी शौचालय आवास आज देने का काम डबल इंजन की सरकार ने किया है पीएम के नेतृत्व में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ हैं वही पीएम आयुष्मान योजना में गरीबों को जीने का अधिकार दिया है युवाओं को रोजगार देने का काम भी डबल इंजन की सरकार ने किया है हमने उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस रसोई देने का काम किया है धारा 370 को हटाने का काम हमारी सरकार ने किया है हम जो कहते है वही करते है हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है वहीं क्षेत्रीय मंत्री राहुल चौधरी ने कहाकि पार्टी की रीढ़ उसकी विचारधारा नहीं, बल्कि उसे जीवित रखने वाले कार्यकर्ता हैं। भाजपा का हर कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को लेकर जन-जन तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है।

# राणा सांगा की जयंती पर क्षत्रियों ने लहराये भगवा ध्वज

**आगरा।** आगरा के गढ़ी रामी गांव में सनातन महासभा द्वारा आयोजित राणा सांगा की जयंती का समारोह शुरू हो चुका है। करणी सेना ने इस आयोजन को 'रक्त स्वाभिमान सम्मेलन' नाम दिया हुआ है। कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी जा रही है। यह आयोजन सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी के विरोध में किया गया है, जिसमें क्षत्रिय समाज की भावनाएं आहत हुई थीं।

दोपहर 12 बजे बाद कार्यक्रम की शुरूआत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि लगभग एक लाख लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंच चुके हैं। सम्मेलन स्थल पर युवाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। कई युवाओं के हाथों में लाठी-डंडे और तलवारें हैं। कुछ लाइसेंसी बंदूक लेकर भी पहुंचे हैं। क्षत्रिय समाज के बड़े नेता भी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद हैं। कार्यक्रम स्थल पर उस समय माहौल गर्मा गया जब पंडाल में पुलिस जा पहुंची। इसके बाद पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी होने लगी और लोगों ने पुलिसकर्मियों को सम्मेलन स्थल से बाहर जाने को मजबूर कर दिया। सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा को गद्दार कहे जाने का गुस्सा गढ़ी रामी में साफ दिखाई दे रहा है। प्रशासन की तमाम रोकटोक के बावजूद वहां अब तक एक लाख के आसपास लोग जुट चुके हैं। विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह भी वहां पहुंचकर जमीन पर बैठ गए। बाद में लोग उन्हें आगे ले गए।

गढ़ी रामी में रैली के आयोजकों ने करीब 50 बीघे में पंडाल बना रखा है। जहां पर बीती रात से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। कार्यक्रम में मांग की गई कि सपा सांसद रामजीलाल सुमन की संसदीय सदस्यता समाप्त की जाए और कानूनी कार्रवाई हो। क्षत्रिय युवाओं पर लगे सभी मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं।? वीर योद्धा राणा सांगा को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।? गौतम बुद्ध नगर में निमार्णाधीन एयरपोर्ट का नाम राणा सांगा के नाम पर रखा जाए।? राणा सांगा का गौरवशाली इतिहास सभी शैक्षणिक संस्थानों के पाठ्यक्रम में जोड़ा जाए। इतिहास के विकृतिकरण को रोकने के लिए कठोर कानून बनाया जाए। पुलिस द्वारा एक्सप्रेसवे पर पत्थर डालकर रैली में आ रहे लोगों को रोकने की जानकारी जैसे ही करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत को मिली तो वे वहां पहुंच गए और पत्थरों को हटवाकर चेतावनी दी यदि किसी को भी रैली में जाने से रोका गंभीर परिणाम होंगे।इधर आगरा शहर में सुबह से ही ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है। सांसद सुमन की सुरक्षा के लिहाज से एमजी रोड पर सूरसदन चौराहा से सेंट जोंस चौराहा तक वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है ।

# हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन



**टूंडला।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर रघुनंदन प्लाजा बलदेव रोड टुंडला पर श्री सुंदरकाण्ड पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगर में शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इसी क्रम में नगर के बलदेव रोड स्थित रघुनंदन प्लाजा पर सुंदर काण्ड का पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां नगर के सभी धर्म प्रेमियों व आने जाने वाले राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भंडारा आयोजित कर्ता दीपक चौधरी,नरेन्द्र शर्मा,पुनीत रावत,हरीश चंदानी,आजाद जैन,विवेक कौशिक व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद अमृतम शाखा के नये पदाधिकारियों ने ली शपथ

**आगरा।** संपर्क, समर्पण, सहयोग, संस्कार, सेवा और अमृत कलश की भावना को आत्मसात करते हुए भारत विकास परिषद की अमृतम शाखा का प्रथम अधिष्ठापन समारोह शुक्रवार को होटल क्लार्क्स शिराज में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर शाखा के अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता राम भाई, सचिव राजीव गोयल, कोषाध्यक्ष मयंक जैन और महिला सहभागिता संयोजिका रेखा अग्रवाल को औपचारिक रूप से शपथ दिलाई गई। साथ ही विभिन्न प्रकल्पों के संयोजक भी घोषित किए गए, जिनमें संपर्क प्रकल्प के संयोजक अजय शिवहरे, सेवा प्रकल्प के संयोजक ज्योतिमोहन जिंदल, संस्कार प्रकल्प के संयोजक गौरव बिंदल और पर्यावरण प्रकल्प के संयोजक विकास गोयल शामिल हैं।ब्रज प्रांत अध्यक्ष उमेश बंसल, प्रांतीय सचिव सीए विवेक अग्रवाल और रीजनल अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा ने नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इस दौरान शाखा अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता ने पिछले वर्ष की उपलब्धियों और गतिविधियों का उल्लेख करते हुए आगामी योजनाओं की भी रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यक्रम में शाखा संरक्षक उमेश बाबू अग्रवाल ने भारत विकास परिषद की विचारधारा और अमृतम शाखा के भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एडवोकेट बसंत गुप्ता, मनीष अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, विकास अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, मुकुल बंसल, मोहित अग्रवाल, पवन बंसल, दीपक भार्गव, राजेंद्र खेलनी, पंकज गर्ग, डॉ. विजय सिंघल, पुरुषोत्तम मित्तल, अमित परासर, ब्रजेश बंसल, राजेश बंसल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# शराब न दिलाने पर दोस्त ने ही की थी बबलू की हत्या

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा बबलू की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्या करने वाले अभियुक्त संजय उर्फ संजू उर्फ नसीरा को गिरफ्तार किया है। शनिवार को थाना उत्तर पुलिस ने बबलू उर्फ बल्लू पुत्र झम्मन निवासी कोटला रोड़ चौकी के पीछे मौहल्ला दखल थाना फिरोजाबाद की हत्या में वांछित अभियुक्त संजय उर्फ संजू उर्फ नसीरा पुत्र बलवीर निवासी संतोष नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को बम्बा चौराहा ठेके के पास से गिरफ्तार कर बबलू की हत्या की घटना का सफल अनावरण किया। घटना के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रविशंकर प्रसाद ने बताया कि संजय उर्फ संजू उर्फ नसीरा पुत्र बलवीर निवासी संतोष नगर थाना उत्तर फिरोजाबाद जजलजीरें का ठेला लगाता है,इसकी बबलू उर्फ बल्लू से जान पहचान थी दोनों लोग पास-पास ही रहते है,दोनों देशी शराब ठेका कोटला चुंगी पर अक्सर शराब पीते थे और पैसे मिलकर दे दिया करते थे। दिनांक 19.03.2025 को रात करीब 09 बजे के आस पास दोनों ने कोटला चुंगी ठेके पर शराब पी थी शराब के पैसे संजू ने दिए,इसके बाद संजू ने बबलू से कहा कि अब तुम शराब ले आओ तो बबलू ने शराब लाने से मना कर दिया बात आगे बढ़ गई और बबलू ने संजू के थप्पड़ मार दिया जिस पर संजू को बहुत गुस्सा आया और मन में उसे सबक सिखाने का ठान लिया उसके बाद जब बबलू नशे की हालत में पैदल-पैदल कोटला चुंगी चौराहे से अपने घर की तरफ मौहल्ला दखल की तरफ चल दिया तो संजू भी बबलू के पीछे-पीछे चल दिया, कुछ आगे जाने पर गली के मोड़ पर संजू ने बबलू का हाथ पकड़ कर शराब पिलाने के बहाने बबलू को मौहल्ला दखल में खाली जमीन में बालू की टाल में ले गया। जहां संजू ने बबलू को बालू के ढेर पर धक्का मार कर गिरा दिया और हाथ से उसका गला दबा दिया और बालू के ढेर में मुंह दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गिरफ्तारी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को जेल भेजा है।

# खानवा के मैदान पर पहुंचकर सांसद चाहर ने किया राणा सांगा की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**आगरा।** भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व फतेहपुरसीकरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार चाहर ने अपने निवास से सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ खानवा के मैदान पर पहुंचकर वीर योद्धा महाराणा सांगा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व सांसद चाहर फतेहपुरसीकरी ब्लॉक के गांव सांथा पहुंचे। जहां उन्होंने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ क्षत्रिय वंश की माता कुलदेवी के दर्शन किए। साथ ही सांसद चाहर ने माता कुलदेवी के दरबार मे पूजा-अर्चना कर मंत्रोचारण के साथ हवन- पूजन भी किया। कुलदेवी का आशीर्वाद लेकर सांसद चाहर में काफिले के साथ खानवा के मैदान की ओर कूंच किया। वहां पहुंचकर सांसद चाहर ने राणा सांगा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रंद्धाजलि अर्पित की। इस मौके पर सांसद चाहर ने कहा कि भारतभूमि के गौरव, हिन्दू धर्म रक्षक, सनातन धर्म के ध्वजवाहक शूरवीर -पराक्रमी योद्धा महाराणा संग्राम सिंह ( सांगा ) की जन्म जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने खानवा के मैदान पहुंचकर राणा सांगा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रंद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा महाराणा संग्राम सिंह देश के बहादुर योद्धा थे। जिन्होंने मुगलों से अनेकों युद्ध लड़े और सब में जीत हुई। अक्रांता और लुटेरे बाबर से भी शूरवीर योद्धा राणा सांगा ने युद्ध लड़ने का काम किया था।ऐसे वीर योद्धाओं की वजह से ही हिंदू स्वाभिमान से जी रहा है। सांसद चाहर ने कहा कि जो हमारे गौरव हैं, जो देश के लिए कभी मुगलों तो कभी अंग्रेजों से लड़े, वो किसी एक जाति में जन्म तो लेते हैं पर ऐसे महापुरुषों ने हमेशा मानवता के लिए काम किया है। ये महापुरुष किसी एक जाति के न होकर सभी जाति वर्ग के होते हैं। इसके बाद सांसद चाहर ने भरतपुर स्थित महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनियां, पूर्व विधायक जितेंद्र वर्मा, सुग्रीव चौहान, ठा. गौरीशंकर सिंह, शैलू जादोन, कृष्णपाल सिंह, बंटी सिसौदिया, लाल सिंह लोधी, देवेंद्र रावत सहित समस्त प्रधान एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामचंद्र दास को संतों ने ओढ़ाई महंताई की चादर



**मथुरा।** सनातन धर्म पताका का विश्व स्तर पर परचम लहराने के उपलक्ष में जगतगुरु रामानंदाचार्य श्री रामभद्राचार्य के अभिनंदन समारोह के आयोजन शनिवार को वृंदावन में धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संतो का विशाल समागम देखने को मिला।

समारोह में पंच हरि व्यासी महानिवार्णी निमोर्ही अखाड़ा, ज्ञान गुदड़ी ,छत्तीसगढ़ के महंत गोपी कृष्ण दास द्वारा छत्तीसगढ़ कुंज की चदरपोसी जगतगुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास को की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध भजन गायक चित्र विचित्र के भजनों से किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी संतो ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। जिसमें मुख्य रूप से श्रीगुरु शरणानंद, अयोध्या हनुमानगढ़ी के श्रीमहंत धर्मदास, महंत गौरी शंकर महाराज, मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास, राम कथा प्रवक्ता विजय कौशल महाराज, साध्वी ऋतंभरा, सुतीक्ष्ण दास महराज, भागवत प्रवक्ता कृष्ण चंद्र ठाकुर जी, हेमकांत शरण महाराज, मिथिला कुंज के किशोरी शरण महाराज, गौरी गोपाल के अनिरुद्ध आचार्य महाराज, कौशिक जी महाराज, प्रकाशनंदपुरी, श्यामसुंदर गौतम के साथ- साथ साथ सैकड़ो महामंडलेश्वर संत महंतों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए एवं रामचंद्र दास महाराज को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी ने कोटवन में जगतगुरु रामभद्राचार्य जी के द्वारा राम कथा करने का निवेदन किया। इसके उत्तर में महाराज श्री द्वारा सीधा कहा गया कि जब तक यमुना जी शुद्ध नहीं हो जाती तब तक वे वहां कथा नहीं करेंगे। केवल भाषण देने से काम नहीं चलेगा अब काम करके दिखाना पड़ेगा। उनकी बात को सुनकर उपस्थित संतों ने यमुना मैया का जयकारा लगा दिया। सभी के उद्बोधन के बाद जगतगुरु रामभद्राचार्य जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री राधा रानी उनकी भाभी है। उन्होंने उनसे विनती की थी कि यदि ब्रज में सेवा करवाना है तो ऐसी व्यवस्था करें कि बृजवासियों की सेवा करने का मौका मिले। तो उन्होंने यमुना किनारे छत्तीसगढ़ कुंज की व्यवस्था कर दी। अब यहां बच्चों की शिक्षा से लेकर संतो की प्रसाद सेवा एवं समाज के हित के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य किए जाएंगे जिससे बृजवासियों को भी इसका फायदा मिलेगा।

# हत्या को दुर्घटना दिखाने की साजिश पुलिस ने की बेनकाब

● विवाहिता की हत्या करने वाले पति सहित 3 गिरफ्तार

**मथुरा।** दहेज के लालच ने एक और बेटी की जान ले ली। ससुरालियों की क्रूरता का शिकार बनी पूजा की हत्या को सड़क हादसे का रूप देने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस की सतर्कता और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने मामले की सच्चाई को उजागर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

फरह थाना क्षेत्र के पिलुआ सादिकपुर गांव निवासी भगवान सिंह ने अपनी दो बेटियों की शादी शेरगढ़ के भौगांव में की थी। बेटियों के विवाह में उन्होंने वैगनआर कार उपहार में दी थी, लेकिन कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने एक और कार की मांग शुरू कर दी। छोटी बेटी पूजा पर दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक अत्याचार बढ़ते गए। आरोप है कि पूजा के पति विष्णु ने अपने दोस्त गौरव पुत्र मोहनश्याम निवीस असगरपुर को पैसे का लालच देकर पत्नी की हत्या में साथ देने के लिये राजी कर लिया। विष्णु पत्नी पूजा, दो माह की बेटी को कार में बैठाकर जैंत थाना क्षेत्र में ले जाया गया, उसके साथ दोस्त गौरव भी था। छटीकरा से पहले गरूण गोविंद मंदिर से नगला रामताल जाने वाले रास्ते पर क्रिकेट स्टेडियम के पास गाड़ी रोककर रात करीब साढे दस बजे आरोपीन ने पत्नी का गला दबाया और सिर पर हथौड़े से हमला किया जिससे उसकी जान ली गई। इसके बाद कोटा पुल के पास शव को चलती कार से फेंक दिया गया, ताकि हत्या को सड़क हादसे की शक्ल दी जा सके। पूजा के परिजनों को शुरू से ही घटना पर शक था। उन्होंने पुलिस से मामले की गहन जांच की मांग की। जब पोस्टमार्टम कराया गया, तो रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि मौत की वजह सिर पर गंभीर चोट और गला घोंटना था। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए जांच तेज कर दी। पुलिस ने इस मामले में विष्णु सिंसौदिया पुत्र ताराचंद उसके भाई हेमंत और ताराचंद पुत्र रामप्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार, खून से सना हथौड़ा, पूजा की चप्पल और खून से लथपथ कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। विष्णु और उसके बड़े भाई की शादी एक ही परिवार की दो बहिनों के साथ हुयी थी। मृतका पूजा के दो माह की बेटी है।

## ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**अमेठी ।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 32 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार रात को हुई जब सरोज प्रजापति अयोध्या रोड पर मौर्य मार्केट के पास अपनी बाइक खड़ी करने के बाद सड़क पार कर रहा था। जगदीशपुर के थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटना में शामिल ट्रक की तलाश की जा रही है।

# धमकियां मिल रही हैं, लोकतंत्र में अराजकता नहीं होनी चाहिए : सांसद सुमन

**आगरा।** राणा सांगा पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर मचे बवाल के बीच सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने आज अपनी बात स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने भाषण में किसी भी धर्म का नाम नहीं लिया था, और राज्यसभा की पूरी कार्यवाही देखी जानी चाहिए। राज्यसभा के सभापति द्वारा उनके भाषण को कार्यवाही से हटा दिया गया था।सांसद सुमन ने कहा कि, ₹कोई भी विचार पूर्ण नहीं होता। किसी बात से असहमति है तो संविधान और कानून के दायरे में रहकर विरोध करें। प्रदर्शन करें, धरना दें, कोर्ट जाएं, लेकिन अराजकता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उनकी जान लेने के लिए 50 लाख रुपये का इनाम खुलेआम घोषित किया गया है। ₹कहा जा रहा है हड्डी तोड़ देंगे, नाक काट लेंगे, जान ले लेंगे। यह लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है। यह सामंती मानसिकता है। रामजीलाल सुमन ने कहा कि समाज में सामंती मानसिकता अभी भी मौजूद है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष के मंदिर जाने पर मंदिर को धोया गया। अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री आवास छोड़ा तो गंगाजल से शुद्धिकरण किया गया।उन्होंने भाजपा के लोगों से सवाल किया कि जब संसद ने 1991 में एक कानून बना दिया कि 15 अगस्त 1947 से पहले जो धार्मिक स्थल था वो वही रहेगा, तो बार-बार गड़े मुर्दे क्यों उखाड़े जा रहे हैं ? उन्होंने कहा कि धर्मस्थलों की ज्यादा खुदाई करोगे तो बौद्ध मठ निकलेंगे। बौद्ध अवशेष मिलेंगे। सांसद ने बताया कि उन्हें गंभीर जानलेवा खतरे की आशंका है। उन्होंने इसके लिए उपराष्ट्रपति, डीजीपी, और गृह सचिव से सुरक्षा की मांग की, लेकिन सुरक्षा न मिलने पर उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कहा, कोई सिरफिरा कुछ भी कर सकता है। पुलिस को भी जानकारी है कि मेरी जान को खतरा है।

# फिरोजाबाद की 30 चिकित्सा इकाइयां एनक्वास के लिए तैयार



**फिरोजाबाद।** जनपद की 30 चिकित्सा इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन ( एनक्वास ) के लिए तैयार किया गया है। इन इकाइयों का राज्य स्तरीय मूल्यांकन हो चुका है और नेशनल टीम के मूल्यांकन के बाद इन्हें सर्टिफिकेशन मिल सकेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राम बदन राम के दिशा निर्देशन में क्वालिटी एश्योरेंस प्रोग्राम के ज़िला सलाहकार डॉ.रबीश कुमार सिंह निरंतर इन इकाइयों के गैप्स को दूर करवाने में जुटे है। क्वालिटी एश्योरेंस प्रोग्राम के ज़िला सलाहकार ने बताया कि एनक्वास नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत जिला स्तरीय अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सीएचसी को प्रति बेड 10000 रुपये का पुरस्कार तीन वर्षों तक मिलता है। पीएचसी को तीन लाख और अर्बन पीएचसी को दो लाख रुपये तीन वर्षों तक पुरस्कार के तौर पर मिलते हैं। सात पैकेज में सर्टिफिकेशन होने पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को 1.26 लाख और बारह पैकेज में 2.16 लाख रुपये का पुरस्कार तीन वर्षों तक दिया जाता है। क्वालिटी एश्योरेंस प्रोग्राम के नोडल डॉ.के.के वर्मा ने बताया कि एनक्वास नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड एक राष्ट्रीय स्तर की पहल है जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना है। इसके तहत, स्वास्थ्य संस्थानों को विभिन्न मानकों पर खरा उतरना होता है,जैसे कि चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण और क्षमता, स्वास्थ्य संस्थानों की सुविधाएं और उपकरण से उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना आदि शामिल हैं। उन्होंने ने बताया कि जनपद में एनक्वास प्रमाणित 1 सीएचसी टुंडला और 13 एएएम आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राप्त कर चुके हैं।डॉ. रबीश कुमार सिंह ने बताया कि एनक्वास सर्टिफाइड होने के बाद मिलने वाली पुरस्कार की धनराशि से स्वास्थ्य इकाइयों में गुणात्मक सुधार संबंधित कार्य कराए जाते हैं। इससे मरीजों को और गुणवत्तापूर्ण सेवा मिलती है। गैप्स दूर करने में भी पुरस्कार की धनराशि मददगार होती है। पुरस्कार से कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन राशि दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि 8 मानकों पर दिया जाता है एनक्वास सर्टिफिकेशन जिसमे सेवा प्रावधान रोगी अधिकार, इनपुट,सहायता सेवाएँ नैदानिक देखभाल,संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता,प्रबंधन है,फिरोजाबाद जिले में 14 इकाइयां सीएचसी टूंडला, छितरई, पचोखरा, मंडई,कंथारी,लुहारी, डोकेली, सलेमपुर, पटीकरा,रैपुरा,सांखिनी रूपसपुर,नगला राजाराम,उमरी सर्टिफिकेशन हासिल कर चुकी हैं।

# तहव्वुर राणा को आगरा लाकर की जा सकती है पूछताछ

**आगरा।** मुंबई हमले का मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को आगरा भी लाया जा सकता है। आगरा के साथ ही उसे हापुड़ वाले एक लोकेशन के बारे में भी पूछताछ के लिए ले जाया जा सकता है। बताया जाता है कि तहव्वुर राणा अपनी पत्नी के साथ आकर आगरा के बालूगंज इलाके में ठहरा था और ताजमहल तथा अन्य लोकेशन की रेकी की थी।एनआईए के दस्तावेजों और सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि तहव्वुर राणा को आगरा लाया जा सकता है। मुंबई हमले से ठीक पहले 13 नवंबर, 2008 से 21 नवंबर, 2008 के बीच तहव्वुर राणा ने भारत का दौरा किया था। जांच एजेंसी यह जानना चाहती है कि हापुड़ और आगरा में जिस महिला को उसने पत्नी बताया था क्या वो महिला वास्तव में उसकी पत्नी थी या कोई अन्य थी। आगरा के जिस होटल में वह ठहरा था, वह एक बजट होटल था। जहां सीसीटीवी कैमरे भी नहीं थे। विदेशी मेहमानों के आने के लिए जमा होने वाले सी फॉर्म भी मैन्युअल भरे जाते थे। पाक मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा की मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली से दोस्ती थी। हालांकि कहा जाता है कि उसके भारत दौरे पर उसके साथ उसकी पत्नी समराज अख्तर राणा साथ थी। वह दिल्ली, कोच्चि अहमदाबाद और मुंबई भी गया था। मुंबई हमले के बाद एनआईए की जांच में तहव्वुर राणा का नाम सामने आया। तहव्वुर राणा आगरा में दो दिन के लिए रुका था। इस जानकारी से सुरक्षा एजेंसियों के होश उड़ गए। सुरक्षा एजेंसियों ने एलआईयू को प्रत्येक विदेशी के रिकॉर्ड खंगालने के लिए कहा था। एलआईयू बस इतनी जानकारी जुटा पाई थी कि वह बालूगंज के एक बजट होटल में 2 दिन के लिए ठहरा था। वह गैर कानूनी तरीके से आगरा में घुसा था। इस वजह से उसकी जानकारी भी ट्रेस नहीं हो सकी थी।

# स्वास्थ्य इकाइयां उपलब्ध करायें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन के निर्देशन में एडीएम वित्त एवं राजस्व विशु राजा की अध्यक्षता में जननी सुरक्षा गोल्डन कार्ड एवं आयुष्मान भारत तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान आदि की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया,बैठक मे समीक्षा करते हुए एडीएम ने निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य इकाईयाँ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर तरीके से उपलब्ध करायें और जनपद की स्वास्थ्य रैंक को उच्च स्तर पर लेकर आयें।

बैठक में जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए 48 घंटे के भीतर होने वाले लाभार्थी भुगतान को शत- प्रतिशत कराने का निर्देश दिया समीक्षा में पाया गया कि ब्लॉक शिकोहाबाद में जननी सुरक्षा योजना का लाभार्थी भुगतान कम होने पर अधीक्षक को निर्देशित किया कि प्रतिदिन भुगतान व प्रसव की समीक्षा करें। बैठक में सीएमओराम बदन राम ने सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जननी सुरक्षा योजना के 10 प्रतिशत लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग के प्रमुखता वाले 25 बिंदुओं, संचारी रोग नियंत्रण अभियान आयुष्मान भारत योजना, गेरसंचारी रोग नियंत्रण सहित स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं की समीक्षा की गई, एडीएम ने संबंधित चिकित्सकों से पूछा कितनी डिलीवरी हो रही है और इसमें इतने उतार चढ़ाव क्यों आ रहे हैं, उन्होंने अस्पताल में डिलीवरी कम होने पर भी नाराजी व्यक्त की, उन्होंने जेएसएस भुगतान के बारे में भी जानकारी ली, उन्होंने कहा कि पुराने डाटा की समीक्षा मत करो, इसको अपडेट करो एडीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एका खैरागढ़, मदनपुर, धनपुरा सबसे कम भुगतान करने वाली आशाओं की इकाई रही है, उन्होंने संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि आशा व आंगनबाड़ी आपकी जिम्मेदारी है, इसमें सुधार लाएं और भुगतान ज्यादा से ज्यादा कराये, इस पर सीएमओ ने कहा कि डीसीपीएम और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आशा आंगनबाड़ियों के भुगतान को देखे और कोई भी भुगतान लंबित न रहे, एका के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर और उनके कार्यों की स्थिति ठीक न होने पर उनका स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए, मदनपुर में आशाओं के भुगतान की स्थिति जानने पर अवगत कराया की वाउचर लेट हो गए हैं जिस कारण पेमेंट नहीं हो पाया है, जल्द से जल्द पेमेंट करा दिया जाएगा,एडीएम ने सीएमओ से कहा कि आशा प्राइवेट पेशेंट तो नहीं ले जा रही है एवं आशा काम नहीं कर रही हैं और प्राइवेट डायवर्सन कर रही हैं, तो ऐसी आशाओं को हटाने की कार्रवाई करें, एडीएम ने सम्बंधित चिकित्सकों से कहा कि नगर पालिका और नगर पंचायत एवं लोकल बॉडीज में संचारी रोग की स्थिति को भी जानिए, इस पर सीएमओ ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि डेंगू का एक भी केस निकलने पर उस पर त्वरित कार्रवाई करें, नगला पदम नारखी में भी अभियान चलाकर डेंगू के केसों को देखें, सीएमओ ने निर्देश दिए कि गांव में गड्ढा या पानी कहीं भी भरा है उसे चिन्हित करें।

संक्षेप

## यूपीआई को 15 दिनों में तीसरी बार व्यवधान का सामना करना पड़ा

नयी दिल्ली। देश भर के यूपीआई उपयोगकर्ताओं को शनिवार को लेनदेन विफलताओं का सामना करना पड़ा। तकनीकी खराबी के कारण भुगतान प्रणाली यूपीआई के बंद होने के कारण ऐसा हुआ। यह एक पखवाड़े से भी कम समय में तीसरी बार है, जब यूपीआई के तहत लेनदेन प्रभावित हुआ और सेवाओं में व्यवधान का सामना करना पड़ा। हाल के दिनों में, 26 मार्च और दो अप्रैल को यूपीआई व्यवधान की सूचना मिली थी। व्यवधान की निगरानी करने वाले मंच डाउनडिटेक्टर के अनुसार यूपीआई विफलताओं के बारे में शिकायतें सुबह 11:30 बजे के बाद शुरू हुईं। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) एक त्वरित भुगतान प्रणाली है, जिसे आरबीआई द्वारा विनियमित इकाई एनपीसीआई ने विकसित किया है। एनपीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, बीच-बीच में तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण आंशिक रूप से यूपीआई लेनदेन में कमी आ रही है। हम इस समस्या को हल करने के लिए काम कर रहे हैं और आपको सूचना देते रहेंगे। आपको हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।

## आवक की अप्रत्याशित कमी से तेल तिलहन की कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली। अप्रैल के इस मौसम में आवक अप्रत्याशित रूप से कम रहने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। दूसरी ओर ऊंचे दाम पर लिवाली कमजोर बने रहने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम पूर्ववत बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि वैश्विक व्यापार में शुल्क युद्ध के कारण आम तौर पर सभी अर्थव्यवस्थाओं में अस्थिरता है और खाद्यतेल-तिलहन बाजार भी इससे अछूता नहीं है। लेकिन एक पहेली जैसी स्थिति देखने को मिल रही है कि किसान अपने तिलहन फसलों की मंडियों में आवक, इस मौसम के सामान्य औसत मात्रा के मुकाबले काफी कम ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे कि सरसों की कई राज्यों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकारी खरीद शुरु हुई है तो अपेक्षा की जा रही थी कि किसानों की ओर से आवक में वृद्धि होगी। पर हकीकत में ऐसा होता नहीं दीख रहा। आवक इस मौसम के औसत 10-12 लाख बोरी के मुकाबले घटकर आज सवा पांच लाख बोरी की ही देखी गई। आवक कम रहने और मांग निकलने से सरसों तेल-तिलहन में सुधार आया। सूत्रों ने कहा कि इसी प्रकार मूंगफली और सोयाबीन की आवक भी कम है। सरकार को विशेष तौर पर इन दोनों ही फसलों के बारे में गंभीर कदम उठाने चाहिये।

## रेलवे बोर्ड ने 2025-26 के लिए 170.25 करोड़ टन माल ढुलाई का लक्ष्य रखा



नयी दिल्ली। रेलवे बोर्ड ने राजस्व बढ़ाने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 170.25 करोड़ टन माल ढुलाई का लक्ष्य रखा है। आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। चालू वित्त वर्ष का लक्ष्य 2024-25 में हासिल वास्तविक माल ढुलाई से लगभग 5.2 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में रेलवे ने लगभग 161.74 करोड़ टन माल की ढुलाई की थी। रेलवे ने 2024-25 में 2023-24 की तुलना में माल परिवहन में 1.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। बोर्ड की ओर से आठ अप्रैल को सभी 17 रेलवे जोन को जारी एक परिपत्र में लक्ष्य का ब्योरा देते हुए कहा गया है, वर्ष 2025-26 के लिए माल लदान से राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य।,70.25 करोड़ टन तय करने का निर्णय लिया गया है। उच्चतम ढुलाई लक्ष्य 27.5 करोड़ टन का पूर्व तटीय रेलवे (ईसीओआर) जोन को सौंपा गया है, जो 2024-25 में 25.9 करोड़ टन माल ढुलाई के साथ पहले स्थान पर है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पिछले पांच साल से ईसीओआर सबसे जूयादा माल ढुलाई करने वाला जोन रहा है। इसमें मुख्य योगदानकर्ता तालचर में एमसीएल के कोयला क्षेत्र, पारादीप, धामरा, विजाग, गंगावरम और गोपालपुर के बंदरगाह, छत्तीसगढ़ में बैलाडीला और ओडिशा में क्योंझर में लौह अयस्क की खदानें और अन्य प्रमुख इस्पात और एल्युमीनियम कंपनियां हैं।

# भारत के उभरते क्षेत्रों में निवेश करें ऑस्ट्रिया की कंपनियां: सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऑस्ट्रियाई कंपनियों से भारत में निवेश करने का आग्रह किया क्योंकि यह नए और उभरते क्षेत्रों में कई अवसर प्रदान करता है। ऑस्ट्रिया की यात्रा पर गयीं सीतारमण ने राजधानी वियना में भारत-ऑस्ट्रिया व्यापार गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ऑस्ट्रियाई कंपनियों को भारत द्वारा प्रदान किए जाने वाले कई अवसरों का लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत ने आर्थिक वृद्धि और समानता में तेजी लाने के साथ कारोबारी सुगमता को सुनिश्चित करने के लिए किए गए सुधारों की वजह से जबर्दस्त प्रगति की है। वित्त मंत्री ने कहा कि मैंने हरित हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहन, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और नवाचार में उभरते जैसे अवसरों का जिक्र किया। भारत एशिया और वैश्विक दक्षिण के लिए एक उत्कृष्ट प्रवेश द्वार है। सीतारमण ने ऑस्ट्रिया के व्यापार प्रतिनिधियों से कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के बीच मजबूत आर्थिक और वाणिज्यिक साझेदारी की संभावनाएं बहुत उज्ज्वल हैं। उन्होंने कहा कि कई ऑस्ट्रियाई कंपनियों ने भारत में उत्कृष्ट डिजिटल और आईटी प्रतिभा का लाभ उठाने के लिए भारत में क्षमता केंद्र स्थापित किए हैं। वित्त मंत्री ने पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी में, खासकर आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने में एक मील का पत्थर था। उन्होंने ऑस्ट्रियाई अर्थव्यवस्था मंत्री और वित्त मंत्री के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान वित्तीय, आर्थिक, व्यापार और निवेश क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। दोनों देश पारस्परिक लाभ के लिए अपनी पूरक क्षमताओं का लाभ उठाने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया की क्षमताओं और जुड़ाव की संभावनाओं के आधार पर हमने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को भी चिह्नित किया है। इनमें हरित और डिजिटल प्रौद्योगिकियां, बुनियादी ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा, जल प्रबंधन, जीवन विज्ञान, साथ ही इलेक्ट्रिक परिवहन और परिवहन शामिल हैं। सीतारमण ने स्टार्टअप और नवाचार के बारे में बात करते हुए कहा कि ये दोनों सरकारों के लिए एक प्रमुख प्राथमिकता है।

# भारत-यूरोपीय संघ प्रस्तावित एफटीए में लंबित मुद्दों को सुलझाने का कर रहे काम: गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में कुछ मुद्दे लंबित हैं और दोनों पक्ष इसे जल्दी निष्कर्ष पर पहुंचाने के लिए इन्हें सुलझाने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है।

गोयल ने इटली के उप-प्रधानमंत्री एंटोनियो तजानी के साथ संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में कहा, अगर कोई संवेदनशील मुद्दा न होता तो हम 18 साल पहले ही उस समझौते पर पहुंच चुके होते। जाहिर है, मुद्दे हैं और हम उन मुद्दों को सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। इटली 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) का सदस्य है। प्रस्तावित समझौते के लिए दोनों पक्षों ने पिछले महीने ब्रसेल्स में 10वें दौर की वार्ता पूरी की। अगले दौर की वार्ता मई में यहीं होने की उम्मीद है। जून, 2022 में भारत और ईयू ने आठ साल से अधिक के अंतराल के बाद वार्ता बहाल की। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण 2013 में यह वार्ता रुक गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष ने 28 फरवरी को इस वर्ष के अंत तक बहुप्रतीक्षित एफटीए पर सहमति जताई थी। इटली के विदेश एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री तजानी ने कहा, हम समझौते पर शीघ्र हस्ताक्षर करने के इस महत्वपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ब्रसेल्स (यूरोपीय संघ मुख्यालय) में जोर-शोर से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के कारोबार के लिए व्यापार और निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं। इतालवी कंपनियां अफ्रीका में भारतीय कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम के लिए तैयार हैं।

## भारत-आसियान ने की वस्तुओं में एफटीए की जारी समीक्षा पर चर्चा

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि भारत और 10 देशों के समूह आसियान के वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों क्षेत्रों के बीच वस्तुओं के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा के लिए यहां बातचीत की।

भारत ने आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा के लिए एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की आठवीं बैठक की मेजबानी की। चार दिवसीय बैठक शुक्रवार को यहां संपन्न हुई। इसकी सह-अध्यक्षता वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्रालय की वरिष्ठ निदेशक सुगुमारी एस शनमुगम ने की। बैठक में आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) देशों - ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समिति का प्राथमिक उद्देश्य एआईटीआईजीए की जारी समीक्षा को आगे बढ़ाने के लिए समझौते को आधुनिक बनाना है, ताकि इसे अधिक प्रभावी, उपयोगकर्ता-अनुकूल और व्यापार के लिए अनुकूल बनाया जा सके। आसियान भारत के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार बना हुआ है, जो भारत के वैश्विक व्यापार का लगभग 11 प्रतिशत है।

## बांग्लादेश से पारगमन माल 46 प्रतिशत बढ़ा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित पेट्रापोल भूमि बंदरगाह पर भारत के रास्ते दोबारा निर्यात के लिए बांग्लादेश से भेजा जाने वाला पारगमन माल वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान 46 प्रतिशत बढ़ गया।

आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, एक अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार के पारगमन सुविधा रद्द करने वाले फैसले के बाद बांग्लादेश का पारगमन माल से लदा कोई भी ट्रक नौ अप्रैल से पेट्रापोल सीमा से नहीं आया है। पेट्रापोल क्लियरिंग एजेंट्स स्टाफ वेल्फेयर एसोसिएशन (पीसीएएसडब्ल्यूए) की तरफ से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में 2,357.27 करोड़ रुपये मूल्य की 4,733 खेप ले जाने वाले 3,473 ट्रक पेट्रापोल के रास्ते बांग्लादेश से भारतीय सीमा में पहुंचे थे। वित्त वर्ष 2024-25 में 4,861 ट्रकों ने 3,446.66 करोड़ रुपये मूल्य की 7,772 खेपों का



परिवहन किया। यह उससे पहले के साल की तुलना में ट्रक आवाजाही में 36 प्रतिशत और माल के मूल्य में 46 प्रतिशत की उछाल को दर्शाता है। भारत ने 29 जून, 2020 से भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों के माध्यम से और बाद में भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों के माध्यम से बांग्लादेश से तीसरे देशों को भेजे जाने वाले निर्यात माल के पारगमन की अनुमति दी थी। हालांकि, इस साल आठ अप्रैल को, भारत सरकार ने पारगमन सुविधा को रद्द कर दिया। इस फैसले के बाद बांग्लादेश के बेनापोल बंदरगाह ने नौ अप्रैल को पारगमन माल ढोने वाले चार ट्रकों को लौटा दिया। पेट्रापोल भूमि बंदरगाह के प्रबंधक कमलेश सैनी ने कहा कि बांग्लादेश से तीसरे देशों के लिए माल ले जाने वाला कोई भी ट्रक नौ अप्रैल से पेट्रापोल सीमा में नहीं आया है, और अगले आदेश तक स्थिति ऐसी ही रहेगी। हालांकि बांग्लादेश के साथ सामान्य प्रत्यक्ष आयात-निर्यात गतिविधि निर्बाध रूप से जारी है।

## वनस्पति तेल का आयात मार्च में 16 प्रतिशत घटकर 9.98 लाख टन पर

नयी दिल्ली। भारत का वनस्पति तेल आयात मार्च महीने में 16 प्रतिशत घटकर 9.98 लाख टन रहा।

कच्चे सूरजमुखी तेल आयात में भारी गिरावट के कारण वनस्पति तेल आयात घटा है। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक बयान में, सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कहा कि वनस्पति तेलों का आयात पिछले साल मार्च में 11,82,152 टन से घटकर इस बार 9,98,344 टन रह गया। मार्च 2025 में खाद्य तेल का आयात एक साल पहले की अवधि के 11,49,681 टन से घटकर 9,70,602 टन रह गया। कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात पिछले महीने घटकर ।,90,645 टन रह गया, जो मार्च 2024 में 4,45,723 टन था। इस दौरान गैर-खाद्य तेलों की आवक 32,471 टन से घटकर 27,742 टन रह गई। नवंबर से शुरू होने वाले तेल विपणन वर्ष 2024-25 के पहले पांच महीनों के दौरान, कुल वनस्पति तेल का आयात पिछले वर्ष की इसी अवधि के 58,30,115 टन से मामूली रूप से घटकर 58,06,142 टन रह गया। तेल वर्ष नवंबर से अगले वर्ष अक्टूबर माह तक चलता है। एसईए ने कहा कि नवंबर 2024-मार्च 2025 के दौरान कुल खाद्य तेल आयात में से 6,62,890 टन रिफाइंड तेल का आयात किया गया।

# भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को 90 दिन में दिया जा सकता है अंतिम रूप



नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को 90 दिन में अंतिम रूप दिया जा सकता है। हालांकि दोनों देशों के लिए इसके फायदेमंद होने पर ही समझौता होगा। एक अधिकारी ने यह कहा।

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत पर लगाए 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क को 90 दिनों के लिए टालने का फैसला किया है। अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों ने समझौते के लिए बातचीत शुरू करने के लिए पहले ही नियम एवं शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा किसमझौते के शुरुआती बिंदुओं को अंतिम रूप देने के लिए बहुत संभावनाएं हैं। द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के स्वरूप और आकार को अंतिम रूप देने के लिए काफी संभावनाएं हैं। अधिकारी ने कहा कि 90 दिन में सब कुछ संभव है अगर यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। दोनों पक्षों ने इस वर्ष सितंबर-अक्टूबर तक समझौते के पहले चरण को समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। दोनों का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का है। अधिकारी ने कहा कि इस पर काम शुरू हो गया है। भारत एक व्यापार समझौते पर बातचीत करने में अन्य देशों से बहुत आगे है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका से लगातार संपर्क में है। इस दौरान बहुत सारी बातचीत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये होंगी जबकि कुछ यात्राएं भी हो सकती हैं। अमेरिका ने दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं के आयात पर 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की। लेकिन नौ अप्रैल को ट्रंप प्रशासन ने इस साल नौ जुलाई तक यानी 90 दिनों के लिए इनके निलंबन का फैसला किया। हालांकि भारत पर 10 प्रतिशत मूल शुल्क जारी रहेगा। इस बीच, दिन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत प्रस्तावित समझौते पर लगातार अमेरिका के संपर्क में है और सरकार देश व जनता के हितों की रक्षा करेगी क्योंकि जल्दबाजी में कोई भी कदम उठाना कभी भी उचित नहीं होता है। उन्होंने कहा कि देश की सभी व्यापार वार्ताएं भारत प्रथम की भावना के साथ अच्छी तरह आगे बढ़ रही हैं।

## नीति आयोग ने वाहन कलपुर्जा विनिर्माण के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन का सुझाव दिया

नयी दिल्ली। नीति आयोग ने सरकार को वाहन कलपुर्जा विनिर्माण के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन देने और भारत को वैश्विक वाहन बाजारों का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए बड़े वाहन संकुलों के विकास का शुक्रवार को सुझाव दिया।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने वाहन उद्योग: वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भागीदारी को सशक्त बनाने पर केंद्रित यह रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के मुताबिक, देश का वाहन कलपुर्जा उत्पादन वर्ष 2030 तक बढ़कर 145 अरब डॉलर हो जाएगा जबकि निर्यात 20 अरब डॉलर से तीन गुना बढ़कर 60 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, सरकार को वाहन कलपुर्जा की विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए परिचालन व्यय सहायता देनी चाहिए। इसमें टूलिंग, डाई और बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नीति आयोग की रिपोर्ट में वाहन क्षेत्र में भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाने के लिए कई रणनीतिक राजकोषीय और गैर-राजकोषीय हस्तक्षेपों की रूपरेखा दी गई है। इसमें कहा गया है, सरकार को आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने के लिए शोध एवं विकास और परीक्षण केंद्रों जैसी सामान्य सुविधाओं के जरिये फर्मों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए संकुल (क्लस्टर) के विकास का भी समर्थन करना चाहिए। रिपोर्ट में कौशल विकास पहलों पर जोर देते हुए कहा गया है कि उत्पादों में विविधता लाने और बौद्धिक संपदा अधिकारों को हस्तांतरित कर एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए शोध, विकास और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग पर प्रोत्साहन देने की जरूरत है। इस रिपोर्ट में वैश्विक बाजार पहुंच का विस्तार करने के लिए संयुक्त उद्यमों की स्थापना, विदेशी सहयोग और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया गया है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि दक्षता में सुधार के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों के एकीकरण और उन्नत विनिर्माण मानकों का प्रोत्साहन किया जाए।

पेज एक का शेष

### पश्चिम बंगाल

जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ जारी प्रदर्शन से कथित रूप से जुड़ी हिंसक झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई और इस सिलसिले में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सामान्य स्थिति बहाल करने में मदद करने के लिए मुर्शिदाबाद के प्रभावित क्षेत्रों में सीएपीएफ की तैनाती का आदेश दिया। केंद्रीय बल राज्य प्रशासन के साथ समन्वय में काम करेंगे। अदालत ने राज्य सरकार और केंद्र दोनों को स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल को निर्धारित की गई है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी की विशेष पीठ का गठन किया था। याचिका में जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती किये जाने का अनुरोध किया गया था। राज्य के वकील ने अदालत को बताया कि मुर्शिदाबाद के हिंसा प्रभावित सुती, धुलियान और शमशेरगंज इलाकों में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सात कंपनियां तैनात की गई हैं। अधिकारी के वकील ने हालांकि आरोप लगाया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बीएसएफ कर्मियों को उचित तरीके से तैनात नहीं किया जा रहा है। पीठ ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को अवकाश के दिन याचिका पर सुनवाई की।

### 10 हजार

सौर खुदरा दुकानें स्थापित की गईं, जिनसे 414 महिलाओं को लाभ हुआ। इसके अलावा 80 सौर खाद्य प्रसंस्करण मशीन, ड्रायर, और डीफ्रीजर स्थापित किए गए। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने इस महत्वाकांक्षी योजना की बारीकियों को साझा करते हुए बताया कि अगले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा और महिला सशक्तीकरण का केंद्र बनाने का एक विस्तृत खाका तैयार किया गया है। इस रणनीति के तहत हर मंडल में सौर उत्पाद विनिर्माण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में कुल 18 मंडलों को कवर करते हुए इन इकाइयों के माध्यम से 540 महिलाओं को सीधे रोजगार प्रदान किया जाएगा। ये इकाइयां सौर पैनल, बैटरी, और अन्य अत्याधुनिक उत्पादों के निर्माण पर केंद्रित होंगी, जो न केवल स्थानीय जरूरतों को पूरा करेंगी, बल्कि बाजार में भी अपनी पहचान बनाएंगी। इसके अलावा सरकार 826 विकास खंडों में 3,304 सौर दुकानों की स्थापना करने जा रही है। प्रत्येक विकास खंड में औसतन चार दुकानें खोली जाएंगी, जो सौर लालटेन, चार्जर और छोटे घरेलू उपकरणों की बिक्री और मरम्मत के लिए केंद्र के रूप में काम करेंगी। इससे 3,304 महिलाएं इन दुकानों का संचालन कर आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का प्रसार तेज होगा। प्रदेश में 20,000 विकेंद्रीकृत सौर उत्पादों जैसे सौर खाद्य प्रसंस्करण मशीन, सौर ड्रायर, और सौर डीफ्रीजर की स्थापना की जाएगी। इन उत्पादों से 20,000 महिलाओं को उद्यमिता का मौका मिलेगा, जो उन्हें छोटे व्यवसाय शुरू करने और स्थानीय स्तर पर आय सृजन में सक्षम बनाएगा। ये उत्पाद खाद्य संरक्षण और ऊर्जा संचयन में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे। इसके अलावा, प्रदेश की 57,702 ग्राम पंचायतों में 57,702 सूर्य सखियों की तैनाती की जाएगी। हर ग्राम पंचायत में एक सूर्य सखी होगी, जो सौर ऊर्जा उत्पादों के उपयोग, रखरखाव, और जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी लेगी। यह कदम ग्रामीण स्तर पर ऊर्जा क्रांति को गति देगा और महिलाओं को तकनीकी नेतृत्व की भूमिका में लाएगा।

### बाबा साहब

ने समझाने का प्रयास किया तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया। इसमें चार पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। इसके बाद बीकेटी, इटौंजा, महिंगवा, मड़ियांव थाने के साथ पीएसी और महिला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के पथराव के बाद पुलिस लाठीचार्ज व आसूं गैस के गोले दागे हैं। हालात को काबू में करने के लिए अन्य जोन पुलिस बल मौके पर पहुंचा है।महिगंवा थाने के दारोगा रामेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल जय प्रकाश, लाल मोहम्मद, बीकेटी थाने के दारोगा शेष मणि मिश्रा घायल हुए हैं। जबकि पथराव करने वालों में शामिल सावित्री, पूजा, कोमल, रूबी, मुन्नी होलिका भी चोटिल हुई हैं। उपजिलाधिकारी बख्शी का तालाब सतीश चंद्र त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे हैं।इसके अलावा घटना की जानकारी पाकर अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे तब जाकर स्थिति नियंत्रण में आई।

### ट्रंप प्रशासन ने

अलावा बड़ी टेक कंपनियों जैसे एप्पल और सैमसंग को भी राहत मिलेगी, क्योंकि उनके बहुत से उत्पाद अमेरिका में नहीं बनते और वे दूसरे देशों से इन्हें आयात करते हैं।

### घाटी में मुठभेड़

कुलदीप चंद हिमाचल प्रदेश के निवासी थे। जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर कहा, व्हाइट नाइट कोर के जीओसी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पी के मिश्रा) और सभी स्तर के अधिकारियों ने 9 पंजाब के बहादुर सूबेदार कुलदीप चंद के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया। उन्होंने 11 अप्रैल 2025 की रात को सुंदरबनी के केरी भट्टल इलाके में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ-रोधी अभियान का बहादुरी से नेतृत्व करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। शुक्रवार बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार को मारे गए आतंकवादी पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबद्ध थे और इसमें एक शीर्ष कमांडर सैफुल्ला भी था, जो पिछले एक साल से चेनाब घाटी क्षेत्र में सक्रिय था। असम राइफल्स के 5-सेक्टर कमांडर ब्रिगेडियर जे बी एस राठी और डोडा-किश्तवाड़-रामबन रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) श्रीधर पाटिल ने बताया कि नौ अप्रैल को शुरू किया गया अभियान अब भी जारी है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना है। ब्रिगेडियर राठी ने किश्तवाड़ में संवाददाताओं को बताया अभियान में कुल तीन आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि सैनिकों ने शानदार कौशल और तत्परता दिखाई तथा सुनिश्चित किया कि इस ओर कोई हताहत न हो। सैनिकों ने बहुत ही पेशेवराना अंदाज दिखाया और स्थानीय आबादी की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

### आठवीं पुण्यतिथि

वितरण, अपरान्ह बीबीडी टाइम स्क्वायर टावर गोमतीनगर के बाहर कार्यालय टीम द्वारा श्रद्धांजलि सभा, बीबीडी बैडमिंटन अकादमी विपिन खण्ड गोमतीनगर में बैडमिंटन खिलाड़ियों व अकादमी के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम, सायं डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौराहे के समीप डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउण्डेशन द्वारा विशाल भण्डारा व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नरही में संदीप अग्रवाल द्वारा प्याऊ लगाकर शर्बत वितरण किया गया। सदर स्थित हरिश्चन्द्र इंटर कॉलेज के ग्राउंड में गुरू जी अखाड़े के तत्वावधान में प्रथम डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी मेमोरियल/विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास शामिल हुए। वहां पर उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व मेयर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पहलवानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और इसके बाद उन्होंने कुश्ती का आनंद लिया। उन्होंने प्रथम विजेता हरियाणा के पहलवान को ट्रॉफी और 51000 रुपये नकद इनाम देकर पुरस्कृत व सम्मानित किया। इसके साथ ही बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी गोमती नगर एवं बीबीडी ग्रीन सिटी सेंट्रल स्टोर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभाओं में लखनऊ के सामाजिक, राजनीतिक एवं खेल जगत से जुड़ी हस्तियों, गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय लोगों ने उपस्थित होकर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं राजधानी लखनऊ के पूर्व मेयर तथा बीबीडी ग्रुप के संस्थापक डॉ अखिलेश दास गुप्ता की आठवीं पुण्य तिथि के अवसर पर बीबीडी यूनिर्वसिटी में आयोजित अखिल ज्योत कार्यक्रम की शुरूआत डॉ अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्पांजलि से हुई। इस अवसर पर बीबीडीईजी के मुख्य अधिशासी निदेशक आर के अग्रवाल, बीबीडीयू के प्रो वाइस चांसलर डॉ. एससी शर्मा, सभी सम्मानित अतिथि, सभी डायरेक्टर, डीन्स, फैकल्टी एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्वाजंलि अर्पित की गयी। इसी क्रम में एनसीसी के कैडेट्स द्वारा क्लॉथ्स डोनेशन बैंक-बीबीडी जनर्सिटी जंक्शन का शुभांरभ किया गया, जिसका उद्घाटन बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास ने रिबन काट कर किया। गरीब छात्रों को शिक्षित करने के उद्देश्य से उत्तरधौंना गांव में कम्युनिटी लाइब्रेरी का शुभांरभ बीबीडीईजी के मुख्य अधिशासी निदेशक आरके अग्रवाल एवं प्रो वाइस चांसलर डॉ. एससी शर्मा द्वारा किया गया। एनएसएस छात्रों द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। बीबीडी कैम्पस में स्थित ऑडिटोरियम में इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन एआई इन डिजिटल ग्रोथ का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत डॉ अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल पर लेक्चर हुआ, जिसके मुख्य वक्ता डॉ संजय त्यागी, ज्यूरिडिक्शनल डायरेक्टर एसटीपीआई, बंगलौर थे। उन्होंने उनके सामाजिक, शैक्षिक एवं खेल के क्षेत्र में किये गये कार्यों की प्रशंसा की। एआई इन डिजिटल ग्रोथ विषय पर पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता डॉ निश्चल कुमार वर्मा, आईआईटी कानपुर, डॉ आरके मिश्रा, आईआईटी बीएचयू, डॉ कृष्ण प्रताप सिंह आईआईआईटी, प्रयागराज एवं डॉ टीना शर्मा आईआईटी, गुवाहाटी आदि थे। उन्होंने कहा कि एआई इन डिजिटल आज लोगों के रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनकर उभरा है और हम सभी की प्रगति का आधार बनेगा। सभी वक्ताओं ने एआई पर विस्तार से बताकर लोगों को जागरूक किया। छात्रों ने आइडियाथन- स्पार्क टू स्टार्टअप का बेहतरीन प्रेजेंटेशन दिया। रोबोटिक्स हैकथॉन भी छात्रों द्वारा प्रदर्शित किया गया। रिसर्च प्रतिभागियों ने रिसर्च पेपर विभिन्न विषयों पर प्रेजेंट किये। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रवीण कुमार शुक्ला डीन, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग ने कहा कि यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास की प्रेरणा से हुआ। सभी पैनल वक्ताओं एवं उपस्थित लोगों को धन्यवाद प्रेषित कर आभार प्रकट किया। इसी क्रम में बीबीडी कैम्पस में श्रद्धाभोज का आयोजन किया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर बीबीडी परिवार के सभी सदस्यों ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरूण गुप्ता, कैलाश पाण्डेय, सुधर्मा सिंह, राजीव बाजपेयी, वंदना राज अवस्थी, शान बख्शी, कमलेश गुप्ता, उषा बाल्मीकि, उमा गुप्ता, चंद्रा रावत, कमल बाल्मीकि, आयुष बाल्मीकि, राजीव बहल, अजय श्रीवास्तव, डॉ. पीएस जायवाल पूर्व सभासद, मौलाना हसन आब्दी, स्पर्श दरबारी, अरून कक्कड़, सर्वेश अवस्थी, रवि विश्वकर्मा, चौ. वीर सिंह, अर्जुन चौधरी, अतीक अंसारी, सुनील यादव, केसी यादव, सीपी गोयल एवं अशोक सिंह सहित सैंकड़ों लोगों ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी को याद किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।




संक्षेप

## अल्कराज की संघर्षपूर्ण जीत

मोनाको। कार्लोस अल्कराज ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन गत चैंपियन स्टेफानोस सितसिपास हारकर बाहर हो गये। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कराज को क्वार्टर फाइनल में आर्थर फिल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। पहला सेट गंवाने के बाद वह दूसरे और तीसरे सेट में भी पीछे चल रहे थे लेकिन आखिर में ढाई घंटे तक चले मैच में 4-6, 7-5, 6-3 से जीत हासिल करने में सफल रहे। अल्कराज पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका मुकाबला स्पेन के हमवतन खिलाड़ी और 2022 के उपविजेता एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। डेविडोवोविच फोकिना ने एलेक्सी पोपिरिन को 6-3, 6-2 से हराया। सितसिपास का इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन रहा है लेकिन लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बाद उनकी लय एकदम से गड़बड़ा गई। सितसिपास 2021, 2022 और 2024 में मोंटे कार्लो चैंपियन रहे हैं और उनका मुसेटी के खिलाफ 5-0 का शानदार रिकॉर्ड था। उन्होंने शुक्रवार को पहला सेट 6-। से जीता।

## चेन्नई टीम में आत्मविश्वास की कमी : माइकल क्लार्क

चेन्नई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खेल में आत्मविश्वास की कमी है जो मौजूदा समय की जरूरत के मुताबिक नहीं खेल पा रही है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई की टीम को शुक्रवार को एकतरफा मैच में आठ विकेट से हराया। चेन्नई ने इस दौरान अपने घरेलू मैदान पर सबसे कम स्कोर बनाने के बाद छह मैचों में लगातार पांचवीं हार का सामना किया। जियो स्टार के विशेषज्ञ क्लार्क ने कहा, यह पिच बल्लेबाजी के लिए काफी कठिन लग रही थी। नयी गेंद से थोड़ी हरकत कर रही थी और गेंद निश्चित रूप से कुछ स्पिन भी हो रही थी। मुझे लगता है कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम गलत योजना के साथ मैदान पर उतरी थी। उन्होंने कहा जिस तरह से यह टीम खेल रही थी उसमें आत्मविश्वास और जज्बे की कमी स्पष्ठ रूप से महसूस की जा सकती है। उनका रवैया आज के दौर के क्रिकेट जैसा नहीं दिख रहा है। उनकी कोशिश बस जीत के करीब पहुंचने या बड़ी हार को टालने की रहती है। क्लार्क ने कहा उन्होंने इस तरह के रूढ़िवादी रवैये की जगह सब कुछ दांव पर लगाना चाहिए।

## गुजरात के ग्लेन फिलिप्स आईपीएल मैच से बाहर

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स ग्रोइन की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह घोषणा की। गुजरात टाइटंस ने यहां जारी बयान में कहा, फिलिप्स सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान फील्डिंग करते समय चोटिल हो गए थे। न्यूजीलैंड का यह ऑलराउंडर स्वदेश लौट गया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में गुजरात टाइटंस के किसी भी मैच में अंतिम एकादश में शामिल नहीं थे। सनराइजर्स के खिलाफ मैच में वह स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक रूप में फील्डिंग कर रहे थे। फिलिप्स गुजरात टाइटंस के स्वदेश लौटने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं।

## वनडे में दो गेंद इस्तेमाल करने के नियम में बदलाव

नयी दिल्ली। वनडे क्रिकेट में बल्लेबाजों के दबदबे को लेकर चली आ रही चिंता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद 50 ओवर के प्रारूप में दो गेंद के इस्तेमाल के नियम में बदलाव कर सकता है। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली आईसीसी क्रिकेट समिति ने वनडे में एक गेंद के इस्तेमाल की सिफारिश की है। दो नयी गेंद का नियम एक दशक से भी अधिक समय से लागू है। इस सिफारिश को आईसीसी के निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए जिसके बाद ही इसे संशोधित खेल शर्तों में शामिल किया जाएगा।

# लखनऊ जायंट्स की जीत की हैट्रिक

### आईपीएल 2025 : पूरन और मारकम के अर्धशतक, लखनऊसुपर जायंट्स छह विकेट से जीता

एजेंसी



लखनऊ। लखनऊसुपर जायंट्स ने निकोलस पूरन की सात छक्के और एक चौके जड़ित 61 रन की पारी और एडेन मारक्रम (58 रन) के अर्धशतक से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ तीन गेंद रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। यह लखनऊकी टीम की लगातार तीसरी जीत है जिसने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करते करते हुए गेंदबाजों की बदौलत गुजरात जायंट्स को तेज शुरूआत के बावजूद छह विकेट पर 180 रन पर रोक दिया जिसके लिए कप्तान शुभमन गिल (60 रन) और साई सुदर्शन (56 रन) ने अर्धशतक जड़े।

लखनऊसुपर जायंट्स पूरन (34 गेंद, एक चौका, सात छक्के) और मारक्रम (31 गेंद, नौ चौके, एक छक्का) की पारी से लक्ष्य के करीब पहुंची। उसने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुजरात टाइटन्स को इस तरह चार जीत के बाद हार का मुंह देखना पड़ा। पंत (21 रन) और मारक्रम ने मिलकर पावरप्ले में 61 रन जोड़कर सधी शुरूआत की। पर अगले ही ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा (26 रन देकर दो विकेट) पर चौका जड़ने के बाद गेंद को ऑफ साइड पर ऊंचा उठा बैठे और वाशिंगटर सुंदर को कैच थमाकर आउट हुए। अब पूरन क्रीज पर उतरे, उन्होंने सहज होते ही आक्रामक बल्लेबाजी करना शुरू किया जिसकी शुरूआत उन्होंने आठवें ओवर में राशिद खान (35 रन देकर एक विकेट) की गेंद को छक्के के लिए पहुंचाकर की। एक गेंद बाद उन्हें जीवनदान मिला और उन्होने मौके का पूरा फायदा उठाकर अगले ओवर में सुंदर पर एक चौका और एक छक्का जड़ा। 10वें ओवर में साई किशोर की गेंदों को पूरन ने धुन डाला जिसमें तीन छक्के जड़े थे। इसी ओवर में 24 रन बने जिसमें मारक्रम ने अपना अर्धशतक पूरा किया। पर मारक्रम भी कृष्णा का दूसरा शिकार बने। लेकिन पूरन का गेंदबाजों को धुनना जारी रहा, उन्होंने 13वें ओवर में मोहम्मद सिराज की पहली गेंद पर डीप मिडविकेट पर गगनदायी छक्का जड़ा जिससे वह ओरेंज कैप की दौड़ में साई सुदर्शन से ऊपर चले गए। फिर इसी ओवर की चौथी गेंद को चौके के लिए पहुंचाकर 23 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

यह छह पारियों में उनका चौथा अर्धशतक रहा। फिर आयुष बडोनी (नाबाद 28 रन) ने अंतिम ओवर में चौका और छक्का जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले कप्तान शुभमन गिल (60 रन, छह चौके, एक छक्का) और साई सुदर्शन (56 रन, सात चौके, एक छक्का) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी के बावजूद गुजरात टाइटन्स की टीम छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी।

सुदर्शन (37 गेंद में 56 रन) ने सत्र का अपना चौथा अर्धशतक लगाया और गिल (38 गेंद में 60 रन) के साथ मिलकर बड़े स्कोर के लिए मंच तैयार किया। लेकिन घरेलू टीम के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी की और तीन विकेट चटकाकर स्कोरिंग गति पर ब्रेक लगा दिया। पहले विकेट के लिए सत्र की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी के बाद मेहमान टीम आखिरी आठ ओवरों में सिर्फ 60 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सुदर्शन ने शानदार शुरुआत की। उन्होंने शार्दुल ठाकुर (34 रन देकर दो विकेट) की शॉर्ट गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर चौका लगाकर पारी की शुरुआत की। सुदर्शन और गिल दोनों ने लगभग हर ओवर में बाउंड्री जमाई और घरेलू गेंदबाजों को परेशान किया। गुजरात की टीम ने छठे ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया जब सुदर्शन ने आवेश खान (32 रन देकर एक विकेट) की गेंद को बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर चौके के लिए पहुंचाया। मेहमान टीम ने पावरप्ले में 64 रन बनाए।

## पंकज ने डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स में जीता रजत



नयी दिल्ली। भारत के सबसे दिग्गज क्यू (बिलियर्ड्स और स्नूकर) खिलाड़ियों में शामिल पंकज आडवाणी को डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप के फाइनल में डेविड कॉजियर के खिलाफ मामूली अंतर से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पंद्रह चरण के मुकाबलों के फाइनल में दोनों खिलाड़ियों ने पूरा दमखम दिखाया। आडवाणी ने 2-0 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी ने आयरलैंड के कार्लो में खेले गए फाइनल मुकाबले में शानदार वापसी की। आडवाणी अब रविवार से यहां आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स में अपने खिताब का बचाव करेंगे उतरेंगे, जिसे वह 2016 से जीतते आ रहे हैं। यह विश्व चैंपियनशिप समयबद्ध प्रारूप में आयोजित की जाएगी, जिसमें दुनिया भर के खिलाड़ियों से बड़े ब्रेक की उम्मीद की जाती है।

**भारतीय मूल के खिलाड़ियों ने ऑगस्टा मास्टर्स में कट हासिल किया**

ऑगस्टा। साहित थिगाला (72) और आरोन राय (74) सहित भारतीय मूल के तीनों गोल्फर 89वें ऑगस्टा मास्टर्स के दूसरे दिन कट में जगह बनाने में सफल रहे। थिगाला और राय संयुक्त रूप से 27वें जबकि अक्षय भाटिया (76) संयुक्त 40वें स्थान के साथ आखिरी दो दौर के मुकाबले में अपनी जगह पक्की करने में सफल रहे। राय की यह ऑगस्टा में पहली उपस्थिति है जबकि भाटिया की दूसरी और थिगाला की तीसरी। खास बात ये है कि भारतीय मूल के तीनों खिलाड़ी अपनी प्रत्येक मौजूदगी में कट में जगह बनाने में सफल रहे है। शुरुआती दौर के बाद शीर्ष सात में रहने वाले भाटिया ने दो बोगी के साथ 76 का कार्ड खेला।

वह मुश्किल से कट में जगह बना सके। राय में शुरुआती दौर में संयुक्त सातवें स्थान पर थे उन्होंने डबल बोगी और एक बोगी के साथ एक बर्डी लगा कर 74 के कार्ड के साथ पार स्कोर बनाया है। दो बार के मास्टर्स उपविजेता जस्टिन रोज़ ने शीर्ष पर अपनी बढ़त बनाए रखी। उनकी बढ़त हालांकि तीन शॉट से घट कर एक शॉट की हो गयी। उनके बाद दो बार के यूएस ओपन विजेता, ब्रायसन डेचैम्ब्यू (68) दूसरे स्थान पर है। थिगाला शीर्ष-10 के करीब हो सकते थे, लेकिन वह आखिरी तीन होल में एक बोगी और एक डबल बोगी कर बैठे।

## आशी और अभ्युदय ने किया शानदार प्रदर्शन, जीते खिताब



खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की आशी शमशेरी और अभ्युदय ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डा. केएल गर्ग मेमोरियल आइटा सीएस-7 (अंडर-18) टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः बालिका और बालक वर्ग के खिताब अपने नाम कर लिए। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में यह टूर्नामेंट गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर डा.केएल गर्ग चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया गया।

समापन समारोह में एसडीएस टेनिस अकादमी के कोषाध्यक्ष दीपक पाठक और पवन सागर ने पुरस्कार वितरित किए। बालिका वर्ग के फाइनल में दूसरी वरीय आशी शमशेरी ने उत्तर प्रदेश की ही सिद्धि सिंह को 6-3, 6-2 से हराकर खिताब जीता।

पूरे मैच में आशी ने शानदार कोर्ट कवरेज का नजारा पेश किया और सटीक शॉट्स लगाए और अपने बेहतरीन खेल से जीत सुनिश्चित की। वहीं बालक वर्ग में अभ्युदय ने तेजतर्रार सर्विस करने के साथ दमदार फोरहैंड और बैक हैंड शॉट खेलते हुए खिताबी जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल मुकाबले में महत्वपूर्ण अंक हासिल करते हुए दबाव बनाया और उत्तर प्रदेश के अनुरुद्ध को 6-1, 6-2 से मात दी।

> डा. केएल गर्ग मेमोरियल आइटा सीएस 7 (अंडर-18) टेनिस टूर्नामेंट

## मुंबई और दिल्ली मैच में रोहित व राहुल पर होगी निगाह

नयी दिल्ली। खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा रविवार को यहां मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मैच में स्पिनरों की कड़ी चुनौती से पार पाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खुद को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास करेंगे। रोहित जहां रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं वहीं मुंबई की टीम को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो दिल्ली के कुशल बल्लेबाज के एल राहुल के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। दिल्ली की टीम ने टूर्नामेंट के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन किया है और इसलिए वह इस मैच में जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। दिल्ली की टीम की निगाह लगातार पांचवीं जीत हासिल करने पर होगी जबकि हार्दिक पंड्या के नेतृत्व वाली मुंबई की टीम छह मैच में पांचवीं हार से बचने की कोशिश करेगी। आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में एक हार से लय गड़बड़ा सकती है और मुंबई इंडियंस तो पिछले साल से चले आ रहे खराब प्रदर्शन में सुधार नहीं कर पाई है। पिछले साल उसकी टीम अंतिम स्थान पर रही थी। मुंबई के लिए रोहित की फॉर्म चिंता का विषय है जो अभी तक चार मैच में केवल 38 रन बना पाए हैं। दिल्ली के खिलाफ उन्हें अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे मंझे हुए स्पिनरों के अलावा अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले विपराज निगम से कड़ी चुनौती मिलना सुनिश्चित है।

## राजस्थान व आरसीबी आज होंगे आमने-सामने

एजेंसी







जयपुर। राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीमें रविवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में जीत की राह पर लौटने के इरादे से मैदान पर उतरेगी तो सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट और विराट कोहली के सामने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कड़ी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों टीमें को पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि राजस्थान को गुजरात टाइटन्स के हाथों 58 रन से करारी हार मिली।

आरसीबी पांच मैचों में तीन जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है जबकि राजस्थान इतने ही मैचों में दो जीत के साथ सातवें पायदान पर है। आईपीएल के इस सत्र के शुरुआती मैच में इस लीग में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बने आर्चर ने लय में वापसी कर ली है। उनकी तेज रफ्तार गेंदें पिछले दो मैचों से कहर बरपा रहीं हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्होंने 25 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें शानदार लय में चल रहे कप्तान श्रेयस अय्यर को 148.6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार वाली गेंद पर बोल्ड करना शामिल है। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 152.3 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद डाली थी जबकि 147.7 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार वाली इनस्विंगर पर गुजरात के कप्तान शुभमन गिल को चकमा देकर पवेलियन भेजने में सफल रहे थे। आर्चर के सामने रविवार को कोहली (186 रन) और इंग्लैंड टीम के साथी खिलाड़ी सॉल्ट (143) की आक्रामक जोड़ी को रोकने की चुनौती होगी।

यह जोड़ी कुछ ही ओवरों में मैच को प्रतिद्वंद्वी टीम की पकड़ से दूर करने की क्षमता रखती है। आर्चर के अलावा राजस्थान के लिए गेंदबाजी में सिर्फ संदीप शर्मा ही प्रभावित कर सके हैं। आरसीबी के बल्लेबाज टीम की इस खामी का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। ऐसे में टीम को श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और महीश तीक्षणा की स्पिन जोड़ी से बीच के ओवरों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## हार स्वीकार करने की जरूरत नहीं : माइकल

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार पांचवें मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने अपने खिलाड़ियों का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि अभी हार स्वीकार करने की कोई जरूरत नहीं है और पांच बार के चैंपियन के पास सही खिलाड़ी हैं। चेन्नई को अपने घरेलू मैदान चेपॉक में नौ विकेट पर 103 रन का अपना अब तक का सबसे कम स्कोर बनाने के बाद शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स से आठ विकेट की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। हसी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मेरा अब भी मानना है कि हमारे पास सही खिलाड़ी हैं। हमें बस उन्हें कुछ आत्मविश्वास और निरंतरता हासिल करने में मदद करनी है। इसके बाद हम सही राह पर आगे बढ़ सकते हैं फिर चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी या फिर क्षेत्ररक्षण। उन्होंने कहा हमारे खेल की शैली के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। लेकिन हमारे पास जो खिलाड़ी हैं, हम उनसे बिल्कुल अलग तरीके से खेलने के लिए नहीं कहना चाहते हैं।

# पंजाब ने हैदराबाद को दिया 246 रन का लक्ष्य

एजेंसी



हैदराबाद। पंजाब किंग्स ने आईपीएल के 27वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 246 रन का टारगेट दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में पंजाब ने बैटिंग चुनी और 6 विकेट खोकर 245 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने 82 रन बनाए। हैदराबाद से हर्षल पटेल ने 4 विकेट लिए। आखिरी ओवर में मार्कस स्टोयनिस ने मोहम्मद शमी के खिलाफ लगातार 4 छक्के लगाए और टीम का स्कोर 245 तक पहुंचाया।

स्टोयनिस ने 11 गेंद पर 34 रन बनाए। प्रभसिमरन सिंह ने 42 और प्रियांश आर्या ने 36 रन बनाए। हैदराबाद से 2 विकेट ईशान मलिंगा को भी मिले। पंजाब किंग्स ने 20वें ओवर में 27 रन बनाए। मार्कस स्टोयनिस ने मोहम्मद शमी के खिलाफ आखिरी 4 गेंदों पर 4 छक्के लगाए। उनकी पारी की मदद से पंजाब ने 20 ओवर में 245 रन का स्कोर बना दिया। हर्षल पटेल ने 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर अपना चौथा विकेट लिया। उन्होंने श्रेयस अय्यर को कैच कराया। श्रेयस ने 36 गेंद पर 82 रन की पारी खेली। 18वें ओवर की पहली गेंद पर हर्षल पटेल ने ग्लेन मैक्सवेल को बोल्ड किया। मैक्सवेल 7 गेंद पर 3 रन ही बना सके। पंजाब ने 15वें ओवर में चौथा विकेट भी गंवा दिया। हर्षल पटेल ने ओवर की पहली गेंद पर शशांक सिंह को छइह किया। शशांक ने 2 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने 14वें ओवर में तीसरा विकेट गंवाया।

ईशान मलिंगा ने तीसरी गेंद पर नेहल वाधेरा को छइह किया। वाधेरा ने 22 गेंद पर 27 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने 22 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 13वें ओवर की तीसरी गेंद पर शमी के खिलाफ चौका लगाया और अपनी हाफ सेंचुरी पूरी की। पंजाब किंग्स ने 13वें ओवर में 150 रन पूरे कर लिए। नेहल वाधेरा ने मोहम्मद शमी के खिलाफ ओवर की दूसरी बॉल पर सिंगल लिया। इसी के साथ के 150 रन कम्प्लीट हो गए। पंजाब किंग्स ने 9वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए। नेहल वाधेरा ने ओवर की पहली गेंद पर ईशान मलिंगा के खिलाफ सिंगल लिया। इसी के साथ टीम ने सेंचुरी पूरी कर ली। पंजाब किंग्स ने 7वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया।

ईशान मलिंगा ने ओवर की पांचवीं बॉल पर प्रभसिमरन सिंह को कैच कराया। प्रभसिमरन ने 23 गेंद पर 42 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब किंग्स ने पावरप्ले में तेज शुरूआत की। टीम ने 6 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 89 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

# एएफसी 2031 की एआईएफएफ की दावेदारी का किया समर्थन




एजेंसी

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी करने की भारत की इच्छा के लिए सरकार का पूरा समर्थन देते हुए शनिवार को कहा कि प्रमुख प्रतियोगिताओं की मेजबानी से देश का वैश्विक कद बढ़ेगा जिसका लक्ष्य 2036 ओलंपिक का आयोजन करना है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने 31 मार्च की समय सीमा से पहले महाद्वीप के सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट के 2031 सत्र की मेजबानी के लिए इच्छा पत्र सौंपा है जिसकी घोषणा शुक्रवार को की गई। एआईएफएफ की विज्ञप्ति में मांडविया ने कहा प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी का देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र और बुनियादी ढांचे पर गहरा और स्थायी प्रभाव पड़ता है।

खेल भारत के बढ़ते वैश्विक कद का एक शक्तिशाली प्रमाण बन सकते हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दूरदर्शी बोली का नेतृत्व कर रहे हैं। एक बार फिर राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करने की भारत की आकांक्षा भी गति पकड़ रही है। सरकार का समर्थन जताते हुए मांडविया ने कहा कि देश भर में फुटबॉल की अपार लोकप्रियता को देखते हुए यह स्वाभाविक है कि हम एएफसी एशियाई कप की मेजबानी करने के अवसर की तलाश कर रहे हैं। मांडविया ने कहा सरकार एशिया के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट को भारत में लाने के अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के प्रयास को अपना पुरजोर समर्थन देती है।

अगर हम सफल होते हैं तो मुझे पूरा विश्वास है कि फुटबॉल को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पाने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे फुटबॉल के दिग्गज एशियाई देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। इंडोनेशिया और कुवैत ने भी इच्छा पत्र जमा कर दिया है जबकि किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने संयुक्त बोली लगाई है। कुआलालंपुर में एएफसी की 35वीं कांग्रेस के लिए गए एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी की हमारी इच्छा में सरकार के मजबूत समर्थन से एआईएफएफ खुश है। एशियाई कप एशिया का सबसे बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट है और एक राष्ट्र के रूप में भारत के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह ना केवल एशिया बल्कि बाकी दुनिया को दिखाए कि हमारे पास क्या है। इस महीने के अंत में एक बोली कार्यशाला आयोजित की जानी है। इसके बाद 2026 में एएफसी कांग्रेस द्वारा 24 टीम की प्रतियोगिता के लिए मेजबान के चयन से पहले एएफसी प्रशासन द्वारा बोलियों का समग्र मूल्यांकन किया जाएगा। भारत ने कभी भी इस टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं की है जो महाद्वीप के विश्व कप के समकक्ष है। भारत ने 2023 और 2027 के टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए बोलियां सौंपी थी जब प्रफुल्ल पटेल एआईएफएफ अध्यक्ष थे। एआईएफएफ ने 2023 की बोली को 2018 में वापस ले लिया था और 2027 टूर्नामेंट के मामले में भी यही हुआ। दिसंबर 2022 में कल्याण चौबे के एआईएफएफ अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ महीने बाद भारत ने 2027 एएफसी एशियाई कप के आयोजन के लिए अपनी बोली वापस ले ली। भारत ने उस समय यह घोषणा की कि बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करना इस समय उसकी रणनीतिक प्राथमिकताओं में से नहीं है। आईएफएफ के फैसले ने सऊदी अरब को 2027 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए एकमात्र दावेदार बना दिया था जो महाद्वीप की इस शीर्ष प्रतियोगिता का 19वां सत्र होगा।

**फीफा प्रमुख इन्फेंटिनो ने फुटबॉल के विकास में अधिक टूर्नामेंटों के प्रभाव की प्रशंसा की**

कुआलालंपुर। फीफा (फुटबॉल का वैश्विक संचालक) अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने शनिवार को एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) कांग्रेस को दिए एक वीडियो संदेश में दुनिया भर में फुटबॉल के विकास में विस्तारित टूर्नामेंटों के प्रभाव की प्रशंसा की। इन्फेंटिनो इस वर्ष के क्लब विश्व कप के मेजबान अमेरिका से मलेशिया के कुआलालंपुर में एकत्रित एएफसी के 46 सदस्य संघों को संबोधित किया।

इस क्लब विश्व कप का आयोजन जून और जुलाई में होगा जिसमें 32 टीमें भाग लेंगी। फीफा प्रमुख ने कहा अलग-अलग महाद्वीपों की टीमों के खिलाफ खेलने का मौका ज्यादा नहीं मिलता है। हम लंबे समय से इस तरह का बदलाव करना चाहते थे। क्लब विश्व कप में एशिया प्रतिनिधित्व चार टीम करेंगी। इसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अल-ऐन, सऊदी अरब की अल-हिलाल, दक्षिण कोरिया की उल्सान एचडी और जापान की उरावा रेड्स शामिल है। इन्फेंटिनो ने कहा, 1930 के बाद से अब तक हुए सभी फीफा विश्व कप में जितने देश खिलाड़ी शामिल हुए हैं।



